


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 141 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.8 2082 शनिवार, 16 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## पहली बार भारतीय एक्वानॉट्स समुद्र में 5,000 मीटर नीचे गए

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। शुभांशु शुक्ला के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचने के लगभग एक महीने बाद दो भारतीय एक्वानॉट्स ने समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई तक जाने का रिकॉर्ड बनाया।

फ्रांस के साथ जॉइंट मिशन में भारतीय एक्वानॉट्स ने 5 और 6 अगस्त को फ्रांसीसी पनडुब्बी 'नॉटाइल' के जरिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में डीप डाइव सफलतापूर्वक पूरी की। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी के साइंटिस्ट राजू रमेश 5 अगस्त को पुर्तगाली तट के पास होर्टा में 4,025 मीटर नीचे उतरे। वहीं 6 अगस्त को भारतीय नौसेना के कमांडर जतिंदर पाल सिंह (रिटायर्ड) ने 5,002 मीटर की गहराई तक गोता लगाया।

# 'मोदी दीवार की तरह खड़ा है'

## किसानों के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेंगे, मोदी का ट्रंप को संदेश



## 'दाम कम पर दम ज्यादा, ये हम सभी का मंत्र होना चाहिए'

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ अगले दौर की वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए दीवार की तरह खड़े रहेंगे। भारत उनके हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका, दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) में कृषि और डेयरी क्षेत्रों में भारत से शुल्क में रियायत की मांग कर रहा है। अमेरिका ने भारत पर भारी टैरिफ लगाए हैं। ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। बढ़ा हुआ टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। वर्तमान में अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ हैं।

अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप की ओर दी जा रही टैरिफ की धमकियों और व्यापार समझौते को लेकर दबाव की रणनीति के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का रुख साफ कर दिया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने अपने संबोधन में दो टूक शब्दों में कहा कि हम खेती के मामले में वे जिले जो दूसरों से पीछे रह गए, जहां खेती अपेक्षाकृत कम है। इसके लिए हमने पीएम धनधान्य कृषि योजना को आरंभ किया है। हमने ऐसे 100 जिलों की पहचान की है, जहां खेती कमजोर है। इस योजना के जरिए हम उन 100 जिलों में खेती को बेहतर कराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के मछुआरे, पशुपालकों से जुड़ी कोई भी अहितकारक नीति के आगे मोदी दीवार बनकर खड़ा है। भारत अपने किसानों अपने पशुपालकों और अपने मछुआरों के संबंध में कभी भी कोई समझौता स्वीकार नहीं करेगा।

लाल किले की प्राचीर से दिए गए अपने 103 मिनट के स्वतंत्रता दिवस भाषण में पीएम मोदी ने ट्रंप के टैरिफ का कोई सीधा जिक्र नहीं किया, लेकिन इशारों-इशारों में उन्होंने साफ किया कि भारत किसी के सामने भी अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। 7 अगस्त को भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित एक संदेश में मोदी ने कहा था कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो वह व्यक्तिगत रूप से बड़ी कीमत चुकाने को तैयार है।

प्रस्तावित बीटीए में अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों पर कम टैरिफ और अमेरिकी डेयरी उत्पादों की पहुंच बढ़ाने की मांग कर रहा है। हालांकि, नई दिल्ली इन मांगों का कड़ा विरोध कर रही है, क्योंकि इससे छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका प्रभावित होती है।

### ✻ टैरिफ वॉर के बीच पीएम मोदी का बड़ा बयान

प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले से दिए संबोधन में विज्ञान, तकनीक की अहमियत पर भी बात की। युवाओं को प्रेरित करते हुए प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला का जिक्र किया। साथ ही देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों से फाइटर जेट्स के इंजन बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने नवाचार पर फोकस करने और लघु और मध्यम उद्योगों पर बात की।

पीएम मोदी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला कुछ दिनों में भारत आ रहे हैं। हम मिशन गगनयान पर तेजी से काम कर रहे हैं। हम अपने स्पेस स्टेशन को बनाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। मेरे देश के 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स सिर्फ स्पेस के सेक्टर में काम कर रहे हैं। ये है देश के नौजवानों की ताकत और देश का उन पर विश्वास। 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तब विकसित भारत के संकल्प को परिपूर्ण के लिए हम तेजी से जुटे हैं।

### पहली बार आरएसएस की तारीफ की

## दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का जिक्र किया। उन्होंने 79वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में कहा- आज गर्व के साथ मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि 100 साल पहले एक संगठन आरएसएस का जन्म हुआ। 100 साल की राष्ट्र सेवा गौरवपूर्ण है। आरएसएस ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर 100 साल मां भारती के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। सेवा, समर्पण, संगठन और अप्रतिम अनुशासन जिसकी पहचान रही है, ऐसा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में आरएसएस का जिक्र मोहन भागवत को खुश करने के लिए किया, क्योंकि मोदी अब पूरी तरह उनके भरोसे हैं।

सितंबर के बाद जब वे 75 साल के हो जाएंगे, तो पद पर बने रहे के लिए मोहन भागवत की मदद पर निर्भर हैं। पीएम मोदी 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। विपक्ष के कई नेता 2024 के चुनाव से पहले और बाद में उनके 75 की उम्र पूरी करते ही रिटायर होने के चर्चा कर चुके हैं। मई, 2024 में अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अगर भाजपा लोकसभा चुनाव जीत गई तो मोदी अगले साल तक ही प्रधानमंत्री रहेंगे। पीएम मोदी ने खुद यह नियम (75 साल की उम्र में रिटायरमेंट) बनाया है। दरअसल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू। पहली बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में इससे कम उम्र के नेताओं को ही जगह दी थी।

लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया। 2016 में जब गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल ने इस्तीफा दिया तो उस समय उनकी उम्र भी 75 साल थी। उसी साल नजमा हेपतुल्लाह ने भी मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दिया, जिनकी उम्र 76 साल थी।

## पुतिन ने राष्ट्रपति मुर्मू-पीएम मोदी को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

### ✻ कहा-भारत का पूरी दुनिया में सम्मान

मास्को, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी।

उन्होंने अपने संदेश में भारत की तारीफ करते हुए लिखा कि भारत ने सामाजिक-आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी समेत कई क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त सफलताएं हासिल की हैं। रूसी राष्ट्रपति ने आगे लिखा कि भारत का पूरी दुनिया में सम्मान है और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भेजे संदेश में कहा, भारत ने सामाजिक-आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और अन्य क्षेत्रों में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त सफलताएं हासिल की हैं।

आपके देश को वैश्विक मंच पर उचित सम्मान प्राप्त है और अंतर्राष्ट्रीय एजेंडे के तहत आने वाले प्रमुख मुद्दों के समाधान में भारत सक्रिय रूप से योगदान देता है। उन्होंने आगे लिखा, हम भारत के साथ अपनी विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को अत्यधिक महत्व देते हैं। मुझे विश्वास है कि, हमारे संयुक्त प्रयासों के माध्यम से, हम विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाते रहेंगे।

## पीएम मोदी ने तोड़ा सबसे लंबे भाषण का अपना ही रिकॉर्ड




नई दिल्ली. 15 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 12वीं बार लाल किले से देश को संबोधित किया। इस साल पीएम मोदी ने करीब 103 मिनट लंबा भाषण दिया, जो कि इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया सबसे लंबा भाषण है। पिछले साल भी पीएम मोदी ने 98 मिनट का भाषण देकर नया रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने 86 मिनट का भाषण देकर उन्होने देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू के सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड तोड़ा था। प्रधानमंत्री मोदी अब तक कुल 11 बार लाल किले से देश को संबोधित कर चुके हैं। केवल एक बार उन्होंने देश को एक घंटे से कम समय के लिए संबोधित किया। 2017 के स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का भाषण केवल 56 मिनट का रहा था। ये उनका अब तक का सबसे छोटा भाषण है।

# 'सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट बराबर'

### सीजेआई बोले-दोनों में कोई छोटा-बड़ा नहीं, जजों की नियुक्ति पर कही ये बात

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने साफ कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट दोनों ही संवैधानिक अदालतें हैं और इनमें कोई छोटा या बड़ा नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का कोलेजियम हाईकोर्ट के कोलेजियम को किसी खास नाम की सिफारिश करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। जजों की नियुक्ति पर यह बयान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में दिया।

सीजेआई गवई ने कहा कि संविधान के ढांचे में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट दोनों बराबर हैं। कोई भी अदालत दूसरी से श्रेष्ठ या हीन नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जजों की नियुक्ति में पहला फैसला



हाईकोर्ट कोलेजियम लेता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ नामों की सिफारिश कर सकता है और उनकी योग्यता पर विचार करने की अपील कर सकता है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना के कार्यकाल में एक नई परंपरा शुरू की थी, जिसमें जज बनने के इच्छुक उम्मीदवारों से व्यक्तिगत बातचीत की जाती है। यह प्रक्रिया 10 से 30 मिनट तक चलती है और इससे उम्मीदवार की समाज में योगदान देने की क्षमता का आकलन करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने झारखंड के संथाल विद्रोह, बिरसा मुंडा, ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले, रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और मौलाना आजाद जैसे नेताओं के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सिर्फ राजनीतिक आंदोलन नहीं था, बल्कि एक नैतिक और कानूनी संघर्ष भी था, जिसमें कई वकीलों ने अहम भूमिका निभाई। सीजेआई गवई ने कहा कि कोई भी मामला छोटा नहीं होता। जो विवाद किसी को मामूली लगे, वह किसी अन्य के लिए जीवन, गरिमा या अस्तित्व का सवाल हो सकता है।

## पश्चिम बंगाल के बर्धमान में बस हादसा : 10 यात्रियों की मौत हुई

बर्धमान, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के बर्धमान में दर्दनाक सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 35 लोग घायल हैं। सभी घायलों को बर्धमान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्वी बर्धमान के पुलिस अधीक्षक संयुक्त दास ने इसकी पुष्टि की है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ, जब यात्रियों से भरी हुई एक बस रास्ते में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। गंगा सागर में स्नान करके यात्री लौट रहे थे।

बस दुर्गापुर की ओर जा रही थी। यह दुर्घटना पूर्वी बर्धमान में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर नाला फेरी घाट पर हुई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को भी सूचना दी गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना की खबर मिलने पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्क बनर्जी और जिलाधिकारी आयशा रानी अस्पताल पहुंचे। इस बीच, पूर्वी बर्धमान के पुलिस अधीक्षक सायक दास ने बताया कि यह बस किसी तीर्थ यात्रा पर जा रही थी। इसी दौरान, रास्ते में बस का ट्रक के साथ एक्सीडेंट हुआ। पुलिस अधिकारी ने पुष्टि करते हुए कहा कि भीषण बस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हुई है। 35 लोग घायल हुए। कुछ लोगों की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है।

## कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण पर अवैध खनन किए गए लौह अयस्क के निर्यात का आरोप

### > छापेमारी में मिला कैश और सोना

बेंगलुरु, 15 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने करवार (उत्तर कन्नड़), कर्नाटक कांग्रेस के विधायक सतीश कृष्ण सेल और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की है।


ईडी के बेंगलूरू जोनल कार्यालय ने 13 और 14 अगस्त को गोवा, मुंबई और नई दिल्ली में कई स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत यह रेड की है। सतीश कृष्ण सैल पर अवैध रूप से खनन किए गए लौह अयस्क के निर्यात का आरोप है।

इस लोह अयस्क को वन विभाग ने कर्नाटक के कारवार में बेलेकेरी बंदरगाह पर जब्त किया था। इससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा है। यह मामला कर्नाटक लोकायुक्त द्वारा 2010 में की गई जांच के बाद सामने आया था। विशेष अदालत ने बेलेकेरी बंदरगाह के माध्यम से लौह अयस्क के अवैध निर्यात से संबंधित मामलों में सैल को दोषी पाया था। ईडी के मुताबिक, यह छापेमारी सतीश कृष्ण सेल उर्फ सतीश सेल और अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं यानी मेसर्स आशापुरा माइनकेम लिमिटेड, मेसर्स श्री लाल महल लिमिटेड, मेसर्स स्वास्तिक स्टील्स (होसपेट) प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स आईएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मेसर्स श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर मिनरल्स लिमिटेड के खिलाफ चल रही जांच का हिस्सा है।




# 'धर्मस्थल षड्यंत्र का सच जल्द आएगा सामने'

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का बड़ा दावा



बेंगलूरू, 15 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि धर्मस्थल की छवि को खराब करने के कथित षड्यंत्र का सच चल रही जांच के जरिए सामने आ जाएगा।

उन्होंने साफ किया कि अगर धर्मस्थल 'मास बरीअल' केस में लगाए गए आरोप झूठे साबित होते हैं तो कानून के तहत सख्त कार्रवाई होगी। इस मामले में राज्य सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है, जो पिछले दो दशकों से धर्मस्थल में कथित सामूहिक हत्या, यौन शोषण और सामूहिक दफन के आरोपों की जांच कर रहा है। शिकायतकर्ता (जो पहले सफाई कर्मचारी रह चुके हैं) ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि 1995 से 2014 के बीच उन्हें महिलाओं और नाबालिगों समेत शवों को उठाने के लिए मजबूर किया गया। कई शवों पर यौन शोषण के निशान थे। शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए नेट्रवती नदी के किनारे कई स्थानों पर एसआईटी खुदाई कर रही है, जहां से अब तक दो जगहों से कंकाल के अवशेष मिले हैं। शिवकुमार ने कहा कि वह न तो धर्मस्थल के पक्ष में हैं, न खिलाफ, लेकिन जांच पूरी तरह कानून के मुताबिक होगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने धर्मस्थल में भक्ति और आस्था को नजदीक से देखा है और व्यक्तिगत रूप से मानते हैं कि यह षड्यंत्र उजागर होगा।

उन्होंने कहा कि गृह मंत्री जी. परमेश्वर सोमवार को विधानसभा में इस मुद्दे पर सच सामने रखेंगे। सीएम सिद्धारमैया ने भी कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कहा कि किसी भी धार्मिक स्थान या व्यक्ति पर झूठे आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए।


## भाजपा अनैतिकता की किसी भी हद तक जा सकती है : खड़गे

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा किसी भी हद तक अनैतिक कदम उठा सकती है। खड़गे ने दावा किया कि देशभर में चुनाव से जुड़े बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर प्रक्रिया को उदाहरण देते हुए कहा कि इसमें विपक्ष के वोट खुलेआम काटे जा रहे हैं और जो लोग जीवित हैं उन्हें मृत घोषित किया जा रहा है।

खड़गे ने कहा कि भाजपा को 65 लाख लोगों के वोट काटने पर कोई आपत्ति नहीं है। इससे साफ है कि इस प्रक्रिया से किसे फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि यह केवल चुनाव जीतने की लड़ाई नहीं है बल्कि भारत के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की जंग है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग यह बताने को तैयार नहीं है कि किनके वोट काटे जा रहे हैं और किस आधार पर।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

# 'आजादी को जिंदा रखने के लिए हमें त्याग करना होगा'



भुवनेश्वर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ओडिशा में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीयों को आजादी के प्रति लापरवाह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी को जिंदा रखने के लिए हमें कड़ी मेहनत और त्याग करने की जरूरत है। संघ प्रमुख ने साथ ही कहा कि विश्व की समृद्धि और शांति में भी हमें योगदान देना होगा।

**विश्व गुरु बनने के लिए त्याग की जरूरत :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भुवनेश्वर स्थित आरएसएस कार्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि एक स्वतंत्र भारत का पूरे विश्व के प्रति भी कर्तव्य है। दुनिया 2,000 वर्षों से असंख्य समस्याओं का सामना कर रही है और उनसे पार पाने में असमर्थ है। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वजों ने सर्वोच्च बलिदान देकर भारत की आजादी सुनिश्चित की। हमें भी उनकी तरह मेहनती होने की जरूरत है और इसे जिंदा रखने, देश को आत्मविश्वासी बनाने और विवादों में उलझे विश्व का मार्गदर्शन कर विश्व गुरु बनने के लिए वैसा ही त्याग करने की जरूरत है। भागवत ने कहा, हमें आजादी इसलिए मिली ताकि सुनिश्चित कर सकें कि हमारे देश में हर कोई सुख, साहस, सुरक्षा, शांति और सम्मान से रह सके। हालांकि, दुनिया मुश्किल समय से गुजर रही है और ये हमारा कर्तव्य है कि हम विश्व को समाधान दें और धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित अपने दृष्टिकोण से सुख और शांति से भरी एक नई दुनिया का निर्माण करें। भागवत ने कहा, हमें आजादी इसलिए मिली ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे देश में हर कोई सुख, साहस, सुरक्षा, शांति और सम्मान से रह सके। हालांकि, दुनिया मुश्किल समय से गुजर रही है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम विश्व को समाधान दें और धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित अपने दृष्टिकोण से सुख और शांति से भरी एक नई दुनिया का निर्माण करें। भागवत ने कहा कि दुनिया भर में पर्यावरण संबंधी मुद्दे और संघर्ष चल रहे हैं। ऐसे में हमें दुनिया का मार्गदर्शन करना चाहिए।

**कई देश भारत की तरक्की से खुश नहीं :** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने कहा, दुनिया में हर कोई भारत को मजबूत नहीं देखना चाहता। हमें दोस्ती अर्जित करनी होगी, लेकिन आज कई शक्तियां भारत की तरक्की से खुश नहीं हैं। कुछ लोग इसलिए खुश हैं क्योंकि उनका मानना है कि अगर भारत आगे बढ़ता है, तो इससे उन्हें फायदा होगा। लेकिन कुछ शक्तियां भारत को दबाने और कुचलने की कोशिश करती हैं।

# सीएम स्टालिन ने राज्यपाल के समारोह का किया बहिष्कार

## राज्य विरोधी' रवैये का लगाया आरोप



चेन्नई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि के स्वतंत्रता दिवस के पारंपरिक एट होम स्वागत समारोह का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। यह राज्य सरकार और राजभवन के बीच टकराव का नया और बड़ा चरण माना जा रहा है। राज्य सरकार ने इस बहिष्कार की वजह राज्यपाल के 'तमिलनाडु विरोधी कृत्यों' को बताया है।

इसके साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुदी भी दो विश्वविद्यालयों के आगामी दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं होंगे। डीएमके इसे राज्य सरकार के अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश के खिलाफ एक मजबूत संदेश के रूप में पेश कर रही है। इस विवाद का मुख्य कारण राज्यपाल का वह फैसला है, जिसमें उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एम। करुणानिधि के सम्मान में 'कलाईंगर यूनिवर्सिटी' स्थापित करने वाले विधानसभा से पारित विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया। डीएमके का आरोप है कि यह कदम जानबूझकर मंजूरी में देरी करने और राज्य की विधायी शक्तियों को कमजोर करने की कोशिश है। यह मुद्दा ऐसे समय पर उठा है, जब पहले भी कई विधेयकों को राज्यपाल ने लंबित रखा था, जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था। अदालत ने इन विधेयकों को 'मंजूर' मानते हुए साफ कहा था कि राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास ऐसे मामलों में कोई विवेकाधिकार नहीं है, और अधिकतम तीन महीने में फैसला करना होगा।

### राज्यपाल के भाषण से बढ़ा विवाद

ताजा विवाद राज्यपाल रवि के स्वतंत्रता दिवस भाषण से भड़का। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जमकर तारीफ की, लेकिन राज्य सरकार या मुख्यमंत्री स्टालिन के कार्यों का कोई सकारात्मक जिक्र नहीं किया। अपने संबोधन में उन्होंने तमिलनाडु में 'गंभीर चुनौतियों' का जिक्र करते हुए गरीबों के खिलाफ शैक्षणिक और सामाजिक भेदभाव, राष्ट्रीय औसत से दोगुनी आत्महत्या दर, युवाओं में नशीले पदार्थों की बढ़ती लत और महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों में वृद्धि जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने इन मामलों में सत्ता से जुड़े लोगों के संरक्षण का भी आरोप लगाया।

### डीएमके का पलटवार

राज्य के स्थानीय प्रशासन मंत्री केएन नेहरू ने राज्यपाल पर नागपुर के 'एजेंट' के रूप में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि वे बिना सबूत के राज्य की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसा कि राज्यपाल का बयान पढ़कर तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी हंस पड़ेंगे। नेहरू ने दावा किया कि तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था 11.19% की दर से बढ़ रही है और शिक्षा, लैंगिक समानता और उद्यमिता में राज्य अग्रणी है। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी आरोप लगाया कि वह आपदा राहत और शिक्षा फंडिंग की वैध मांगों को नजरअंदाज कर रही है, जबकि 'आर्यन थोपने' जैसी नीतियां लागू कर रही है।

### राजनीतिक टकराव का नया मोर्चा

यह विवाद ऐसे समय आया है जब हाल ही में एक पीएचडी स्कॉलर ने राज्यपाल से अपना डिग्री प्रमाणपत्र लेने से इनकार कर दिया था। डीएमके का मानना है कि राज्यपाल एक संवैधानिक प्रमुख के बजाय राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की तरह व्यवहार कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में डीएमके और उसके सहयोगी दलों के बहिष्कार ने इस टकराव को और खुला बना दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला अब राज्य बनाम राजभवन की बड़ी लड़ाई का रूप ले चुका है, जिसका असर आने वाले समय में और बढ़ सकता है।

# जम्मू-कश्मीर में सीएम ने 8 साल बाद फहराया तिरंगा



जम्मू, 15 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर में 8 साल बाद किसी निर्वाचित मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में झंडा फहराया गया। सीएम उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद वह स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करने वाले पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री बन गए। इससे पहले 2017 में पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने राज्य में स्वतंत्रता समारोह की अध्यक्षता अंतिम मुख्यमंत्री थी। 2018 में बीजेपी ने पीडीपी से समर्थन वापस ले लिया, जिससे गठबंधन सरकार गिर गई और जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लग गया। इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अब्दुल्ला ने बख्शी स्टेडियम में तिरंगा फहराया। परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियों का निरीक्षण करने से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में उन्होंने जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों और स्कूली बच्चों की विभिन्न टुकड़ियों के मंच से मार्च करते हुए सलामी ली।

अब्दुल्ला के कैबिनेट सहयोगियों ने राज्य के अन्य महत्वपूर्ण जिला मुख्यालयों में स्वतंत्रता दिवस समारोहों की अध्यक्षता की। सीएम ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य आकर्षणों में से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम को इस वर्ष किश्तवाड़ में आई बाढ़ में मारे गए लोगों के सम्मान में रद्द कर दिया था।

### 2018 से कौन फहरा रहा तिरंगा?

महबूबा मुफ्ती की सरकार गिरने के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो गया था। 2018 और 2019 में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस समारोहों में राज्यपाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जबकि 2020 से 2024 तक इन समारोहों में उपराज्यपाल ने ध्वजारोहण किया था। बता दें कि अगस्त 2019 में जब अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित राज्यों में बदला गया, तब तक वहां कोई निर्वाचित सरकार नहीं थी और राज्य का प्रशासन केंद्र सरकार या राज्यपाल के जरिए चल रहा था। अनुच्छेद 370 हटने के बाद पिछले साल के अंत में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए और उमर अब्दुल्ला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बने।

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बिहार सरकार का तोहफा

## पीटी प्रतियोगी परीक्षा का शुल्क सिर्फ 100 रुपये



पटना, 15 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के युवाओं को डबल गिफ्ट दिया है। उन्होंने राज्य में आयोजित सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं का आवेदन शुल्क घटाकर मात्र 100 रुपये कर दिया है, साथ ही मेन्स एग्जाम का शुल्क भी माफ कर दिया गया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की। उन्होंने अपने एक्स पर कहा, राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने तथा उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए सरकार ने कई ठोस कदम उठाए हैं।

इसी दिशा में अब एक और निर्णय लिया गया है। राज्यस्तरीय सरकारी नौकरी हेतु सभी आयोगों बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी), बिहार कर्मचारी चयन आयोग (बीपीएससी), बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी), बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएससी), केन्द्रीय सिपाही चयन परिषद (सीसीएसबी) आदि द्वारा आयोजित प्रारंभिक (पीटी) प्रतियोगी परीक्षाओं के शुल्क में एकरूपता लाकर अभ्यर्थियों को बड़ी छूट देने का निर्णय लिया गया है।

# पूजा पाल के निष्कासन पर बोलीं सपा विधायक रागिनी सोनकर

## पूछा- कौन हैं, किस पार्टी की विधायक हैं?





लखनऊ, 15 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी से निष्कासित पूजा पाल पर सपा विधायक रागिनी सोनकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वो जिस समाजवादी पार्टी के भरोसे चुनाव जीतकर आईं थीं, उसी पार्टी को उन्होंने धोखा दिया है। उन्होंने पूजा पाल के खिलाफ लिए गए एक्शन पर पार्टी का समर्थन किया। रागिनी सोनकर से जब पूजा पाल पर हुई कार्रवाई को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने तंज भरे लहजे में पूछा कौन पूजा पाल? पूजा पाल किस पार्टी में है? अच्छा हुआ आपने ये बताया।। क्योंकि मुझे ये पता नहीं था। जनता भी इस वजह से रोष में है। सपा विधायक ने कहा कि वो सपा के भरोसे चुनाव जीत कर आईं थीं।

जब समय जनता और समाजवादी पार्टी को भरोसा था कि वो हमारे सदस्य को चुनकर आगे भेजेंगी तो उन्होंने उस समय पार्टी को धोखा दिया। आगे जो प्रक्रिया हो रही है वो तो पार्टी अपने हिसाब से एक्शन लेती है। पूजा पाल पर निशाना साधते हुए सोनकर ने कहा कि जिस समय उन्होंने गलत वोट दिया तब पार्टी नहीं नाराज हुई और एक बयान से पार्टी नाराज हो गई। ये बनावटी बातें हैं यहां महिला और पुरुष की कोई बात नही हैं जो गलत है वो गलत है जो सही है वो सही है।

# सुबह चलती बस अचानक बनी आग का गोला, मिनटों में जलकर हो गई खाक

लातूर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के लातूर जिले के औसा शहर में एक चलती यात्रियों से भरी बस में अचानक भीषण आग लग गई। इससे बस धू-धूकर जल उठी और गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत ये रही कि समय रहते सभी यात्रियों, ड्राइवर और हेल्पर को बाहर निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही औसा नगर निगम और पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। यह हादसा औसा शहर के हाश्मी चौक के मुख्यमार्ग पर हुआ। मामला औसा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, लोटस ट्रेवल्स की बस पुणे से रात 10 बजे लातूर जाने के लिए निकली थी। बस में 40 से 45 यात्री सवार थे। 15 अगस्त की सुबह 9 बजे के करीब ये बस औसा के हाश्मी चौक पर पहुंची थी तभी टायर फट गया और आग लग गई। ड्राइवर ने आनन-फानन में बस को रोका। इसके बाद सभी यात्री, ड्राइवर और कंडक्टर बस से बाहर निकले। इधर बस से सभी यात्री बाहर निकले ही थे कि आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में आग की बड़ी-बड़ी लपटें दिखाई देने लगीं। सभी यात्री, ड्राइवर और कंडक्टर जलती हुई बस से दूर हो गए। लोगों ने औसा नगर निगम और थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। औसा फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई है, फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। बीच सड़क पर बस में आग लगने से यातायात भी बाधित हो गया। करीब 1 घंटे तक यातायात बाधित रहने के बाद सुबह 10 बजे पुलिस ने दोबारा आवागमन शुरू करवाया है। बस महाराष्ट्र के लोटस ट्रैवल्स की है। बस के मालिक को घटना की सूचना दे दी गई है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# अब तक 60 की मौत

## किश्तवाड़ में बादल फटने से हाहाकार, हजारों लोगों को बचाने में जुटी सेना





जम्मू, 15 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के अंतर्गत किश्तवाड़ के गांव चिसौती में बादल फटने की घटना से अब तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दी। वहीं, बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मचेल गांव में हजारों लोग अभी फंसे हुए हैं। इन्हें निकालने के लिए एडीआरएफ और अर्धसैनिक बल के जवान जुटे हुए हैं। बादल फटने की घटना से पुल और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसलिए थोड़ा रास्ता बनाकर उन्हें एकएक कर निकाला जा रहा है। इसके बाद लापता लोगों को खोजने के लिए ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक टीम शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के बादल फटने से प्रभावित चिसोती गांव पहुंची। इस बीच 167 लोगों को बचाया गया है। वहीं, शुक्रवार को उमर अब्दुल्ला ने बताया कि मृतकों की संख्या 60 पहुंच गई है। जबकि 100 से ज्यादा लोगों घायल अवस्था में है। किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज शर्मा ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम गांव में चल रहे अभियान में शामिल हो रही है। वे देर रात गुलाबगढ़ पहुंच गए हैं। अभियान की निगरानी कर रहे शर्मा ने कहा कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर नहीं चल सके, इसलिए टीम उधमपुर से सड़क मार्ग से आई। अधिकारियों ने बताया कि दो और टीमें रास्ते में हैं और ज्यादा नुकसान होने के कारण वे भी अभियान में शामिल होंगी।

## उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र 19 अगस्त से



*देहरादून, 15 अगस्त (एजेंसियां)।*

ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में 19 अगस्त से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने देहरादून स्थित विधानसभा भवन के सभागार में सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुलाई गई बैठक में निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के साथ ही पानी, बिजली, चिकित्सा समेत अन्य सुविधाएं भी दुरुस्त रखी जाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा सत्र ई-नेवा (नेशनल इलेक्ट्रोरल वेब एप्लीकेशन) के अंतर्गत संचालित होगा।

इस कड़ी में उन्होंने आइटीडीए को निर्देश दिए कि सत्र के दौरान इंटरनेट सेवा को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। साथ ही अपने प्रतिनिधियों की सत्र के दौरान विधानसभा भवन में उपस्थित सुनिश्चित रखने को भी कहा। उन्होंने कहा कि विधायकों की संस्तुति पर एक और मंत्रियों की संस्तुति पर दो आगंतुकों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सत्र की कार्यवाही की वेबकास्टिंग की जाएगी।

## महिला की तस्वीरें लेना स्टॉकिंग जैसा अपराध नहीं, हाई कोर्ट ने आरोपी को दी जमानत

शिमला, 15 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने एक बिजनेसमैन को अग्रिम जमानत दे दी। बिजनेसमैन पर कथित तौर पर आरोप था कि उसने एक महिला तस्वीरें लीं और वीडियो बनाएं। महिला के पति क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये तस्वीरें उन्हें धमकाने की वजह से ली गई हैं। कोर्ट ने कहा कि बीएनएस की धारा 78 के तहत ये सभी आरोप पीछा करने की परिभाषा पूरा नहीं करते हैं। इन मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस राकेश कैंथला ने कहा कि अगर आरोपी पर लगाए गए आरोप सही भी हों, तो भी तो भी आरोपी के खिलाफ पीछा करने का अपराध नहीं बनता है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय न्याय संहिता, बीएनएस की धारा 78, किसी भी ऐसे व्यक्ति को दंडित करने से संबंधित है, जो किसी महिला का पीछा करता है और उसके मना करने के बावजूद बार-बार व्यक्तिगत मेल-मिलाप बढ़ाने की कोशिश करता हो या महिला के इंटरनेट, ईमेल आदि पर नजर रखता हो। कोर्ट ने कहा, हालांकि इस मामले में ऐसा कोई आरोप नहीं है।

## श्रीनगर में बड़ा सड़क हादसा कॉलेज के पास पलटी गाड़ी नौ लोग घायल

श्रीनगर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र एचएमटी के पास आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक वाहन के पलट जाने से 9 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना टीके कॉलेज के पास घटी। एक स्थानीय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे के तुरंत बाद घायलों को पास के अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सभी घायलों को प्राथमिक चिकित्सा दी जा रही है और कुछ की हालत स्थिर बताई जा रही है। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजा रघुवंशी के घर पहुंचा नकली टीआई

इंदौर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर में ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के घर रात नकली टीआई पहुंचा। खाकी वर्दी पहने वह राजा के पिता से पूछताछ करता रहा। मां ने मोबाइल पर अपने बेटों को इस बारे में सूचना दी। जब वे घर पहुंचे तो शख्स खुद को राजा का मित्र बताने लगा। जब उससे पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह घबरा गया। इसके बाद देर रात राजेंद्र नगर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की। राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी की शिकायत पर नकली टीआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक, नकली टीआई की पहचान राजस्थान में रतनगढ़ निवासी बजरंग लाल जाट के रूप में हुई है।

## पंजाब के श्रद्धालुओं की पिकअप हिमाचल में दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

धर्मशाला, 15 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खाई में गिर गई। हादसे में पंजाब से आए चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 20 से 25 श्रद्धालु घायल हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 7:29 बजे पुलिस चौकी योल को सूचना मिली कि चामुंडा-धर्मशाला मार्ग पर इक्कू मोड़ के पास बल्ले होटल के समीप एक पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल (एक महिला व दो पुरुष) की डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस प्रकार हादसे में अब तक कुल 4 लोगों (2 पुरुष, 2 महिलाएं) की मौत हो चुकी है।

## नापाक पाक दहशत फैलाने के लिए भेज रहा चीनी ग्रेनेड, मकसद-बीकेआई के टेरर मॉड्यूल को फिर स्थापित करना

चंडीगढ़, 15 अगस्त (एजेंसियां)। देश में दहशत फैलाने के लिए पाकिस्तान अब सीमा पार से चीनी हैंड ग्रेनेड पी-86 भेज रहा है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई चीन निर्मित इस हैंड ग्रेनेड उपलब्ध करवा रही है। यह हैंड ग्रेनेड यहां सक्रिय आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के गुर्गों तक पहुंचाए जाने हैं। इसी के चलते पंजाब पुलिस और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स सतर्क हैं। पिछले दिनों इस तरह के कई चीनी हैंड ग्रेनेड पंजाब पुलिस ने विभिन्न जिलों से बरामद किए हैं। पाकिस्तान पंजाब में एक बार फिर बीकेआई के टेरर मॉड्यूल को स्थापित करना चाहता है।

## त्रिपुरा में स्वतंत्रता दिवस से पहले बड़ी साजिश नाकाम

त्रिपुरा, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस से पहले एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए दो संदिग्धों को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम गुप्त सूचना पर नॉर्थ त्रिपुरा के वांगमुन इलाके में एक वाहन को रोका गया। तलाशी में 14 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और नियो-जल विस्फोटक बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान असम के कटलिछेरा निवासी धनंजय रियांग और नॉर्थ तिरुपुरा के कास्को निवासी सादाई नंदा रियांग के रूप में हुई। मामले में पुलिस का कहना है कि दोनों त्रिपुरा यूनाइटेड नेशनल फोर्स नामक नवगठित संगठन के सदस्य हैं।

## सिलेंडर ब्लास्ट से 10 साल के बच्चे की मौत

बंगलूरू, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बंगलूरू के विल्सन गार्डन के चिन्मायनपल्या इलाके में शुक्रवार को हुए सिलेंडर ब्लास्ट में 10 साल के एक बच्चे की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि राहत और बचाव कार्य जारी है। यह घटना घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में हुई, जहां घर एक-दूसरे से सटे हुए हैं। विस्फोट इतना तेज था कि 8 से 10 मकान क्षतिग्रस्त होकर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों से बाहर निकल आए। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में सिलेंडर से गैस रिसाव को विस्फोट की वजह माना जा रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस पर

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदेशवासियों को किया संबोधित, दीं शुभकामनाएं



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारत आज अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। देशभर में आजादी का यह पर्व उत्साह और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन किया। सीएम ने कहा कि राष्ट्रभक्तों के साहस, त्याग एवं बलिदान के फलस्वरूप ही 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ। सीएम ने कहा कि आज हम जो खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह उन्हीं अमर वीरों की देन है। यह राष्ट्र सदैव उनकी ऋणी रहेगा।

## ज्ञानवापी मुकदमे में वादी स्व.

## हरिहर पांडेय की संस्तुति पर कोर्ट ने बनाया था वादमित्र, अर्जी पर विजय शंकर रस्तोगी ने दी दलील

वाराणसी, 15 अगस्त (एजेंसियां)। ज्ञानवापी में नया मंदिर बनाने और हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने को लेकर 1991 में दाखिल मुकदमे के वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी को हटाने के प्रार्थना पत्र पर पारित आदेश में संशोधन के लिए दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। इस मुकदमे के वादी रहे स्व। हरिहर पांडेय की बेटियों की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) भावना भारतीय की अदालत में वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी ने अपना पक्षा रखा। उन्होंने दलील दी है कि हरिहर पांडेय की संस्तुति पर ही अदालत ने 11 अक्टूबर 2019 में उन्हें वादमित्र नियुक्त किया था। बहस को जारी रखते हुए अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तिथि 19 अगस्त तय कर दी। हरिहर पांडेय की बेटियों मणिकुंतला तिवारी, नीलिमा मिश्रा व रेणु पांडेय द्वारा मुकदमे में पक्षकार बनाए जाने का प्रार्थना पत्र अदालत पहले ही निरस्त कर चुकी है, जिसे उन्होंने चुनौती दी है।

## सिंगूर के नर्सिंग होम में मिला नर्स का लटका शव

कोलकाता, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। बंगाल के हुगली जिले के एक नर्सिंग होम में एक नर्स का लटकता हुआ शव मिला। इस घटना ने आसपास में सनसनी फैला दी है। जानकारी होते ही मौके पर पुलिस के अधिकारी पहुंचे। पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय महिला का शव गुरुवार को सिंगूर स्थित नर्सिंग होम की तीसरी मंजिल के एक कमरे में छत से लटका मिला। इस घटना के बाद मृतका के परिवार की प्रतिक्रिया सामने आई है। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नर्सिंग होम के संचालन में अनियमितताओं का खुलासा करने पर उसका यौन उत्पीड़न किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। बता दें कि नर्सिंग होम प्रबंधन ने इस आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि उसकी मौत आत्महत्या से हुई है। मृतका पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम की रहने वाली थी। चार दिन पहले ही वह नर्सिंग होम में आई थी। वहीं, इस घटना की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हम कोई भी कार्रवाई करने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार कर रहे हैं।

## कपूरथला में 48 घंटे में तीसरा बांध टूटा; बाढ़ की चपेट में 30 गांव

जालंधर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में वीरवार को कई जिलों में दिन भर वर्षा हुई। सावन के बाद भादों में हुई भारी वर्षा के कारण शहरों के साथ-साथ हाईवे पर जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित रहा। पहाड़ों में हो रही वर्षा के कारण पौंग बांध का जलस्तर वीरवार को 1377.19 फीट तक पहुंच गया। बांध से पानी छोड़े जाने के कारण ब्यास दरिया खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। कपूरथला, होशियारपुर, गुरदासपुर, अमृतसर, फाजिल्का व फिरोजपुर में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। कपूरथला में 48 घंटे के भीतर तीसरा अस्थायी बांध टूटने से लगभग 30 से ज्यादा गांव पानी से घिर गए हैं।

यहां से लोग सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। मौसम विभाग ने राज्य में शुक्रवार और शनिवार को भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वीरवार को होशियारपुर में सबसे अधिक 62 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई, जबकि लुधियाना में 39.6, अमृतसर में 14 एमएम, शहीद भगत सिंह नगर में 15 एमएम, रूपनगर में 10.5 एमएम, संगरूर में 6 एमएम और फरीदकोट में 5 एमएम वर्षा हुई। ब्यास दरिया का जलस्तर बढ़ने से कूपथला के सुल्तानपुर लोधी हलके के मंड क्षेत्र पानी में डूब चुका हैं। गांव भैणी कादर, गांव महिवाल के बाद वीरवार को मंड शेरपुर के पास एक और अस्थायी बांध टूट गया, जिससे मंड क्षेत्र के कई गांवों में पानी भरने के साथ-साथ तरनतारन जिले के कई गांवों में भी बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। 7,000 एकड़ में फसल पानी में डूब गई है।

सुविचार: बहुत समय पड़ा है, यही वहम सबसे बड़ा है

# केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि राष्ट्र की कड़ी मेहनत है : राज्यपाल



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल, जिष्णु देव वर्मा ने शुक्रवार को राजभवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने संबोधन में, राज्यपाल वर्मा ने तेलंगाना के लोगों और भारत के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई दी और स्वतंत्रता दिवस को "केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि राष्ट्र की कड़ी मेहनत से अर्जित स्वतंत्रता का सम्मान करने का एक पवित्र अवसर" बताया। उन्होंने उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनके बलिदान ने स्वतंत्र भारत की नींव रखी और महात्मा गांधी द्वारा समर्थित अहिंसा और सत्याग्रह के स्थायी सिद्धांतों को याद किया। उन्होंने कहा, ऐसे आदर्श जिन्होंने, एक साम्राज्य को हिलाकर रख दिया और पीढ़ियों को प्रेरित किया। राष्ट्र की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, राज्यपाल ने भारत की विविधता में एकता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में इसके निरंतर विकास पर ज़ोर दिया। उन्होंने सिंचाई, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, फार्मास्यूटिकल्स और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेलंगाना की उपलब्धियों की सराहना की और सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना की। उन्होंने हाल ही में हुए "ऑपरेशन सिंदूर" को राष्ट्र के संकल्प और क्षमता का एक ज्वलंत उदाहरण बताया। ध्वजारोहण के बाद, राज्यपाल वर्मा ने गार्ड ऑफ ऑनर लिया, राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस और सुरक्षाकर्मियों के साथ अभिवादन किया और कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से मिठाइयां वितरित कीं। संयोग से, 15 अगस्त राज्यपाल वर्मा का जन्मदिन भी है। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और अतिथियों ने इस अवसर पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इस दिन के समारोह में एक व्यक्तिगत संदेश भी जोड़ा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव, एम. दाना किशोर, सहित वरिष्ठ अधिकारी और राजभवन के कर्मचारी उपस्थित थे।

# हिमायतसागर के जलस्तर में भारी गिरावट

### मूसी नदी पर बाढ़ का खतरा कम

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिमायतसागर जलाशय में शुक्रवार सुबह से जलस्तर में काफी कमी आई है, जिससे मूसी नदी के किनारे रहने वाले सैकड़ों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। बाढ़ के पानी के प्रवाह की निगरानी कर रहे एचएमडब्ल्यूएसएसबी अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह 6 बजे ऊपरी इलाकों में कम बारिश के कारण पानी के प्रवाह में काफी कमी देखी। सुबह 6.30 बजे, हिमायतसागर में 3,500 क्यूसेक पानी का अंतर्वाह और 5,215 क्यूसेक पानी का बहिर्वाह दर्ज किया गया। जलाशय का वर्तमान जलस्तर 1,762.35 फीट है, जबकि पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) 1,763.50 फीट है, जिसके परिणामस्वरूप 1.15 फीट पानी की कमी है। वर्तमान में, हैदराबाद जल बोर्ड के अधिकारी हिमायतसागर में चार फ्लडगेट संचालित कर रहे हैं। मूसी नदी में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है तथा मूसारामबाग पुल और पुरानापुल पुल अभी भी जलमग्न हैं।

राजेंद्र नगर पुलिस ने ओआरआर सर्विस रोड (निकास 17) को बंद कर दिया है, जिससे यातायात बाधित हो गया है। इसके बाद, भारी जलप्रवाह के कारण मूसारामबाग से भी यातायात को डायवर्ट किया गया, जिससे पुल प्रभावित हुआ है।

## तेलंगाना में गर्भपात के मामलों में तेजी से वृद्धि

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन (एमटीपी) की संख्या में पिछले दो वर्षों में 2023-24 और 2024-2025 के बीच चिंताजनक और नाटकीय वृद्धि देखी गई है। हाल ही में राज्यसभा में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों में महत्वपूर्ण और लगभग घातीय वृद्धि दिखाई गई है, जिससे यह प्रश्न उठता है कि राज्य में प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों को कौन से कारक प्रभावित कर रहे हैं। उपलब्ध अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में तेलंगाना में वार्षिक एमटीपी 4,071 थे, जो 2023-24 में उल्लेखनीय उछाल के साथ 12,365 हो गए। देश भर में एमटीपी पर जारी आंकड़ों के अनुसार, आश्चर्यजनक रूप से, 2024-25 में एमटीपी और बढ़कर 16,059 हो गए।

2023-24 में वृद्धि उससे पहले के वर्षों की तुलना में और भी अधिक स्पष्ट है, जहां एमटीपी की संख्या 2022-23 में 4,071 से बढ़कर 2023-24 में 4,071 हो गई है। आंकड़े 2020-21 में केवल 1,578 एमटीपी से लगातार और तेज़ वृद्धि दर्शाते हैं। पड़ोसी तेलुगु भाषी राज्य आंध्र प्रदेश में एमटीपी की संख्या तेलंगाना की तुलना में काफ़ी कम है। 2024-25 में, आंध्र प्रदेश में एमटीपी की संख्या 10,676 थी, 2023-24 में 8,949 और 2022-23 में 8,446 थी।

पिछले वर्षों में भी, तेलंगाना की तुलना में तेलुगु भाषी राज्यों में एमटीपी काफी कम रही है। राज्यसभा में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में आंध्र प्रदेश में एमटीपी 9,119 थी, जबकि 2020-21 में यह 2,282 थी।

# कांग्रेस सरकार खाद्य सुरक्षा, आवास और समावेशी विकास सुनिश्चित करती है : उत्तम

सूर्यापेट, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने आज कहा कि कांग्रेस सरकार खाद्य सुरक्षा की गारंटी, जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रत्येक नागरिक को सम्मान और प्रगति के साथ जीने का अवसर मिले।

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद, पारंपरिक लम्बाडा आदिवासी टोपी पहने उत्तम ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियां सभी के जीवन को प्रभावित करने के लिए बनाई गई हैं, चाहे वह खेत में काम करने वाला किसान हो या शहर में काम करने वाला मजदूर, महिलाओं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों और सबसे कमजोर लोगों तक। तेलंगाना आज देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से अपनी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी को मुफ्त में उत्तम चावल प्रदान कर रहा है, इस कदम ने तीन करोड़ से अधिक परिवारों के लिए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, नए राशन कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिससे अधिक परिवारों को खाद्य सुरक्षा के दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ ही, महिलाओं के लिए मुफ़्त बस यात्रा, सब्सिडी वाली रसोई गैस और विस्तारित सामाजिक पेंशन परिवारों को सम्मान के साथ दैनिक जरूरतें पूरी करने में मदद कर रही हैं।

किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, उन्होंने कहा कि न केवल आय सहायता, ऋण माफी और फसल बीमा के माध्यम से, बल्कि सिंचाई पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करके भी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, हम सभी लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार संसाधनों और सार्वजनिक धन का प्रभावी उपयोग करके कम खर्च में अधिक सिंचाई के मंत्र का पालन करती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया जमीनी स्तर पर अधिकतम लाभ प्रदान करे। इसके अलावा, मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार हरित पहल, आधुनिक सार्वजनिक परिवहन, उन्नत ग्रामीण और शहरी बुनियादी ढांचे और मजबूत कानून-व्यवस्था के माध्यम से भविष्य में भी निवेश कर रही है। पुलिस-जनता संपर्क कार्यक्रम और एसएचई टीम जैसे जन सुरक्षा उपाय समुदायों को सुरक्षित बना रहे हैं, जबकि औद्योगिक निवेश और कौशल प्रशिक्षण युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रहे हैं। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, ये अलग-थलग उपाय नहीं हैं, बल्कि एक ही दृष्टिकोण का हिस्सा हैं- एक ऐसा तेलंगाना जहां कोई भी खुद को पीछे न छोड़े, जहां भोजन, आश्रय, सुरक्षा और विकास को अधिकार माना जाए, न कि विशेषाधिकार।





उन्होंने आगे कहा कि सूर्यपेट में हुई प्रगति पूरे राज्य में हो रहे बदलाव को दर्शाती है। जिले की प्रगति के बारे में, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि सूर्यपेट ने वनकालम और यासांगी दोनों ही मौसमों में रिकॉर्ड कृषि उत्पादन हासिल किया है। 336 क्रय केंद्रों के माध्यम से 59,273 किसानों से 3.36 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई और 783 करोड़ रुपये सीधे उनके खातों में जमा किए गए। किसानों को रैतु भरोसा आय सहायता, कृषि ऋण माफी और रैतु बीमा बीमा के साथ-साथ सब्सिडी वाले बीजों और उर्वरकों की समय पर आपूर्ति का लाभ मिला। किसानों को कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों से जोड़ने के लिए 66 स्थानों पर रैतु वेदिकाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा से लैस किया गया। इंदिराम्मा आवास योजना के तहत, जिले में 14,000 घरों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से प्रत्येक पर 5 लाख रुपये का अनुदान है। इनमें से, 12,868 स्वीकृत हो चुके हैं और 1,050 निर्माणाधीन हैं, जबकि हुज़ूरनगर नगरपालिका में 1,792 एक बेडरूम वाले घर बनकर तैयार हो चुके हैं।

## पाकिस्तानी नागरिक पर धर्म परिवर्तन और धोखाधड़ी का आरोप

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक पाकिस्तानी नागरिक को कथित तौर पर लंगर हौज में एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। हाइटेक सिटी में एक निजी कंपनी में काम करने वाले फहद नामक व्यक्ति ने 2016 में कीर्ति नाम की एक महिला से कथित तौर पर शादी की थी। उसने कथित तौर पर उसका हिंदू धर्म से धर्म परिवर्तन कराया और उसका नाम बदलकर दोहा फातिमा रख दिया।

जानकारी के अनुसार, उसकी पत्नी ने पुलिस को सूचित किया तथा दोनों को एक घर में आपत्तिजनक स्थिति में पाया, जिसके बाद पुलिस ने उनसे पूछताछ की। दोनों को हिरासत में ले लिया गया और उन्हें लैंगर हौज पुलिस स्टेशन ले जाया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि फहद 1998 में पाकिस्तान से भारत आया था और तब से हैदराबाद में बस गया है। अधिकारियों को संदेह है कि वह महिलाओं को लुभाने, उनका धर्म परिवर्तन कराने तथा प्रेम और विवाह की आड़ में उन्हें धोखा देने में शामिल रहा है। पुलिस फिलहाल उसकी पूरी पृष्ठभूमि की जानकारी जुटा रही है।


# दक्षिण मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (एससीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने विद्या विहार हाई स्कूल, चिलकलगुडा, सिकंदराबाद और सेंट्रल हॉस्पिटल, लालागुडा, सिकंदराबाद में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। एससीआर महिला कल्याण संगठन की कार्यकारी समिति के सदस्यों ने भी समारोह में भाग लिया। एससीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष श्रीमती वंदना श्रीवास्तव ने विद्या विहार हाई स्कूल में बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर बोलते हुए, वंदना श्रीवास्तव ने छात्रों को अवसरों का लाभ उठाने और भविष्य में समृद्धि का आनंद लेने के लिए पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी न भूलने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि अब हमारे देश की प्रगति और विकास भावी पीढ़ियों के हाथों में है। वंदना श्रीवास्तव, अध्यक्ष, दक्षिण मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने अन्य कार्यकारी समिति के साथ लालागुडा स्थित केंद्रीय अस्पताल का भी दौरा किया और नवजात शिशुओं की माताओं को शिशु बिस्तर और स्त्री रोग वार्ड में हिमालय उपहार किट वितरित किए। साथ ही, अस्पताल में मरीजों को भोजन परोसने के लिए 150 स्टील की प्लेटें भी दान कीं।

# ट्रेन में अचानक मिला तिरंगा फहराने का मौका

### रेलकर्मी की देशभक्ति के कायल हुए यात्री



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक मुख्य टिकट निरीक्षक के देशभक्ति रेल यात्रियों को भा गई। अपनी ड्यूटी निभाते हुए रेलकर्मी ने रेल यात्रियों के दिल में कुछ समय के लिए देशभक्ति की अलख जगा दी। यात्रियों ने सोचा भी नहीं कि अचानक तिरंगा ट्रेन में फहराने का अवसर मिलेगा। दमरे से मिली जानकारी के अनुसार झांसी मंडल के मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश कुमार सोनी ने हाल ही में झांसी से नई दिल्ली स्टेशनों के बीच ड्यूटी पर ट्रेन संख्या 12707 तिरुपति से हज़रत निज़ामुद्दीन जाने वाली आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पर तैनात थे। अचानक यात्रियों को देश भक्ति के गीत सुनाई दिखाई दिए। मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश कुमार सोनी ने यात्रियों के बीच हर घर तिरंगा अभियान को एक अलग और अनोखे तरीके से फैलाने की पहल की। उन्होंने देशभक्ति गीत गाया और राष्ट्रीय ध्वज बांटा। सभी ने उनके साथ एक स्वर में शामिल होकर प्रेरणादायी गीत गाया। झांसी मंडल के मुख्य टिकट निरीक्षक, हमारे गौरवशाली भारतीय रेलवे टिकट जांच अधिकारी आर.के. सोनी द्वारा सभी को एक हिंदुस्तानी के रूप में प्रस्तुत करने और भारत की स्वतंत्रता के महत्व को समझाने वाली एक असाधारण देशभक्ति की भावना वास्तव में सभी रेलकर्मियों को प्रेरित कर रही है।

# साइबराबाद पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

### सात पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती ने लोगों से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने और अटूट दृढ़ संकल्प व प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय परेड मैदान में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के अपार बलिदानों को याद किया, जिनके परिणामस्वरूप राष्ट्र को स्वतंत्रता और स्वाधीनता मिली। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा करने और समर्पण भाव से जनता की सेवा करने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सामाजिक सद्भाव और शांति के लिए प्रयास करने और समाज की बेहतरी के लिए लगन से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आयुक्त मोहंती ने न केवल समर्पित पुलिस अधिकारियों, बल्कि अपनी सेवा के माध्यम से समाज को प्रेरित करने वाले अनुकरणीय नागरिकों के लिए भी पुलिस की प्रशंसा की।

स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, मोहंती ने सभी कर्मचारियों और अन्य लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयुक्त ने सात पुलिस अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उत्तम सेवा पथकम से सम्मानित किया।

साइबराबाद के संयुक्त सीपी (यातायात) डॉ. गजाराव भूपाल, माधापुर के डीसीपी डॉ. विनीत कुमार जी, मेडचल के डीसीपी कोटि रेड्डी, बलांगनगर के डीसीपी के. सुरेश कुमार, राजेंद्रनगर के डीसीपी चौधरी श्रीनिवास, शमशाबाद डीसीपी बी. राजेश, साइबराबाद अपराध डीसीपी मुथ्यम रेड्डी, एसबी डीसीपी साई श्री, डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू डीसीपी सृजना कर्णम, माधापुर ट्रैफिक डीसीपी साई मनोहर, और कई अन्य पुलिस अधिकारी, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य भी मौजूद हैं।

# अवैध सरोगेसी रैकेट का भंडाफोड़, मां-बेटे गिरफ्तार

### निःसंतान दंपतियों का करते थे शोषण







हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद के मेडचल एसओटी (विशेष अभियान दल) और पेट बशीराबाद पुलिस ने एक अवैध सरोगेसी और अंडा व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसमें एक मां-बेटे की जोड़ी को चगिरफ्तार किया गया है, जो कथित तौर पर पैसे के लिए निःसंतान दंपतियों का शोषण करते थे। मुख्य संदिग्ध और एजेंट, एन लक्ष्मी रेड्डी (जो एक पूर्व अंडा दाता और सरोगेट मां है) ने अपने बेटे नरेंद्र रेड्डी (जो जेएनटीयू से केमिकल इंजीनियरिंग स्नातक है) के साथ मिलकर कथित तौर पर गरीब महिलाओं को नकदी के बदले अंडा दाता या सरोगेट मां बनने के लिए प्रलोभित किया।

उन्होंने चिंथल की एक बहुमंजिला इमारत में सरोगेट माताओं के लिए आवास की व्यवस्था की। इन महिलाओं को सरोगेसी के लिए आकर्षक रकम का लालच दिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 6.47 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, वचन पत्र, बांड पेपर, सिरिंज, गर्भावस्था की दवाएं, हार्मोन इंजेक्शन, हेगड़े अस्पताल की केस शीट, पांच स्मार्टफोन और एक कीपैड फोन जब्त किया। पुलिस ने खुलासा किया कि लक्ष्मी रेड्डी पर इससे पहले महाराष्ट्र में 2024 के मानव तस्करी मामले में मामला दर्ज किया गया था। सरोगेसी विनियमन अधिनियम, सहायक प्रजनन तकनीक अधिनियम और बीएनएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी है।


## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, No.17000841F, NK, Manish Kumar, R/o, Rohtas Dist, Bihar, changed my Mother's name from Mima Devi to Meena Tiwari vide Affidavit dt 13.08.2025.

I, JC 782711W, Nb Sub,Dhirender, R/o, Dist, Charkhi Dadri, Haryana, changed my Mother's name from Santra to Santra Devi vide Affidavit dt 13.08.2025.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान**
(भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय)
पो.बॉ. सं. 8066, प्रो. सर. सी. वी. रामन रोड,
सदाशिवनगर डाक घर,
बेंगलूरु - 560080

**विज्ञापन सं.सीपीआरआई/09/2025**

सीपीआरआई सीधी भर्ती के माध्यम से निम्नलिखित पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद का नाम | पदों की संख्या | 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर | आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| निदेशक | 1 | स्तर 14 | 55 वर्ष |

इच्छुक अभ्यर्थी पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आवेदन प्रारूप, महत्वपूर्ण निर्देश आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए सीपीआरआई की वेबसाइट https://cpri.res.in के कैरियर पेज देख सकते हैं।

cbc 34104/12/0006/2526 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी




# हाइटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में हुआ क्रेडाई हैदराबाद प्रॉपर्टी शो का उद्घाटन



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। क्रेडाई हैदराबाद प्रॉपर्टी शो, क्रेडाई, जो कि रियल एस्टेट डेवलपर्स संघों का एक प्रमुख रियल एस्टेट प्रदर्शनी है, देश के निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स के शीर्ष निकाय, भारतीय रियल एस्टेट परिसंघ, का आज हाइटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में उद्घाटन किया गया।

इस वर्ष के संस्करण का विषय है 'पसंद आपकी है' - एक शक्तिशाली संदेश जो घर खरीदारों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रॉपर्टी शो का उद्घाटन मुख्यमंत्री अनुमाला रेवंत रेड्डी ने क्रेडाई हैदराबाद के वरिष्ठ नेतृत्व दल की उपस्थिति में किया। इस दल में एन जयदीप रेड्डी - अध्यक्ष, बी जगन्नाथ राव - निर्वाचित अध्यक्ष, के क्रांति किरण रेड्डी, महासचिव, कुर्रा श्रीनाथ - संयोजक अरविंद राव मेचिनेनी, प्रॉपर्टी शो के सह-संयोजक शामिल थे।

क्रेडाई के राष्ट्रीय निर्वाचित अध्यक्ष जी राम रेड्डी और क्रेडाई तेलंगाना के अध्यक्ष इंद्रसेना रेड्डी के साथ-साथ क्रेडाई हैदराबाद के अन्य पदाधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल, के. अनिल रेड्डी और श्री वाई. रवि प्रसाद उपाध्यक्ष, नितीश रेड्डी गुदूर, कोषाध्यक्ष संजय कुमार बंसल एवं श्रीराम मुसुनुरु, संयुक्त सचिव और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। क्रेडाई हैदराबाद प्रॉपर्टी शो 2025 घर खरीदारों के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करता है इसमें क्रेडाई सदस्य डेवलपर्स की केवल रेरा-अनुमोदित परियोजनाएँ प्रदर्शित की जाती हैं, जिससे शहर में सबसे विश्वसनीय संपत्तियाँ सुनिश्चित होती हैं। 15-17 अगस्त तक चलने वाले तीन दिवसीय प्रॉपर्टी शो में 70 से ज़्यादा डेवलपर्स 300 से ज़्यादा परियोजनाएँ प्रदर्शित कर रहे हैं। इसमें शहर भर के अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स, विला, प्लॉट और व्यावसायिक स्थान एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। प्रॉपर्टी शो में भाग लेने वाले प्रमुख बैंक, वित्तीय संस्थान और संबंधित उद्योगों के प्रतिनिधि अपने समाधान प्रदर्शित कर रहे हैं और समझदार घर खरीदारों को नए मौके पर ही सौदे पेश कर रहे हैं। क्रेडाई हैदराबाद के अध्यक्ष एन जयदीप रेड्डी ने कहा, हैदराबाद अब एक वैश्विक शहर है और तेज़ी से विकास और विस्तार की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री द्वारा इस तीन दिवसीय ऐतिहासिक क्रेडाई प्रॉपर्टी शो का उद्घाटन करना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है।

यह आयोजन रियल एस्टेट क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों को एक साथ लाता है, जो हज़ारों आगंतुकों और निवेशकों के सामने अपनी विविधता, क्षमता और नवाचार का प्रदर्शन करती है। हम अपने नेता की प्रतिबद्धता और पिछले 18 महीनों में हुए विकास के साक्षी हैं। तेलंगाना विकास के लिए एक मानक स्थापित कर रहा है, जिसे अब कई लोग 'तेलंगाना मॉडल' कह रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में, राज्य ने ऐतिहासिक सुधार, सुव्यवस्थित शासन और विकास पर विशेष ध्यान दिया है। राज्य भर में कई बड़ी परियोजनाएँ पहले से ही चल रही हैं, और क्रेडाई हैदराबाद के रूप में, हम इन पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं शहर की क्षमता को और बढ़ाने के लिए कुछ सुझावों पर प्रकाश डालना चाहूँगा। प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर सौंदर्यीकरण और विकास - उदाहरण के लिए, हवाई अड्डे के पास का फ्लाईओवर हैदराबाद के आगंतुकों की पहली छापों में से एक है। इस क्षेत्र को विश्व स्तरीय भूदृश्य, प्रकाश व्यवस्था और संभवतः एक फिल्म स्टूडियो या एक थीम पार्क (डिज्नीलैंड जैसा) जैसे आकर्षणों से सुसज्जित करके इसे एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है।

रियल एस्टेट विकास क्षेत्रों की स्थापना - वाणिज्यिक और आवासीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हवाई अड्डे, मेट्रो लाइनों और एक्सप्रेसवे जैसे प्रमुख परिवहन केंद्रों से जुड़े उच्च-संभावित रियल एस्टेट कॉरिडोर की पहचान और विकास करना।

खेल नीति तैयार करना और खेल अवसंरचना का विकास करना - एक व्यापक खेल नीति को लागू करना और समर्पित खेल सुविधाओं का विकास करना निवेश को आकर्षित करेगा, पर्यटन को बढ़ावा देगा और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा। उन्होंने आगे कहा, सरकार और क्रेडाई के बीच सहयोग निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और व्यापार को आसान बनाने में महत्वपूर्ण रहा है। हम उद्योग की ज़रूरतों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और पारदर्शी नीति-निर्माण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की बहुत सराहना करते हैं। साथ मिलकर काम करके, हम तेलंगाना के रियल एस्टेट क्षेत्र में बड़े वैश्विक निवेश ला सकते हैं, जिससे आर्थिक विकास और रोज़गार दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

क्रेडाई प्रॉपर्टी शो एक प्रदर्शनी से कहीं बढ़कर है, यह हमारे शहर की क्षमताओं, महत्वाकांक्षाओं और भविष्य के लिए तैयारी का एक बयान है। सरकार के दृष्टिकोण और उद्योग की विशेषज्ञता के साथ, हैदराबाद वास्तव में निवेश और रहने के लिए दुनिया के सबसे आकर्षक स्थलों में से एक बन सकता है।

क्रेडाई हैदराबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बी जगन्नाथ राव के अनुसार "हैदराबाद वास्तव में एक वैश्विक शहर के रूप में विकसित हुआ है, जिसने आईटी, विनिर्माण, फार्मा और जीवन विज्ञान, ईवी और रक्षा क्षेत्रों में निवेश आकर्षित किया है। 'ब्रांड हैदराबाद' का लचीलापन, विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचा, कुशल कार्यबल और माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में व्यापार-अनुकूल माहौल, इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक शीर्ष विकल्प बनाता है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भी, यहां की भावनाएं प्रबल बनी हुई हैं।

# एसबीआई मुख्यालय में झंडावंदन किया गया



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य रचनात्मक और आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से देशभक्ति के गौरव और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है।

एस. राधाकृष्णन, मुख्य महाप्रबंधक, हैदराबाद मंडल ने स्थानीय मुख्यालय, कोटी, हैदराबाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रगान गाया। एस. राधाकृष्णन ने स्वतंत्रता दिवस भाषण की शुरुआत भारत की उल्लेखनीय कमी से आत्मनिर्भरता की यात्रा पर विचार करते हुए की।

उन्होंने राष्ट्र निर्माण में नागरिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया और भारतीय स्टेट बैंक को इनमें सबसे प्रभावशाली बताया। उद्योग और सेवाओं से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक, एसबीआई भारत के विकास की आधारशिला रहा है। उन्होंने गर्व के साथ एसबीआई की स्थिति को सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक, सबसे अधिक लाभदायक कंपनी और विश्व स्तर पर सबसे विश्वसनीय ब्रांडों में से एक के रूप में उल्लेख किया।

तेलंगाना में एसबीआई के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, मुख्य महाप्रबंधक ने एक साहसिक प्रतिबद्धता की घोषणा की: इस वर्ष प्रत्येक जिले में बाजार हिस्सेदारी में 1% की वृद्धि करना। उन्होंने सभी नेताओं—मुख्य महाप्रबंधकों, महाप्रबंधकों, बीजीएम, सहकारी महाप्रबंधकों और कर्मचारी संघों—से इस मिशन में एकजुट होने और एसबीआई के समावेशी बैंकिंग आचार को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। मुख्य महाप्रबंधक ने अपने भाषण का समापन एसबीआई को करुणा, नेतृत्व और सामूहिक संकल्प के माध्यम से तेलंगाना का न केवल सबसे बड़ा, बल्कि सर्वश्रेष्ठ बैंक बनाने के आह्वान के साथ किया, ताकि हम अपने ग्राहकों और सहकर्मियों की उसी प्रेम भावना से सेवा कर सकें, जैसा हम अपने साथी नागरिकों के लिए महसूस करते हैं। इस कार्यक्रम में श्रीमती भी शामिल हुईं। शेनबागा देवी, अध्यक्ष, एसबीआई लेडीज़ क्लब, रवि कुमार वर्मा, (महाप्रबंधक एनडब्ल्यू-1), सतीश कुमार, (महाप्रबंधक एनडब्ल्यू-2), उप महाप्रबंधक, अन्य वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।



**बजरंग सेना तेलंगाना ने हर घर तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया। बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने सभी प्रतिभागियों, हैदराबाद नगर पुलिस और यातायात विभाग को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।**



**सुल्तान बाजार स्वतंत्रता सेनानी के स्तूप पर झंडा वंदन करते हुए पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय साथ में, भाजपा नेता गोविंद राठी, पूर्व नगरसेवक रामचंद्र राजू अवाम, दिलीप गणते आदि।**



**स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए सरस्वती पूजा समिति रामंतापुर के सदस्य।**



**जामबाग पार्षद राकेश जयसवाल अमर सिंह, राजू यादव, प्रवीण, संदीप, हरिनाथ, के साथ जामबाग डिवीजन के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अवसर पर जगपति, प्रमोद, अनिल, रवि, शिवकुमार, शारदा जी कार्यक्रम में शामिल हुए।**

# नुमाइश मैदान में सम्पन्न हुआ देश का सबसे विराट स्वतंत्रता दिवस समारोह

*> भारत भूमि जैसा स्वर्ग विश्व में कहीं नहीं है*



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नुमाइश मैदान के विशाल पांडाल में हजारों भाई-बहिनों ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्र-संत चन्द्रप्रभ जी महाराज, महोपाध्याय मललितप्रभ सागर महाराज और मुनि शांतिप्रियसागर महाराज के सान्निध्य में स्वतंत्रता दिवस महोत्सव मनाने का आनन्द उठाया। मैदान में श्रद्धालु और विद्यार्थी 821 फीट का विशाल तिरंगा जब मंच पर लेकर आए तो हजारों सत्संगप्रेमियों ने ताली बजाकर इस विशाल तिरंगे का स्वागत किया जिसे गुरुजनों और चातुर्मास समिति को समर्पित किया गया।

इस अवसर पर मातृभूमि और भारत माता की जय बोलते हुए हजारों श्रद्धालुओं द्वारा झंडा रोहण किया गया और तिरंगा फहराया गया। इस दौरान 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर 821 फीट का गौरवमयी राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्र को समर्पित किया गया और राष्ट्र के सम्मान में अनेक झाकियां निकली जिसमें श्रृंग ॠषि हाई स्कूल, एल एम जी स्मार्ट किड्स हाई स्कूल और स्मार्ट किड्स प्ले एंड प्री स्कूल के हजारों बच्चे सम्मिलित हुए जिसमें सबने मिलकर एग्जिबीशन ग्राउंड में मातृभूमि को हजारों की संख्या में सलामी दी और वंदे मातरम के शंखनाद से आसमान गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर राष्ट्र-संत चंद्रप्रभ सागर यहाँ एग्जिबिशन ग्राउंड में क्या हो हमारा देश निर्माण में योगदान विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए और रोज सुबह उठकर भारत भूमि और इसे आजादी दिलाने वाले महापुरुषों को साष्टांग प्रणाम करना चाहिए। भारत भूमि पर इतने महापुरुषों ने जन्म लिया है कि अगर हम भारत की मिट्टी को शीष पर धारण करेंगे तो वह भी मंदिर के चंदन की चुटकी का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि भारत भूमि जैसा स्वर्ग विश्व में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत कोई जमीन का टुकड़ा नहीं, वरन एक जीता जागता दर्शन और गौरवपूर्ण संस्कृति है। अनेकता में एकता ही हमारी शान है इसीलिए हमारा भारत महान है। हमें अपनी पहचान हिंदू, मुस्लिम, जैन, सिख इसाई, बौद्ध के रूप में देने की बजाय भारतीय के रूप में देनी चाहिए। देश सबसे पहले हैं। अगर हम धर्म-भावना से पहले राष्ट्रीय- भावना से भर जाएं तो हमारा भारत पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो सकता है।

उन्होंने कहा कि अहिंसा, प्रेम, शांति, भाईचारा, त्याग और तप हमारी नींव है। अगर पाकिस्तान ने लड़ने की बजाय भारत से हाथ मिलाया होता तो आज भारत-पाकिस्तान विश्व की सबसे बड़ी ताकत बन चुके होते।

उन्होंने कहा कि हर देशवासी को यह जरूर सोचना चाहिए कि मैं देश के लिए क्या कर सकता हूँ।हम अपने भारत को स्वच्छ बनाएं, स्वस्थ बनाएं, शिक्षित बनाएं, संस्कारित बनाएं, समृद्ध बनाएं और सहयोगी बनाएं।

# पावरग्रिड, दक्षिणी क्षेत्र-I, क्षेत्रीय मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावरग्रिड दक्षिणी क्षेत्र पारेषण प्रणाली-I ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में फैले अपने सभी प्रतिष्ठानों में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। मुख्यालय, सिकंदराबाद में, कार्यकारी निदेशक डोमन यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। डोमन यादव ने बताया कि हमारे स्वतंत्रता सेनानी केवल विदेशी शासन से मुक्ति ही नहीं चाहते थे। वे एक ऐसे भारत का सपना देखते थे जहाँ सभी को न्याय, समान अवसर और एक अच्छा जीवन मिले। भारत की विविध संस्कृतियाँ, भाषाएँ और धर्म इसे अद्वितीय बनाते हैं—और यह विविधता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस वर्ष, हम भारत का 79वाँ स्वतंत्रता दिवस नया भारत थीम के साथ मना रहे हैं।जो एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र का प्रतीक है।

एसी शंकरैया, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ), अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), प्रवीण कुमार टी.वी.एस., मुख्य महाप्रबंधक (परिसंपत्ति प्रबंधन), वेंकट एस.वी., मुख्य महाप्रबंधक (वित्त), बी.बी. रथ, मुख्य महाप्रबंधक (पीईएसएम), पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य तथा बच्चे इस अवसर पर उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, पावरग्रिड कर्मचारी कल्याण संघ (पीईडब्ल्यूए) और दीपशिखा महिला समिति (डीएसएमएस) द्वारा खेलकूद का आयोजन किया गया और पुरस्कार वितरित किए गए।

# मिधानि ने स्वतंत्रता दिवस गर्व और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ मनाया



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) ने स्वतंत्रता दिवस अपने कार्यालय के परिसर में मनाया। इस अवसर पर डॉ. एस. वी. एस. नारायण मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सी एंड एमडी) मिधानि, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मूर्ति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया और सीआईएसएफ दल द्वारा आकर्षक गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। सीआईएसएफ और मिधानि टीम की परेड ने संगठन के अनुशासन और समर्पण को दर्शाया। अपने संबोधन में डॉ. मूर्ति ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह भविष्य के लिए हमारी जिम्मेदारी को निभाने का भी दिन है। डॉ. मूर्ति ने भारत की रक्षा उत्पादन में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में स्वदेशी रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है, जबकि रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ तक पहुंच गए हैं। उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि इस परिवर्तन में मिधानि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसमें मिसाइल, एयरोस्पेस, नौसेना प्रणालियों, ऊर्जा और अंतरिक्ष कार्यक्रमों (जैसे इसरो का गगनयान मिशन) के लिए आवश्यक सामग्रियों का स्वदेशीकरण और आपूर्ति शामिल है। मिधानि ने उन्नत मिश्र धातुओं, आर्मर समाधानों और रणनीतिक परियोजनाओं के लिए विशेष सामग्रियों के विकास में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। साथ ही, वैश्विक बाजार में उच्च-प्रदर्शन मिश्र धातुओं की आपूर्ति कर अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत किया है।

कार्यक्रम में बीपीडीएवी स्कूल के छात्रों और मिधानि कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके बाद कर्मचारियों के बच्चों में से मेधावी छात्रों को पुरस्कार, उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मान और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मिधानि में 25 वर्षकी सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।



सीरवी समाज शमशाबाद बडेर में आजादी के 79वे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर तिरंगा फहराते हुए अध्यक्ष आसाराम गेहलोत, उपाध्यक्ष चेलाराम काग, सहसचिव -नरेश परिहार, कोषाध्यक्ष राजुराम परिहार, सलाहकार - जगदीश काग, रतनलाल बर्फा, पूर्व उपाध्यक्ष मलाराम पंवार, सदस्य गण सोहनलाल बर्फा, रमेश चोयल, रमेश पंवार, समाज के अन्य व मातृशक्ति में गौरी देवी काग (रायपुर प.समिति सदस्य), सन्तोष देवी परिहार (उपाध्यक्ष महिला मंडल), नर्बदा देवी बर्फा, नन्ने मुन्ने बच्चों की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।



रामपल्ली स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित बौदूलाल शर्मा, विकास शर्मा, आनंद कुमार शर्मा, इंदरपाल सैनी, गौरव सैनी, शुभम शर्मा ,रेखा शर्मा ,कांता देवी, आदित्य शर्मा, आलोक शर्मा,व समाज बन्धु उपस्थित रहे

# बिहार एसोसिएशन मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन ने अपने नव निर्मित कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया।

महासचिव प्रभास कुमार ने बताया कि एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष हरेराम सिंह के द्वारा ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रीय गान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरे राम सिंह ने बताया कि यह आज़ादी हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयास एवं कठिन परिश्रम से हमें प्राप्त हुआ, हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने देश और समाज के लिए अच्छे वातावरण का प्रारूप तैयार करें ताकि हमारा देश नये उचाईयों को छू सके। कार्यकारिणी वरिष्ठ दशरथ यादव ने कहा कि हम सभी को सकारात्मकता से देश व समाज के प्रति कार्य करने की आवश्यकता है जिससे समाज के सभी वर्गों का विकास हो सके। सभा में एसोसिएशन उपाध्यक्ष, उत्तम यादव, मीडिया प्रभारी, दिलीप कुमार यादव ,रविशंकर सिंह, अशोक प्रसाद सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, शुशील श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, हरे राम यादव, वीरेंद्र प्रसाद सिंह इत्यादि ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने संगठन का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए सदस्यों से सहयोग की अपील की। इसी कड़ी में संगठन उप्पल शाखा अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बिहार एसोसिएशन उप्पल जोन हेमा नगर कार्यालय स्थित प्रांगण में प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण समारोह के आयोजन में काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार यादव के अनुसार कार्यक्रम में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, रविशंकर सिंह, रविंद्र कुमार झा, कन्हैया कुमार झा, मिश्री लाल, एस एस पाठक आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।



किसरा स्थित कुमावत समाज सिकंदराबाद किसरा में स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित कुमावत समाज तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष तिलायचा सोनाराम कुमावत,कुमावत समाज किसरा अध्यक्ष पप्पुराम बाकरेचा,बुधाराम, धर्माराम , सोहनलाल व समाज बन्धु उपस्थित रहे ।

# आजादी के जश्न के दौरान मारपीट

## रायपुर-दुर्ग और कांकेर के मस्जिदों में ध्वजारोहण गरियाबंद में बारिश के बीच स्वतंत्रता दिवस का उत्साह



रायपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। देशभर में आज 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है। रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में सीएम साय ने ध्वजारोहण कर कई बड़े ऐलान किए। साय ने कहा कि रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली शुरू होगी। छत्तीसगढ़ विकसित पुलिसिंग वाले राज्यों में शामिल हो जाएगा।

10 लाख से अधिक आबादी वाले जिले में कमिश्नर प्रणाली लागू की जाएगी। रायपुर से इसकी शुरुआत होगी। पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा, तो इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। रायपुर के बाद बिलासपुर, दुर्ग, समेत अन्य जिलों में इसे शुरू किया जाएगा।

वहीं कवर्धा में आजादी के जश्न के दौरान बच्चों के बीच मारपीट हो गई। कक्षा सातवीं-आठवीं पढ़ने वाले बच्चे कुर्सी पर बैठना चाहते थे। कुर्सी नहीं मिलने कारण 2 गुटों में लड़ाई हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसके अलावा महासमुंद जिले के पिथौरा नगर पंचायत में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान विवाद खड़ा हो गया। आमंत्रण कार्ड पर वार्ड नंबर 11 की कांग्रेस पार्षद अनामिका शर्मा का नाम नहीं छापा गया। कांग्रेस पार्षदों ने उपेक्षा का आरोप लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। बसना से बीजेपी विधायक संपत अग्रवाल ध्वजारोहण कर रहे थे। पार्षदों की नारेबाजी सुनकर वे उनके पास आए। पार्षदों से उन्होंने बातचीत की, इसके बाद मामला शांत हुआ।

बता दें कि प्रदेशभर में स्वतंत्रता दिवस का उत्साह दिखा। पहली बार रायपुर, दुर्ग, कांकेर और कोंडागांव के मस्जिदों में ध्वजारोहण किया गया।

इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग बोले- पहले दरगाह में ध्वजारोहण किया करते थे इस बार मस्जिद में मौका मिला। यह हमारे लिए गर्व की बात है। गरियाबंद में बारिश के बीच स्वतंत्रता दिवस मना। देवभोग में छात्रों ने ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी निकाली।

# रायपुर में कांग्रेस नेताओं और रेस्टोरेंट संचालक के बीच विवाद

## जख्मी युवक बोले- घसीट-घसीटकर मारा लेकिन आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन नहीं हुआ

रायपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रायपुर के खम्हारडीह इलाके में कार पार्किंग को लेकर कांग्रेस नेताओं और एक निजी रेस्टोरेंट संचालक के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस झड़प में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपा बग्गा के बेटे प्रियेश बग्गा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। हालांकि, एक पक्ष के युवकों का कहना है कि उन्हें घसीट-घसीटकर मारा, उनका सिर फोड़ दिया गया। लेकिन दूसरे पक्ष के खिलाफ कोई सख्त एक्शन नहीं लिया गया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई देता है कि रेस्टोरेंट संचालक सनी रिजवानी पर प्रियेश बग्गा, कांग्रेस प्रवक्ता सार्थक शर्मा, टंडन डेयरी के संचालक मोलू टंडन और उनके दोस्त राजीव के साथ कहासुनी के दौरान हमला कर देते हैं। यह विवाद कार पार्किंग को लेकर शुरू हुआ था। हमले के दौरान, रेस्टोरेंट में मौजूद गार्ड कुछ स्टाफ सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचता है। इसी बीच हुई मारपीट में प्रियेश बग्गा के सिर में गंभीर चोट लगती है, जिससे उनका सिर फट जाता है। हमले के दौरान उनके अन्य साथी मौके से फरार हो जाते हैं। घटना से नाराज़ रेस्टोरेंट संचालक हमलावरों की कार पर लाठी से वार कर शीशा तोड़ देता है।

अस्पताल में भर्ती राजीव और प्रियेश ने बताया कि उन पर डंडों, बल्लों और धारदार हथियारों से हमला किया गया। दोनों को विद्या अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही खम्हारडीह पुलिस मौके पर पहुंची।

# स्वतंत्रता दिवस पर बाइकर्स ने मचाया उत्पात

## कोरबा में बाइक की साइलेंसर से जमकर फोड़े पटाखे, 8 युवक पकड़ाए



कोरबा, 15 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बाइकर्स ने स्वतंत्रता दिवस पर जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने एसईसीएल कॉलोनी और मानिकपुर चौकी क्षेत्र में बाइक के साइलेंसर से पटाखे फोड़े। इस मामले में 8 युवक को पकड़ा गया है। वहीं अब सोशल मीडिया पर बाइकर्स के हुड़दंग का वीडियो वायरल हो रहा है।

दरअसल, घटना उस समय हुई जब एसपी सिद्धार्थ तिवारी, कलेक्टर अजीत वसंत और वन विभाग के अधिकारी आत्मानंद स्कूल में एक कार्यक्रम में मौजूद थे।

हेलीपैड के पास पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान बाइकर्स साइलेंसर से तेज आवाज करने लगे।

अधिकारियों को इसकी भनक लगी तो, पुलिस और वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया। पुलिस को देख लड़कों के बीच अफरा-तफरी मच गई। पुलिस वाले लड़कों को पकड़ने उनके पीछे भागते दिखे।

पुलिस और वनकर्मी को देख बाइकर्स इधर-उधर भाग गए। पुलिस ने पीछा कर 8 युवकों को पकड़ा और उनकी बाइकें भी जब्त की।

सभी को मानिकपुर चौकी ले जाया गया है और उन पर कार्रवाई की जा रही है।

इधर, कॉलोनी के लोगों का कहना है कि बाइकर्स रोज उत्पात मचाते हैं। मना करने पर गाली-गलौज और मारपीट की धमकी देते हैं। वहीं मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पकड़े गए बाइकर्स पर कार्रवाई की गई है।

अन्य आरोपियों की पहचान कर उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

जिले के थाना-चौकियों और यातायात विभाग की ओर पहले से ही तेज रफ्तार बाइक और पटाखा फोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# सिटी-बसों का संचालन बंद होने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

## सीजे बोले-चालू बताकर झूठा शपथपत्र क्यों दिया परिवहन सचिव ने कहा-निगम ने दी थी जानकारी



बिलासपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बिलासपुर में सिटी बस सुविधा बंद करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने परिवहन सचिव से पूछा कि शपथपत्र में बसों को चालू बताकर झूठा शपथपत्र क्यों दिया।

इस पर परिवहन सचिव ने बताया कि नगर निगम ने उन्हें बसें चालू होने की जानकारी दी थी। हाईकोर्ट ने कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर को बसों की वैकल्पिक व्यवस्था होने तक उठाए गए कदम और सिटी बसों का रोडमैप प्रस्तुत करने कहा है।

गुरुवार को इस केस की सुनवाई के दौरान परिवहन सचिव एस प्रकाश हाईकोर्ट में उपस्थित हुए।

इस दौरान चीफ जस्टिस ने उनसे सवाल-जवाब किया और कहा कि उनके शपथपत्र में क्यों कहा गया कि छह में से पांच सिटी बसें चालू हैं। जबकि, सच्चाई ये है कि बसें बंद है।

इस पर उन्होंने कोर्ट को बताया कि यह जानकारी उन्हें बिलासपुर के नगर निगम कमिश्नर ने 18 जुलाई को पत्र के जरिए दी थी। जिसके आधार पर उन्होंने शपथपत्र दिया है।

**ऑपरेटर्स को भुगतान नहीं होने के कारण बसें हुई बंद**

परिवहन सचिव ने कोर्ट को बिलासपुर जिला शहरी जन सेवा समिति के सचिव (नगर निगम कमिश्नर) ने उन्हें जानकारी दी है कि बस ऑपरेटर्स को भुगतान नहीं हो सका है, जिसके चलते सिटी बस सेवा बंद हो गई है। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी और इस संबंध में शपथपत्र भी प्रस्तुत किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान नगर निगम के वकील ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि निगम जल्द आवश्यक कदम उठाकर सिटी बस सुविधा फिर से बहाल करेगी। जिस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कलेक्टर (समिति के अध्यक्ष) और नगर निगम कमिश्नर (समिति के सचिव) अपना व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करें, जिसमें ये बताएं कि वर्तमान में सिटी बसों की क्या स्थिति है और आगे क्या कार्ययोजना बनाई गई है। इस मामले की सुनवाई अब 22 अगस्त को होगी।

# हाईवे पर ट्रक से भिड़ी कार, 6 युवकों की मौत

## एमपी से ओडिशा जा रहे थे, मरने वालों में 4 इंदौर के, ब्रेक लगाने पर बेकाबू हुई




राजनांदगांव, 15 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार चिरचारी नेशनल हाईवे चौराहे के पास ट्रक से भिड़ गई। हादसे में कार सवार 6 युवकों की मौत हो गई। इनमें 4 मध्यप्रदेश के इंदौर और एक रतलाम का रहने वाला था। ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है। घटना बागनदी थाना इलाके की है।

जानकारी के मुताबिक, मध्यप्रदेश के इंदौर में रजिस्टर्ड अर्टिगा कार एमपी-09 डीएच 8684 में 7 लोग सवार थे। सभी इंदौर से राजनांदगांव होते हुए धार्मिक यात्रा पर ओडिशा जा रहे थे। कार तेज रफ्तार में थी। अचानक ब्रेक लगाने पर कार बेकाबू होकर दूसरी दिशा में मुड़ गई, जिससे सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। 6 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। शव कार के अंदर फंस गए। पुलिस ने शवों को काफी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया। ड्राइवर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा कहना है कि, शुक्रवार सुबह 5 बजे यह हादसा हुआ है। यह कार इंदौर से नागपुर होते हुए राजनांदगांव से रायपुर की तरफ जा रही थी। यहां से इनको ओडिशा जाना था। इसी दौरान अचानक कार डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ आ गई। कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक घायल है।

# झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मिली बड़ी सौगात

## 6 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा, डॉक्टरों की कमी होगी दूर

जामताड़ा, 15 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा के गांधी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अगले महीने से 6 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना शुरू की जाएगी। ये मेडिकल कॉलेज पूर्वी सिंहभूम, खूंटी, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा और धनबाद में स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभाला है, तब से इन 6 नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी मिली है।

# पूरे प्रदेश में 18 अगस्त तक हो सकती है बारिश

## तेज हवा और वज्रपात की संभावना, राज्य में सामान्य से 34% अधिक हुई बरसात

रांची, 15 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में मानसून सामान्य बना हुआ है। रोज ही तकरीबन हर जिले में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, 18 अगस्त तक राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना बनी हुई है।

साथ ही हवा 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ चल सकती है। आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना बनी हुई है। मौसम के ऐसे हालात की वजह से यलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, झारखंड में अब तक (एक जून से 14 अगस्त तक) 872.8 एमएम बारिश दर्ज हो चुकी है। जबकि इस अवधि में झारखंड में सामान्य बारिश 650.2 एमएम ही होती है। राज्य में अब तक सामान्य से 34% अधिक बारिश हो चुकी है।

राज्य में मानसून सामान्य रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में अनेक स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश 56 एमएम राजमहल में दर्ज की गई।

वहीं, सबसे अधिक अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज की गई।

इधर, झारखंड में दो जिले ऐसे हैं, जहां अब तक सामान्य से कम बारिश दर्ज हुई है। इसमें देवघर और पाकुड़ जिला शामिल है। देवघर में एक जून से 14 अगस्त तक 596.5 एमएम बारिश हुई है, जो सामान्य से 4% कम है। जबकि पाकुड़ में 13% कम बारिश दर्ज की गई। वहीं, रांची में एक जून से 14 अगस्त तक 1074 एमएम बारिश हो चुकी है। जो सामान्य से 12% अधिक है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्ध-कर्म

## रामगढ़ के नेमरा में दशकर्म, संस्कार भोज, दो लाख से अधिक लोगों को भेजा गया निमंत्रण

रामगढ़, 15 अगस्त (एजेंसियां)। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का शुक्रवार को 11वां दिन है। आज संथाली रीति-रिवाज से गुरुजी का दशकर्म हुआ। दशकर्म के बाद 16 अगस्त को संस्कार भोज होगा। इसमें गांव-घर के अलावा अन्य लोग भी शामिल होंगे।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ स्थित नेमरा में अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक विधान पूरा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने परिजनों के संग विधि-विधान से संबंधित विमर्श किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने संस्कार भोज की हो रही तैयारियों का खुद जायजा भी लिया।

गुरुजी के पैतृक गांव नेमरा में 16 अगस्त को होने वाले संस्कार भोज की तैयारी पूरी हो गई है। गोला चौक से गुरुजी के घर तक करीब 25 किमी सड़क बनकर तैयार हो गई है। सड़क के दोनों ओर गुरुजी के बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए हैं। इस सड़क के




किनारे 4000 स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं। बिजली गुल होने की स्थिति से निपटने के लिए 200 से अधिक जेनरेटर लगाए गए हैं।

ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता सोमर उरांव, कार्यपालक अभियंता विजय उरांव और जेई धनंजर महतो वहां कैंप किए हुए हैं। कार्यक्रम की तैयारी में प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। तैयारी की व्यवस्था देख रहे मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को तैयारियों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के लिए दो लाख से अधिक लोगों को आमंत्रित किया गया है।

नेमरा से संस्कार भोज को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। ओरमांझी से सिकिदरी होकर गोला जाने वाले रूट पर शनिवार सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक मालवाहक गाड़ियों की एंट्री पर रोक रहेगी। इसी तरह सिल्ली व मुरी होकर गोला जाने वाली सड़क पर भी मालवाहक गाड़ियां नहीं चलेंगी।

संस्कार भोज के लिए अलग-अलग जगहों पर पांच बड़े पंडाल बनाए गए हैं। इन्हीं पंडालों में खाना बनाने की व्यवस्था होगी। इन पंडालों में गुरुजी की तस्वीर भी लगाई जाएगी, जहां लोग उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। पंडालों में एसी और कूलर की भी व्यवस्था की गई है।

गुरुजी के घर से 500 मीटर तक दो अप्रोच रोड भी बनाए जा रहे हैं। पांच अगस्त को इस सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई थी। इसे देखते हुए अप्रोच रोड बनाने का फैसला लिया गया। इसके लिए पहाड़ों को काटकर सड़क बनाई जा रही है। ताकि अगर जाम जैसी स्थिति बने तो गाड़ियों को इस रोड से आगे निकाला जा सके।

संस्कार भोज में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बाबा रामदेव, तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी और आरके आनंद का आना तय हो गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इसकी पुष्टि कर दी है।

# बिलासपुर में 7 महीने में चाकूबाजी के 120 केस

## डिजाइनर-बटनदार चाकुओं की बिक्री पर हाईकोर्ट सख्त, खरीदने-बेचने वाले दोनों पर होगी कार्रवाई

बिलासपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बिलासपुर में बढ़ते अपराध और चाकूबाजी के बीच कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है। डिजाइनर और बटनदार चाकुओं की दुकानों व ऑनलाइन बिक्री पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए गृह विभाग के प्रमुख सचिव से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा है।

कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, ये बटनदार, डिजाइनर चाकू कोई सब्जी काटने के लिए तो लेता नहीं होगा, इसकी गंभीरता को समझिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि आपके पास आर्म्स एक्ट भी है तो फिर इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

**7 महीने में चाकूबाजी के 120 केस, 7 मर्डर व 122 घायल**

बिलासपुर में सिर्फ जनवरी से जुलाई 2025 के बीच चाकूबाजी की 120 घटनाएं दर्ज हुई हैं, जिसमें 7 लोगों की हत्या हो गई। जबकि, 122 लोग घायल हुए। लगातार हो रही वारदातों के बावजूद रसोई के चाकू और ओपनर के नाम पर भी घातक हथियार खुलेआम बेचे जा रहे हैं।

मामूली विवाद पर लड़के चाकू जैसे धारदार हथियारों से हमला कर दे रहे हैं। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कुछ कार्रवाइयां जरूर कीं, लेकिन हथियारों की आसानी से उपलब्धता ने हालात को और गंभीर बना दिया।

**हाईकोर्ट ने चाकू की ऑनलाइन बिक्री पर जताई चिंता**

मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि धारदार हथियारों की आसान उपलब्धता ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दे दी है। ऑनलाइन साइट्स पर भी चाकुओं की बिक्री जारी है, जिसे रोकने के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

# सीएचसी संचालक को मारी गोली, रिम्स रेफर

## बाइक सवार हमलावर फरार, साइबर अपराधियों पर गोली मारने का संदेह

धनबाद, 15 अगस्त (एजेंसियां)। धनबाद के गोविंदपुर थाना के दलदली खड़ेडीह मोड़ रामलाल मार्केट में सीएचसी संचालक सुरेश सोरेन (32) को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना गुरुवार की रात हुई। दो बाइक से चार अपराधी आए थे। दोनों बाइक खड़ी कीं और दुकान में बैठे सुरेश पर फायरिंग कर दी।

अपराधियों ने दो गोली चलाई। एक गोली मिस कर गई। दूसरी गोली सुरेश के कंधे में लग गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण सुरेश को लेकर अस्पताल पहुंचे। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

वहीं, डीएसपी हेड क्वार्टर वन शंकर कामती और गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु कुमार राउत ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। कालाडाबर का रहने वाला सुरेश फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय का काम करने के साथ सीएससी का भी संचालन करता है। आरंभिक जांच में पुलिस को साइबर अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम देने का संदेह है।

# दम घुटने से चार लोगों की मौत

## सेप्टिक टैंक के शटरिंग खोलने के दौरान हुआ हादसा, मृतकों में तीन सगे भाई

गढ़वा, 15 अगस्त (एजेंसियां)। गढ़वा में शुक्रवार को सेप्टिक टैंक के शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। घटना जिला मुख्यालय से सटे नवादा गांव में हुई। मृतकों में तीन सगे भाई शामिल हैं। चारों एक-एक कर टैंक के अंदर घुसे और उनकी जान चली गई।

मृतकों की पहचान नवादा गांव निवासी मोती चौधरी के तीन पुत्र अजय चौधरी (50), चंद्रशेखर चौधरी (42), राजू शेखर चौधरी (55) और गांव के ही मल्टू राम के रूप में हुई है।

तीनों भाई नए घर का निर्माण करा रहे थे और नया सेप्टिक टैंक बनाया गया था। उसके शटरिंग को खोलने के दौरान यह घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शटरिंग खोलने के तुरंत बाद मल्टू राम टैंक में उतर गया, लेकिन काफी देर तक वह बाहर नहीं आया। यह देख राजू शेखर चौधरी उसे देखने के लिए टैंक में उतरे और वो भी बाहर नहीं निकल सके। अजय चौधरी और फिर चंद्रशेखर चौधरी भी एक-एक कर टैंक में उतरे, लेकिन चारों ही अंदर फंस गए। पास खड़े ग्रामीणों को जब यह देखा कि चारों अंदर से नहीं लौट रहे हैं, तो उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला और गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर ने चारों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, एसडीपीओ नीरज कुमार और गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का मानना है कि सेफ्टी टैंक में जहरीली गैस के कारण दम घुटने से चारों की मौत हुई होगी। घटना के बाद नवादा गांव और गढ़वा शहर में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दामाद ने की सास की हत्या, फिर की खुदकुशी

## आरोपी की रांची में इलाज कराने की थी तैयारी, कुदाल और ईंट से खुद पर किया वार

पलामू, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। मानसिक रूप से बीमार प्रमोद प्रजापति ने अपनी सास सुशीला देवी की कुदाल से वारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी आत्महत्या कर ली।

घटना शुक्रवार की है। प्रमोद की पत्नी शोभा देवी ने बताया कि उनकी शादी 2021 में हुई थी। दंपती का एक तीन वर्षीय बेटा है। प्रमोद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

इसी कारण उनके मायके वाले उन्हें इलाज के लिए बुला रहे थे। दो दिन बाद रांची ले जाने की योजना थी। घटना के समय घर में सिर्फ शोभा, उसकी दो छोटी बहनें, मां और प्रमोद थे। शोभा के पिता और भाई ट्रक चालक हैं और बाहर रहते हैं।

**सुशीला देवी बचने की कोशिश में इधर-उधर भागीं**

शोभा देवी के अनुसार, प्रमोद की मानसिक स्थिति अचानक बिगड़ी और उसने घर में रखे कुदाल से सास पर हमला कर दिया।

सुशीला देवी बचने की कोशिश में इधर-उधर भागीं, लेकिन प्रमोद ने उन्हें पकड़ लिया और उनकी हत्या कर दी। इसके बाद प्रमोद ने कुदाल और ईंट से खुद पर वार कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने प्रमोद का शव सड़क किनारे से बरामद किया। ग्रामीणों ने घायल सुशीला को एमएमसीएच मेदनीनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर प्रमोद के पिता नरेश प्रजापति छतरपुर थाना पहुंचे। बेटे का शव देखकर वे रो पड़े। शोभा एक ही दिन में मां की मौत और पति की आत्महत्या से टूट गई है।

# राजनीति के गलियारों में पंचायत चुनाव की सरगर्मी



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में अगले साल संभावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ने गांव से लेकर शहर तक राजनीति के गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी भले ही चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन गाँव-गाँव में चौपाल सजने लगी हैं। चाय की दुकानों, पंचायत चौपालों और खेतों के किनारों पर अब सिर्फ फसल और महंगाई की नहीं, बल्कि प्रधान बनने की रणनीतियों की बातें हो रही हैं। प्रदेश में पंचायत चुनाव हमेशा से ही सामाजिक और राजनीतिक चर्चा का केंद्र रहे हैं। पंचायती चुनाव की महत्ता की बात की जाये तो पंचायत राज व्यवस्था का उद्देश्य था ''गाँव का शासन गाँव के हाथ में''। एक तरफ गांव में चौपालें सज रही हैं तो दूसरी तरफ इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बदली हुई आरक्षण की व्यवस्था लागू होने की सुगबुगाहट के चलते चुनाव लड़ने के इच्छुक कई नेताओं उम्मीदवारों की पेषानियों पर बल पड़ गये है। ऐसे इस लिये है क्योंकि हाल ही में, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने योगी सरकार से पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था को लेकर स्पष्ट कहा था कि पंचायत चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया 2015 को आधार वर्ष मानकर लागू की जाये, इसी के साथ कोर्ट ने प्रदेष सरकार द्वारा जारी नई आरक्षण सूची को रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले ने न केवल योगी सरकार की किरकिरी कराई बल्कि नई चुनौतियाँ भी खड़ी कीं हैं,वहीं हाईकोर्ट के फैसले ने ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी गणित को भी पूरी तरह बदल दिया।

बहरहाल, पंचायत चुनाव में आरक्षण का मुद्दा उत्तर प्रदेश में लंबे समय से विवादास्पद रहा है। इस बार भी, जब सरकार ने नई आरक्षण नीति लागू करने की कोशिश की, तो इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि नई आरक्षण नीति पारदर्शी नहीं है और यह सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करती थी,जिसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सरकार को निर्देश दिया कि आरक्षण की व्यवस्था 2015 के आधार पर ही लागू की जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि नई सूची तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस फैसले का असर ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के लिए होने वाले चुनावों पर पड़ना तय है। कई उम्मीदवार, जो पहले से अपनी जीत की रणनीति बना चुके थे, अब नए सिरे से रणनीति तैयार करने में जुट गए। खास तौर पर, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यह फैसला महत्वपूर्ण रहा। हाईकोर्ट के इस आदेश ने यह सुनिश्चित किया कि आरक्षण का रोटेशन चक्रानुक्रम (रोटेशनल) तरीके से हो, जिससे हर वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

इसके बाद ही योगी सरकार ने पंचायत चुनाव में 2015 के अनुसार पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन का फैसला किया है। यह आयोग सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन का अध्ययन करेगा और आरक्षण नीति को और मजबूत करने के लिए सुझाव देगा।

इस कदम को सामाजिक समावेशिता की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन इसके विपरीत कुछ आलोचकों का कहना है कि यह प्रक्रिया चुनाव को और जटिल बना सकती है। कोर्ट के पंचायत चुनाव में आरक्षण से जुड़ें फैसले ने न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावित किया, बल्कि ग्रामीण मतदाताओं के बीच भी एक नई बहस छेड़ दी। कई लोग इसे सामाजिक न्याय की जीत मान रहे हैं, तो कुछ का मानना है कि बार-बार बदलती नीतियों से चुनावी प्रक्रिया में अनिश्चितता बढ़ रही है। अब, पंचायती राज विभाग को नई आरक्षण सूची तैयार करने और कोर्ट के निर्देशों का पालन करने की चुनौती है। ऐसे में चुनाव कराये जाने में देरी भी हो सकती है।

उधर, हाईकोर्ट के आदेश के बाद नये सिरे से आरक्षण की व्यवस्था के बीच प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा 2026 के जनवरी और फरवरी माह में होने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है और संबंधित विभागों को समय पर आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इन चुनावों में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा। चुनाव की तिथियां देशभर के अन्य चुनावों और बोर्ड परीक्षाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दी जाएंगी। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से कराने पर जोर दिया जा रहा है। चुनाव के लिये सबसे खास बात यह है कि यह संभवता यह चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से कराये जा सकते हैं। आश्चर्यजनक बात यह भी है कि गाँव की 'सरकार' बनाने के लिये से प्रदेश की 'राजधानी' लखनऊ तक में 'पंचायतों' का दौर चल रहा है। सभी दलों का शीर्ष नेतृत्व पूरी दमखम के साथ जुटा हुआ है क्योंकि पंचायत चुनाव के नतीजों से 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव के लिये भी 'मैसेज' निकलेगा।

एक समय था जब पंचायत चुनाव में राजनैतिक दल प्रत्यक्ष रूप से हिस्सेदारी नहीं लेते थे ,लेकिन अब करीब-करीब सभी राजनैतिक दल अपने प्रत्याशी उतारने से गुरेज नहीं करते हैं। यही वजह है कुछ राजनीतिक दल आगामी चुनावों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन की सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने पंचायत चुनावों में पूरी ताकत के साथ ताल ठोकने की तैयारी कर ली है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर ने इसे 2027 के विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल करार दिया है, जो इसे और भी अधिक महत्वपूर्ण बनाता है। सुभासपा छड़ी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेगी और 15 जून तक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करेगी। वहीं अपना दल की नेत्री और मोदी सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल ने यूपी पंचायत चुनाव अकेले ही लड़ने की घोषणा करके बीजेपी खेमें में हलचल बढ़ा दी है। उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन प्रशासनिक तैयारियां और राजनीतिक दलों की सक्रियता आगामी चुनावों के संकेत दे रही हैं। गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव न केवल लोकतंत्र का सबसे निचला लेकिन सबसे प्रभावी स्तर है, बल्कि यह सामाजिक समीकरणों, जातीय राजनीति और स्थानीय विकास की बुनियाद भी तय करता है। हर गाँव में प्रधान, बीडीसी, ग्राम पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के पदों के लिए दावेदार तैयार हो रहे हैं। कुछ पुराने चेहरे एक बार फिर मैदान में उतरने की तैयारी में हैं तो कुछ युवा नए उत्साह के साथ राजनीति में कदम रखने को तैयार हैं।

इन चुनावों में जितनी भूमिका वादों और विकास की होती है, उतनी ही भूमिका जातीय समीकरणों, परंपराओं, स्थानीय विवादों और व्यक्तिगत संबंधों की भी होती है। यही वजह है कि पंचायत चुनाव, विधानसभा या लोकसभा चुनाव से भी कहीं अधिक जटिल और व्यक्तिगत माने जाते हैं। उत्तर प्रदेश के गाँवों में पंचायत चुनावों का गणित अक्सर जातीय आधार पर तय होता है। जैसे ही आरक्षण सूची घोषित होती है, उम्मीदवारों की रणनीति बदल जाती है। जिस सीट पर पिछली बार किसी एक जाति का दबदबा था, इस बार अगर वह सीट आरक्षित हो जाए तो समीकरण पूरी तरह बदल जाते हैं। इसके अलावा गाँव की राजनीति में 'रिश्तेदारी की राजनीति' भी गहरी होती है। किसी मोहल्ले या टोले से एक से अधिक प्रत्याशी आ जाएँ तो वोट कटने लगते हैं और तीसरा व्यक्ति चुनाव जीत जाता है। यही वजह है कि चुनाव से पहले उम्मीदवार एक-दूसरे को मनाने में लग जाते हैं कि ''इस बार तुम नहीं, अगली बार सही।'' आगामी पंचायत चुनाव के लिये इस बार यह भी देखा जा रहा है कि महिलाएं और युवा अधिक सक्रिय हैं। महिला आरक्षण के चलते कई महिलाएं अब केवल ''नाममात्र की प्रधान'' नहीं रहना चाहतीं, बल्कि खुद निर्णय लेने और गाँव के विकास में योगदान देने को तैयार हैं। वहीं युवा वर्ग भी परंपरागत राजनीति से हटकर नए मुद्दे जैसे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और डिजिटल सेवाओं को चुनावी मंच पर ला रहा है। कई गाँवों में युवाओं के समूह ''बदलाव मंच'' या ''युवा पंचायत'' जैसे नामों से सक्रिय होकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

# विकसित भारत की बुलंद तस्वीर

आज भारत आज़ादी के 79 वर्ष मना रहा है, उपनिवेशवाद से उभरकर वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण शक्ति बन कर दुनिया पर अब राज करने का सपना भी साकार करने के प्रयास में आगे बढ़ रहा है। आर्थिक उदारीकरण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए, भारत ने जो उल्लेखनीय प्रगति की है, उसे देख व सुनकर अन्य देशों का कलेजा मुंह को आने लगता है। सोचिए अगर 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का मोदी जी का सपना पूरा हो गया तो फिर भारत कैसा होगा? 1947 से अब तक ये 78 बरस पहले तक उपनिवेश की परछाईं भर भारत की हैसियत थी लेकिन, अब भारत उस मुश्किल दौर ने निकल कर दुनिया में एक अलग पहचान हासिल करने के सफर में काफी आगे बढ़ चुका है। एक दौर वह भी था जब दुनिया ने कहना शुरू किया था कि भारत ढहना तय है, लेकिन भारत ने अपने मेहनत से आगे बढ़ कर आज ग्लोबल जियो और इकॉनमिक पॉलिटिक्स का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। इसके बाद भी भारत के पैर न रुके हैं और न ही थके हैं। अब से पहले के दौर को कई अहम पड़ावों में बांटा जा सकता है - पहला चुनाव, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, उदारीकरण, पोखरण। हर एक पड़ाव महत्वपूर्ण है और इसने देश को वर्तमान आकार देने में मदद की। लेकिन, प्रभाव के नजरिये से देखा जाए, तो 1990 का दशक बदलाव का सबसे बड़ा वाहक था, जब भारत ने आर्थिक उदारीकरण को अपनाया और तय किया कि इस दुनिया में उसे किस रास्ते पर चलना है। भारत के बाजार को खोलने का वह फैसला लिया गया, क्योंकि ऐसी मजबूरी खड़ी हो गई थी। तब देश के पास आयात के लिए विदेशी मुद्रा नहीं बची थी, और आज फॉरेन करंसी रिजर्व के मामले में भारत टॉप 4 में है। आजादी के समय 2.7 लाख करोड़ रुपये वाली जीडीपी अब चार ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन चुकी है। जिस विशाल आबादी को बोझ समझा जा रहा था, उसी की बदौलत तरक्की की ऐसी रफ्तार मिली, जो कोरोना महामारी और युद्धों के बीच भी थमी नहीं। भारत की विकास यात्रा की कहानी आंकड़े बताते हैं - 6.5% की विकास दर, ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17% का योगदान। देश धीरे-धीरे आयात से आत्मनिर्भरता और निर्यात की ओर बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में एक्सपोर्ट में 76% की वृद्धि हुई है, जबकि सर्विस एक्सपोर्ट करीब दोगुना हो गया है। इंजीनियरिंग के सामानों, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाओं या खाने-पीने तक ही नहीं - दूसरे देश अब भारत से हथियार भी खरीद रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 80 देशों को 2.76 बिलियन डॉलर के हथियार बेचे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय हथियारों की ताकत दिखाई है और इससे भी एक बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। सहयोग, उदारता और सभी से बराबरी के व्यवहार के चलते दुनिया की आकांक्षाएं उससे जुड़ चुकी हैं। सभी वैश्विक मंचों पर नई दिल्ली की बात सुनी जाती है और उसकी राय को सम्मान मिलता है। भारत का रुख दुनिया पर असर डालने वाले भू-राजनीतिक मुद्दों की दिशा तय करने की ताकत रखता है। अब देश के सामने अगला बड़ा लक्ष्य है 2047 तक विकसित मुल्कों की कतार में आना। तमाम मुश्किलों का मिलकर सामना करते हुए भारत जिस तरह यहां तक पहुंचा है, भरोसा है कि वह मंजिल भी उसे जरूर मिलेगी। यही उम्मीद पूरा देश कर रहा है।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता



राज कुमार सिंह

कभी सोने की चिड़िया माने गये भारत को सपेरों और बैलगाड़ियों का देश बताते हुए अंग्रेजों ने उसके स्वतंत्रता-पश्चात भविष्य पर संदेह जताया था, पर 78 साल बाद उसकी बुलंद तस्वीर दुनिया भर के लिए एक प्रेरक मिसाल है। जाहिर है, दर्जनों रियासतों में बिखरे और सैकड़ों साल गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहे भारत के लिए 1947 में आजादी के बाद का सफर आसान नहीं रहा। इसलिए आज का भारत, भारतीयों के जीवट का प्रमाण भी है। विभाजन की विभीषिका के साथ मिली आजादी में विकास संबंधी तमाम चुनौतियां निहित थीं। भारत से मिली आर्थिक मदद से आकार लेनेवाले पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ से अपने नापाक मंसूबों का संकेत भी तभी दे दिया था। 1962 में चीन और फिर 1965 में पाकिस्तान से युद्ध ने नव स्वतंत्र भारत की चुनौतियां और बढ़ा दीं, लेकिन देश ने एक-के-बाद-एक आपदाओं में ही अवसर तलाशने का जीवट दिखाया।

एक समय था, जब प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास की अपील करनी पड़ी, ताकि सरहद पर लड़ रहे सैनिकों को दोनों वक्त भोजन मिल सके। अमेरिका अपने नागरिकों के न खाने योग्य गेहूं ही भारत भेजता था, लेकिन हरित क्रांति ने हमें खाद्यान्न का निर्यातक बना दिया। हां, उस संकल्प को अपनी कड़ी मेहनत से साकार करनेवाले अन्नदाता किसानों की दशा न सुधर पाना असहज सवाल खड़े करता है। नीति-नियंताओं को समझना होगा कि किसानों के बदहाल रहते संपूर्ण भारत की खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा। कटु सत्य यही है कि आजादी के समय भारत की तस्वीर गरीब, अशिक्षित और बदहाल देश की थी, जिसमें जाति, संप्रदाय, भाषा और संस्कृति की विभाजक रेखाएं उभारना मुश्किल नहीं था। उसकी कोशिशें भी कम नहीं हुईं। फिर भी मजबूत अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान में भी ऊंची छलांग उसी भारत की बुलंद तस्वीर पेश कर रही है। 1991 में हमारी अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी, सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन अब हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद वर्षांत तक चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर हैं। 1971 में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान की मदद के लिए अपना जंगी जहाज भेजने की धमकी के बावजूद भारत ने न सिर्फ पृथक बांग्लादेश बनवाया, बल्कि 1974 में परमाणु परीक्षण कर अपने पराक्रम का परिचय भी दे दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देशों के अलावा परमाणु क्षमता का परिचय देनेवाला भारत पहला देश बना। भारत आज दुनिया के कई देशों को रक्षा उपकरण निर्यात भी करता है। अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट 19 अप्रैल, 1975 को अंतरिक्ष में भेजनेवाला भारत आज कई दूसरे देशों के उपग्रह भी लांच करता है। अंतरिक्ष में यह छलांग हमने बड़े देशों के मुकाबले बहुत कम खर्च में लगायी है। निर्गुट आंदोलन का अगुवा तो भारत रहा ही, उसके कमजोर पड़ जाने के बाद भी विश्व राजनय में उसकी धाक बढ़ती गयी है। शायद इसलिए भी खुद को दुनिया का दरोगा समझनेवाले दबंग देशों की आंखों में भारत खटकता है और वे उस पर दबाव बनाने के मौके तलाशते हैं। कड़वा सच यह भी है कि रूस को अपवाद मान लें तो हमें रिश्तों में अकसर विश्वासघात ही मिला है। हमने हिंदी-चीनी, भाई-भाई का नारा दिया, पर बदले में हमें चीनी आक्रमण मिला। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम ले कर बस से लाहौर गये, पर पाकिस्तानी सेना ने कारगिल में घुसपैठ कर दी। 1991 के बाद अमेरिका से बेहतर संबंधों की कवायद में रूस के बढ़ती दूरियों की कूटनीतिक समझदारी का सही आकलन तो आनेवाला समय ही करेगा, लेकिन डोनल्ड ट्रंप का दूसरा राष्ट्रपतिकाल भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय ही नहीं, आंतरिक चुनौतियां भी बढ़ाता दिख रहा है। 1991 के आसपास आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक बाजार की वकालत करते हुए डब्ल्यूटीओ आदि संस्थाओं के जरिये तमाम देशों पर अर्थव्यवस्था के खिड़की-दरवाजे खोलने के लिए दबाव बनानेवाला अमेरिका ही अब घरेलू उद्योगों के संरक्षण के नाम पर उस पूरी प्रक्रिया को उलटने पर आमादा है।

# भय भूख असमानता से मुक्ति का सपना पूरा होगा?



मनोज कुमार अग्रवाल

15 अगस्त, 2025 को भारत 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है । 15 अगस्त 1947 को भारत ने लंबे स्वातंत्र्य संघर्ष के बाद ब्रिटिश साम्राज्यवाद से मुक्ति हासिल की। राजनीतिक तौर तो आजादी मिल गई देश में धर्मनिरपेक्ष संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था स्थापित की। इन 78 साल में देश ने बहुत सारे क्षेत्रों में तरक्की और विकास के कीर्तिमान स्थापित किए

भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतंत्र बनकर यह सिद्ध किया है कि विविधताओं से भरे समाज में भी लोकतांत्रिक व्यवस्था पनप सकती है।

आजादी के बाद भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान, भारत ने विज्ञान, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि, खेल और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। लोकतंत्र की मजबूत जड़ों ने देश को स्थिरता प्रदान की है, लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, लैंगिक असमानता, सांप्रदायिकता और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे अभी भी मौजूद हैं। आजादी के बाद भारत ने हर क्षेत्र में भारी उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा, और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कई उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है और चंद्रयान और मंगलयान जैसे महत्वाकांक्षी मिशनों को अंजाम दिया है। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी सुधार हुआ है। साक्षरता दर में वृद्धि हुई है, और उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। हालांकि, अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में कई चुनौतियां मौजूद हैं, जैसे कि शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच। भारत एक कृषि प्रधान देश है, और आजादी के बाद से, भारत ने कृषि उत्पादन में काफी वृद्धि की है। हरित क्रांति के माध्यम से, भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की है। हालांकि, अभी भी किसानों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि सिंचाई, उर्वरक, और विपणन।भारत की अर्थव्यवस्था में भी काफी सुधार हुआ है। 1991 में आर्थिक सुधारों के बाद, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है। हालांकि, अभी भी भारत को कई आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि गरीबी, बेरोजगारी, और असमानता लगातार बढ़ रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।भारत आज दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्पेस टेक्नोलॉजी (ISRO), और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने वैश्विक मंच पर भारत को सम्मान दिलाया है। भारत मेंस्त्री-पुरुष समानता, दलित उत्थान, जन-भागीदारी, और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को आत्मसात करते हुए वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र जी20और ब्रिक्स जैसे मंचों पर भारत की आवाज़ गूंजती है।

इस सब तरक्की के और आर्थिक विकास के बावजूद ग्रामीण-शहरी विषमता, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा-रोजगार के बीच तालमेल की कमी अब भी गंभीर चुनौती है।राजनीतिक ध्रुवीकरण और सामाजिक विभाजन मध्य राजनीतिक दलों के बीच बढ़ता वैमनस्य और जाति-धर्म आधारित राजनीति, राष्ट्रहित को पीछे छोड़ती प्रतीत होती है। तेजी से होते औद्योगीकरण और बेतरतीब विकास ने प्राकृतिक संसाधनों पर गंभीर संकट खड़ा किया है। जल संकट, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन यथार्थ बन चुके हैं।पर्यावरण संरक्षण के लिए को जा रहे प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। हाल ही में उत्तराखंड के घराली में बादल फटने के बाद आइ तबाही में काफी जान माल का नुकसान हुआ है इस के अलावा हिमाचल प्रदेश में भी प्राकृतिक आपदा के चलते काफी क्षति हुई है। आजादी के 78 साल बाद भी हम ऐसा डिसासटर सिस्टम बनाने और क्रियान्वित करने में असफल रहे हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नैतिक मूल्यों, और विचारों की विविधता को कहीं-कहीं दबाया जा रहा है – जो लोकतंत्र के मूल आदर्शों के विपरीत है।सरकार द्वारा अमृत काल की परिकल्पना अगले 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए की गई है – जहाँ 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखना लक्ष्य है। इस काल में नीति, नीयत और नागरिक भागीदारी – तीनों की शुद्धता अत्यावश्यक होगी।हम एक ऐसे समय में खड़े हैं जब भारत को अपनी आंतरिक कमजोरियों पर आत्ममंथन करना है और भविष्य के लिए ठोस नींव रखनी है। तकनीक, नवाचार, हरित विकास, न्यायिक सुधार, और मानवाधिकारों की रक्षा – ये सभी अब हमारी प्राथमिकताएं होनी चाहिए।स्वतन्त्रता केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं, बल्कि भय, भूख, असमानता, अज्ञान और अन्याय से भी मुक्तिजब हर नागरिक को आर्थिक अवसर मिले, बिना भेदभाव के।

जब समाज विचारों की विविधता को स्वीकार करे, न कि उसे कुचले।जब युवा आत्मनिर्भर, जागरूक और उत्तरदायी बनें।जब देश की नीति नैतिकता और समावेशिता पर आधारित हो।जब हम संस्कृति का सम्मान करते हुए आधुनिकता से जुड़ें, न कि पश्चिमीकरण को अंधानुकरण समझें।

अपराध बढ़ रहे हैं। अब लोग ज्यादा जागरूक हो गए हैं और थानों में जाकर एफआईआर दर्ज कराने लगे हैं? कई विशेषज्ञ मानते हैं कि आजकल पुलिसिंग सिस्टम में पारदर्शिता आई है. लोग अब खुलकर सामने आते हैं और घटनाओं को रिपोर्ट करते हैं. पहले जो बातें दबा दी जाती थीं, डर, समाज, या सिस्टम पर भरोसा न होने के चलते, अब वो बातें रिकॉर्ड पर आ रही हैं. इसका एक पहलू ये भी है कि आंकड़ों का बढ़ना हमेशा बुरी बात नहीं होती, बल्कि ये इस बात का संकेत भी हो सकता है कि अब चीजें छिपाई नहीं जा रहीं। देश में इतना विकास के बाबजूद बढते अपराध महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों और अत्याचार के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। दुर्भाग्य देखिए कि आज तथाकथित धर्म उपदेशक कथावाचक भारतीय महिलाओं को चरित्रहीन बताने का दुस्साहस कर रहे हैं और हमारी सरकारें ऐसे अल्प शिक्षित अल्प ज्ञानी रील और सोशल मीडिया के बूते पर स्वयंभू बाबा बने लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से हिचकिचा रहीं है। आजादी के 78 साल बाद भी देश की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित होना बता रहा है कि हमारी न्यायिक व्यवस्था हिचकोले खा रही है। पूंजीवाद हावी हो चला है अमीर और अमीर हो रहा है जबकि गरीब का जीवन कष्टों से भरा हुआ है। अभी भी सबको शिक्षा सबको स्वास्थ्य के लिए व्यवस्था देने में सरकार नाकाम रही है। अस्पताल है तो डाक्टर नहीं है डाक्टर हैं तो दवा नहीं है।

# बुरी आदतों की बेड़ियों से मुक्ति है सच्ची आज़ादी



सुरेश गांधी

हम हर साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि गुलामी के बंधन तोड़ना ही आज़ादी नहीं है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में स्वतंत्र होना भी उतना ही जरूरी है। सवाल यह है, क्या हम अपनी बुरी आदतों, निर्भरताओं और लतों से सच में आज़ाद हैं? हमें खुद से भी पूछना चाहिए, क्या हम अपनी बुरी आदतों, निर्भरताओं और लतों से सच में आज़ाद हैं? आज बहुत से लोग दिन-रात मोबाइल में डूबे रहते हैं, जंक फूड पर निर्भर हैं या फिर इंद्रियों के वश में जीते हैं। सच्ची स्वतंत्रता का मतलब है, वही सोचना जो हमें और समाज को सुख दे, वही बोलना जो दूसरों का सम्मान बढ़ाए, और वही करना जो सृष्टि को सुंदर बनाए। मतलब साफ है सच्ची आज़ादी केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि अपने विचार, आदतों, शरीर और संसाधनों पर नियंत्रण पाना भी है। यदि हम बुरी आदतों, फिजूलखर्ची, लत और भौतिकवादी मानसिकता से मुक्त हो जाएं, तो ही जीवन में सही मायने में स्वतंत्रता का अनुभव कर सकेंगे स्वतंत्रता संग्राम का मूल उद्देश्य केवल अंग्रेज़ी हुकूमत से मुक्ति पाना नहीं था, बल्कि एक ऐसे भारत का निर्माण करना था जो न्याय, समानता, पारदर्शिता और जनकल्याण के सिद्धांतों पर खड़ा हो।

आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी, जब हम राष्ट्रगान के साथ तिरंगा लहराते हैं, तो यह सवाल मन में उठता है, क्या हम वास्तव में उस सपनों के भारत को पा सके हैं जिसकी कल्पना हमारे पूर्वजों ने की थी? दुर्भाग्य से, आज देश के सामने तीन ऐसी जकड़नें हैं जो हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को कमजोर कर रही हैं, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण। ये तीनों न केवल शासन-प्रशासन की पारदर्शिता को निगलते हैं, बल्कि राष्ट्र की विकास गति को भी बाधित करते हैं. जी हां, देश को बाहरी दुश्मनों से नहीं, बल्कि इन आंतरिक बुराइयों से सबसे बड़ा खतरा है। जब तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण खत्म नहीं होते, तब तक 1947 की स्वतंत्रता अधूरी है। सच्ची आज़ादी वही होगी, जब हर नागरिक को समान अवसर, ईमानदार शासन और न्यायपूर्ण व्यवस्था मिले। या यूं कहे अंग्रेज़ों की गुलामी से मुक्ति पाने के बाद भी यदि हम इन तीन जकड़नों से मुक्त नहीं हो पाते, तो यह आज़ादी अधूरी है। असली आज़ादी तब होगी जब भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लगे और हर योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ जनता तक पहुंचे। परिवारवाद का अंत हो और नेतृत्व का चयन केवल योग्यता, ईमानदारी और जनसेवा के आधार पर हो। तुष्टिकरण की राजनीति समाप्त हो और हर नागरिक को समान अधिकार, अवसर और न्याय मिले, बिना जाति, धर्म या क्षेत्र के भेदभाव के। मतलब साफ है आज़ादी की सालगिरह सिर्फ झंडा फहराने और भाषण देने का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी समय है। यदि हम इन तीनों विकृतियों को समाप्त करने का संकल्प लें, तभी हम अपने बच्चों को एक सशक्त, समृद्ध और सच्चे अर्थों में स्वतंत्र भारत सौंप पाएंगे।

किसी संगठन या व्यक्ति में अनुशासन की कमी का दोष अक्सर दूसरों पर डाल दिया जाता है, जबकि सुधार की शुरुआत खुद से होनी चाहिए। ट्रैफिक सिग्नल तोड़ना, गलत जानकारी देना, समय पर काम न करना, ये सब छोटी-छोटी अनुशासनहीनताएं हैं, जिनसे छुटकारा पाना जरूरी है।

चिंता कभी खत्म नहीं होती - पढ़ाई, नौकरी, प्रमोशन... हर मोड़ पर नई चिंता। असल में हमें समस्या नहीं, बल्कि अपनी प्रतिक्रिया मारती है। ऐसे में अपना ध्यान उन चीजों पर लगाएं, जिन पर आपका नियंत्रण है। अपने लिए नई चुनौतियां तय करें, सकारात्मक सोच अपनाएं और मानसिक शांति बनाए रखें।

नशे से छुटकारा पाना कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। सही इलाज, पर्याप्त नींद, व्यायाम और नशे के माहौल से दूरी इस मुक्ति में सहायक होते हैं। हमारी इच्छाएं और दिखावटी जीवनशैली हमें प्रकृति और सरलता से दूर कर रही हैं।

हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा लगाए, पानी की बर्बादी रोके और संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करे। पैसा आपका सेवक है, मालिक नहीं। खर्च करने से पहले सोचेंक्रक्या यह जरूरत है या सिर्फ चाहत? न्यूनतम जीवनशैली अपनाकर बचत और संतोष दोनों पाया जा सकता है। आज का काम कल पर न टालें। अगले दिन का शेड्यूल रात में ही तय करें, अधूरे काम को प्राथमिकता दें और खुद को समय पर काम पूरा करने की आदत डालें। तेज़ रफ्तार जिंदगी में स्वास्थ्य अक्सर पीछे छूट जाता है। नियमित व्यायाम, योग और संतुलित आहार से शरीर को बीमारियों के बंधन से मुक्त रखा जा सकता है। भ्रष्टाचार केवल पैसों की हेराफेरी नहीं, बल्कि यह व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास तोड़ने वाली बीमारी है। जब जनता देखती है कि मेहनत और योग्यता से ज्यादा रिश्वत और जोड़-तोड़ से काम होते हैं, तो उसकी उम्मीदें खत्म हो जाती हैं।

# श्रीकृष्ण के अमर प्रतीक

उमेश कुमार साहू

जब बालकृष्ण ने नंदबाबा के आंगन में पहली बार कदम रखा, तब किसी को अनुमान न था कि यह बालक एक ऐसा विराट व्यक्तित्व बनेगा, जो युगों-युगों तक धर्म, प्रेम और पराक्रम का प्रतीक रहेगा। श्रीकृष्ण के जीवन की यात्रा केवल लीलाओं की कथा नहीं, अपितु प्रतीकों का भी महाग्रंथ है। जीवन के विभिन्न चरणों में उन्हें छह ऐसे दिव्य उपहार मिले, जो उनके व्यक्तित्व का पर्याय बन गए और जिनके पीछे छिपा है एक गहरा आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ।

1. बांसुरी : संगीत की आत्मा, प्रेम की भाषा कृष्ण और बांसुरी का संबंध केवल एक वाद्य यंत्र तक सीमित नहीं है। यह प्रेम की शुद्धतम ध्वनि है, जो आत्मा को छू लेती है। कहते हैं, नंदबाबा ने बालकृष्ण को बांसुरी दी थी जब वे मात्र तीन-चार वर्ष के थे। यह बांसुरी, कालांतर में राधा के प्रेम, गोपियों की समर्पण भावना और ब्रह्माण्ड के संगीत की अभिव्यक्ति बन गई। कृष्ण की बांसुरी से निकली तान केवल कानों को नहीं, आत्मा को झंकृत करती है। दर्शनः बांसुरी हमें सिखाती है कि सबसे मधुर संगीत तभी निकलता है जब हम स्वयं को खो देते हैं। यह प्रतीक है अहंकार-शून्यता और प्रेम की शाश्वतता का। 2. वैजयंती माला : विजय की नहीं, विनय की माला वैजयंती माला, जिसे श्रीकृष्ण ने सदैव धारण किया, राधा रानी का प्रथम उपहार मानी जाती है। यह माला केवल विजयों का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मसमर्पण, मित्रता और श्रद्धा का प्रतीक भी है। यह माला उन्हें रासलीला से पूर्व राधा ने पहनाई थी और इसके पीछे छिपा था स्त्रीत्व का सम्मान, और भावनाओं का आदान-प्रदान। दर्शन : यह माला दर्शाती है कि सच्ची विजय केवल युद्धों में नहीं, प्रेम में, सम्मान में, और समर्पण में भी होती है। 3. मोरपंख : सौंदर्य, सजगता और सहजता का प्रतीक कृष्ण के मुकुट पर सजे मोरपंख का सौंदर्य जितना बाह्य है, उतना ही भीतर भी। वृंदावन में जब कृष्ण आठ-दस वर्ष के थे, तब पहली बार राधा ने उन्हें यह मोरपंख सजाया था। यह पंख केवल एक आभूषण नहीं, बल्कि एक संदेश था - सौंदर्य में अहंकार नहीं, सरलता होनी चाहिए। दर्शन : मोरपंख श्रीकृष्ण के जीवन में सौंदर्य और सहजता का अद्भुत संगम है। यह प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा भी देता है। 4. अजितजय धनुष और पांचजन्य शंख : धर्म की पुकार गुरु संदीपनि के आश्रम में जब श्रीकृष्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, तब उन्हें शंखासुर से युद्ध में अजितजय धनुष और पांचजन्य शंख प्राप्त हुआ। शंख, युद्ध की पुकार से अधिक, धर्म और न्याय का उद्घोष है। जब भी अधर्म बढ़ा, कृष्ण ने इस शंख की ध्वनि से चेतावनी दी। दर्शन : यह शंख और धनुष दर्शाते हैं कि प्रेमी हृदय भी आवश्यक होने पर योद्धा बन सकता है। धर्म की रक्षा के लिए कर्म करना ही सच्चा योग है। 5. सुदर्शन चक्र : समय और न्याय का अमोघ अस्त्र सुदर्शन चक्र श्रीकृष्ण को परशुराम से प्राप्त हुआ, जब वे तेरह वर्ष के थे। यह वही चक्र था जो भगवान शिव ने त्रिपुरासुर वध के लिए बनाया था और विष्णु को प्रदान किया था। सुदर्शन केवल एक अस्त्र नहीं, न्याय का चक्र है, जो अधर्म को नष्ट करता है और धर्म की स्थापना करता है। दर्शन : सुदर्शन चक्र श्रीकृष्ण के कर्मयोग का प्रतीक है - बिना मोह के, न्याय के लिए कठोर निर्णय लेना।



# जन्माष्टमी का व्रत कैसे रखते हैं?

## रात में व्रत खोलने की विधि क्या है

जन्माष्टमी का व्रत इस साल 16 अगस्त को रखा जाएगा। इस व्रत की शुरुआत सुबह सूर्योदय के साथ हो जाती है और इसका समापन कई लोग रात 12 बजे के बाद कर लेते हैं तो वहीं कई श्रद्धालु अगले दिन अपना व्रत खोलते हैं।

**जन्माष्टमी व्रत के नियम एक दिन पहले से शुरू हो जाते हैं।**

जन्माष्टमी से एक दिन पहले यानी सप्तमी तिथि को सात्विक भोजन करें और मन शांत रखें।

व्रती को पूरे दिन अपनी इच्छानुसार निर्जला या फलाहार उपवास रखना चाहिए।

इस दिन प्याज, लहसुन, मांस, मदिरा, तंबाकू इत्यादि चीजों का भूलकर भी सेवन नहीं करना चाहिए।

व्रत वाले दिन सुबह स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें और भगवान श्री कृष्ण के समक्ष घी का दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें।

-पूरे दिन अपना मन भगवान की भक्ति में लगाएं रखें।





इस व्रत में अन्न का सेवन बिल्कुल भी न करें। आप फलाहारी भोजन ले सकते हैं। रात के समय भगवान को पंचामृत से स्नान कराएं और परिवार सहित उनकी आरती करें।

इसके बाद भगवान को भोग लगाकर प्रसाद सभी में बांट दें।जन्माष्टमी का व्रत अपने यहां की परंपरा के अनुसार उसी दिन रात 12 बजे के बाद या फिर अगले दिन सूर्योदय के बाद खोलना ाहिए।

इस दिन भगवान के मंदिर में जा क र दर्शन जरूर करने चाहिए।

**कृष्ण जन्माष्टमी व्रत पारण मुहूर्त 2025**

जो लोग जन्माष्टमी के दिन ही व्रत पारण करते हैं वो रात 12 बजे की पूजा के बाद अपना व्रत खोल सकते हैं।वहीं जो अगले दिन व्रत खोलते हैं वो 17 अगस्त की सुबह 05:51 के बाद अपना उपवास खोल सकते हैं।

**कृष्ण जन्माष्टमी की रात में व्रत कैसे खोलें**

जन्माष्टमी की रात में व्रत खोलने से पहले भगवान कृष्ण की विधि विधान पूजा करें और उन्हें उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाएं।

इसके बाद पूजा में चढ़ाए गए प्रसाद को खाकर अपना व्रत खोल लें। रात की पूजा के बाद आप सात्विक भोजन ग्रहण कर सकते हैं।



# जन्माष्टमी के महाउपाय जो जीवन की हर परेशानी का कर देंगे अंत

अगर आप चाहते हैं कि आपके जीवन में कभी यश की कमी न हो और आपकी तिजोरियां हमेशा भरी रहें, तो इसके लिये श्री कृष्ण मंदिर में जाकर पीले रंग के कपड़े, पीला फल, अनाज और पीले रंग की मिठाई दान करें। साथ ही रात को कृष्ण जन्म के समय उनके इस मंत्र का जाप करें। मन्त्र है- 'क्लीं कृष्णाय स्वाहा।' जन्माष्टमी के दिन ऐसा करने से आपके जीवन में कभी यश की कमी नहीं होगी और आपकी तिजोरियां हमेशा भरी रहेंगी।

**इस उपाय से टिकने लगेगा पैसा**

अगर आपके पास पैसा तो बहुत है, लेकिन पैसा रूकता नहीं है, कहीं न कहीं खर्च हो जाता है और आखिर में जरूरत के समय आपको दूसरों से पैसा उधार मांगना पड़ता है, तो ऐसे में जन्माष्टमी की रात ठीक 12 बजे एकान्त में लाल कपड़े पहनकर बैठें और अपने सामने 10 लक्ष्मी कारक कौड़ियों को, सिंदूर में रंगकर रखें। साथ ही तेल का दीपक जलाएं और इस मंत्र का जप करें। मंत्र है- 'गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।' इस मंत्र से 5 माला जप करें और जाप पूरा होने के बाद पूजन में रखी कौड़ियों को उठाकर अपने धन रखने के स्थान पर या तिजोरी में रख दें। इस दिन ऐसा करने से आपका पैसा आपके पास रूकने लगेगा और आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी।

**इस उपाय से शोहरत में होगी वृद्धि**

अगर आप ऐश्वर्य की प्राप्ति करना चाहते हैं और समाज में शोहरत पाना चाहते हैं, तो जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण को साबुतदाने अथवा चावल की खीर बनाकर भोग लगाएं। साथ ही संभव हो तो खीर में थोड़ी केसर की पत्तियां भी डालें। इसके अलावा अपने काम की सिद्धि के लिये रात को श्री कृष्ण के इस मंत्र का जप करें। मन्त्र है- 'क्लीं हृषिकेशाय नमः।'

**ये उपाय दिलाएगा मां लक्ष्मी की विशेष कृपा**

अगर आप मां लक्ष्मी की कृपा अपने ऊपर बनाये रखना चाहते हैं और जीवन में खूब तरक्की पाना चाहते हैं, तो आज जन्माष्टमी के दिन घर में या किसी बाग में या किसी मन्दिर आदि में केले के दो पौधे लगाएं। साथ ही अपने काम बनाने केलिये रात के समय श्री कृष्ण के इस मंत्र का जाप करें। मन्त्र है- 'श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय स्वाहा।'

**इस उपाय से पूरी होगी हर इच्छा**

अगर आपकी कोई ऐसी इच्छा है, जो बहुत दिनों से आपके मन में है और उसे आप जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं, तो आज जन्माष्टमी के दिन शंख में जल भरकर लड्डु गोपाल का अभिषेक करें। साथ ही रात के समय श्री कृष्ण के इस विशेष मंत्र का जप करें। मन्त्र है- 'श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहा।'

**इस उपाय से परिवार में बनी रहेगी सुख-शांति**

अगर आप अपने परिवार में सुख-शांति बनाये रखना चाहते हैं और घर के सदस्यों के बीच प्यार बढ़ाना चाहते हैं, तो आज रात को श्री कृष्ण जन्म के समय विधि-पूर्वक भगवान की पूजा-अर्चना करें और उन्हें माखन मिश्री का भोग लगाएं। साथ ही उनके इस मंत्र का जप करें। मन्त्र है- 'ऊं नमो भगवते नारायणाय ।'

**शत्रु से छुटकारा पाने का उपाय**

अगर आप शत्रु से छुटकारा पाना चाहते हैं या आपको पिछले कुछ समय से कोई व्यक्ति बहुत परेशान कर रहा है तो आज रात को ठीक 12 बजे साबुत उड़द की काली दाल और चावल के दाने मिलाकर घर के बाहर किसी एकांत जगह पर गड्ढे. में दबा दें। साथ ही श्री कृष्ण भगवान के इस विशेष मंत्र का जप करें। मंत्र है- 'ऊँ नमो भगवते रुक्मिणी वल्लाभाय स्वाहा।'

**पॉजिटिविटी बनाये रखने का उपाय**

अगर आप अपने जीवन में खुशहाली बनाये रखना चाहते हैं, तो आज पॉजिटिविटी बनाये रखने के लिये भगवान कृष्ण की मूर्ति या तस्वीर के सामने आसन बिछाकर बैठ जायें। साथ ही एक पात्र में केसर और रोली मिलाकर रखें। इसके बाद श्री कृष्ण के इस मंत्र का जप करें। मन्त्र है- 'ऐं क्लीं कृष्णाय ह्रीं गोविन्दाय श्रीं गोपी जनवल्लभाय स्वाहा सौं।' इस मंत्र का जाप करने के बाद उस केसर मिश्रित रोली को घर के मंदिर में रख दें और रोज सुबह स्नान आदि के बाद अपनी नाभि व अपने माथे पर लगाएं।

**बिजनेस और नौकरी में तरक्की पाने का उपाय**

अगर आप अपना खुद का कोई बिजनेस करते हैं या नौकरी करते हैं, लेकिन उससे आपको कोई ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है, तो अपने बिजनेस और नौकरी में तरक्की के लिये आज जन्माष्टमी के दिन सात कन्याओं को घर में आदरसहित बुलाकर उन्हें खीर खिलाएं, लेकिन कन्याओं को खिलाने से पहले कन्हैया जी को उसका भोग लगाना न भूलें। इसके साथ ही अपने काम में सफलता पाने के लिये आज रात के समय श्री कृष्ण के इस मंत्र का जप करें। मन्त्र है- 'ऊँ क्लीं नमो भगवते नन्दपुत्राय बालादिवपुषे श्यामलाय गोपीजन वल्लभाय स्वाहा।'


लव मैरिज के लिए करें ये उपाय

अगर आप किसी को पसंद करते हैं और अब उसे अपना जीवनसाथी बनाना चाहते हैं, तो आज जन्माष्टमी के दिन मंदिर में जाकर सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण को पीले फूलों की माला पहनाइए और गोले की मिठाई से भोग लगाइए। साथ ही उनके इस मंत्र का जप करिये। मंत्र है- 'ॐ क्लीं ह्रीं श्रीं गोपीजन वल्लभाय स्वाहा'। जन्माष्टमी के दिन ऐसा करने से आपके प्रेम विवाह में आ रही सारी अड़चने जल्द ही दूर हो जायेगी।

**वैवाहिक जीवन में खुशहाली के लिए करें ये उपाय**

अगर आप अपने दाम्पत्य रिश्ते को मजबूत और मधुर बनाना चाहते हैं, तो आज श्री कृष्ण मंदिर में जाकर दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर भगवान श्री कृष्ण का अभिषेक करें और भगवान को शहद और इलाइची का भोग लगाइए। साथ ही श्री कृष्ण के इस मंत्र का जप करें। मंत्र है- 'क्लीं कृष्णाय स्वाहा।'

# भगवान कृष्ण की पवित्र जन्म कथा



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भजन-कीर्तन और पूजा पाठ के साथ व्रत करने का विशेष महत्व है। इस दिन हर भक्त व्रत रखकर ईश्वर से प्रार्थना करता है कि वह धरती पर अवतरित होकर कंश जैसी बुराइयों का सर्वनाश करें। मान्यता है कि कंश के प्रताड़ना से परेशान हो चुके भगवान कृष्ण के माता-पिता देवकी और वासुदेव को जेल में एक-एक दिन गुजारना मुश्किल हो रहा था। जिस दिन भगवान कृष्ण का जन्म हुआ उस दिन मां देविकी और भगवान वासुदेव ने अन्न जल ग्रहण नहीं किया। वह पूरे दिन खाली पेट रहकर भी ईश्वर से प्रार्थना करते रहे कि उन्हें इस मुश्किल से छुटकारा मिले। उनके इसी दुख में शामिल होने के लिए नगर के बहुत से लोगों ने उपवास किया और भगवान से प्रार्थना की। यही कारण है कि आज भी भक्तगण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर व्रत करते हैं।

**जन्माष्टमी व्रत कथा-**

स्कंद पुराण के अनुसार द्वापर युग में मथुरा में महाराजा उग्रसेन राज करते थे। राजा उग्रसेन को उनके पुत्र कंस ने गद्दी से हटाकर खुद राजा बन गया। कंस की एक बहन देवकी थी, जिसका विवाह वसुदेव नामके व्यक्ति से हुआ था। कंस देवकी से बहुत प्रेम करता था। जब देवकी की शादी वसुदेव जी से हुई तो कंस काफी दुखी हुआ और खुद ही रथ हांककर बहन को ससुराल विदा करने जाने लगा। लेकिन तभी आकाशवाणी हुई, 'हे कंस! जिस देवकी को तु बड़े प्रेम से विदा करने जा रहा है उसका आठवां पुत्र ही तेरा काल होगा। यह सुन कंस क्रोधित हो उठा और उसने देवकी के बाल पकड़कर रथ से नीचे फेंक दिया।



कंस ने लिया देवकी के 8 पुत्रों को मारने का वचन कंस ने सोचा अगर मैं इसे ही मार दूं तो इसका पुत्र ही नहीं होगा और ना ही मेरी मौत। कंस को ऐसा करते देख वासुदेव क्रोधित हुए लेकिन वह इसके हल के रूप में कंस को सुझाव दिया कि तुम्हें देवकी से डरने की कोई जरूरत नहीं है, समय आने पर मैं तुम्हें खुद देवकी की आठवीं संतान सौंप दूंगा।

उनके समझाने पर कंस का गुस्सा शांत हो गया। कंस जानता था कि वसुदेव झूठ नहीं बोलते थे। कंस ने वसुदेव जी की बात मान ली और वसुदेव व देवकी को कारागार में बन्द कर दिया और सख्त पहरा लगवा दिया।

**आठवें पुत्र के रूप में जन्मे श्रीकृष्ण**

समय आने पर कंस ने एक-एक कर देवकी की सातों संतानों को मार दिया। जब आठवें संतान का समय आया तो कंस ने पहरा कड़ा कर दिया। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। जिस समय वसुदेव-देवकी को पुत्र पैदा हुआ, उसी समय संयोग से यशोदा के गर्भ से एक कन्या का जन्म हुआ, जो और कुछ नहीं सिर्फ 'माया' थी।

बालक का जन्म होते ही जेल में बंद देवकी के कमरे में तेज प्रकाश हुआ और सामने भगवान विष्णु प्रकट हुए। उन्होंने वसुदेव से कहा कि मैं ही बालक रूप में तुम्हारी संतान के रूप में आया हूं। तुम मुझे अभी इसी समय अपने मित्र नंदजी के घर वृंदावन में छोड़ आओ और उनके यहां जो कन्या जन्मी है, उसे लाकर कंस को दे दो।'

अपने आप ही खुल गई थीं बेड़ियां

यह आदेश सुनकर वसुदेव नवजात शिशु को सूप में रखकर कारागृह से निकल पड़े और अथाह यमुना को पार कर नंदजी के घर पहुंचे। रास्ते में हो रहे चमत्कारों को देख कर वह बेहद दंग थे जैसे पहरेदार अपने आप ही सो गए, उनके हाथों में पड़ी बेड़ियां खुल गई, उफनती हुई यमुना नदी भी उनके लिए रास्ता दे रही थी। यमुना नदी को पार कर वसुदेव ने नवजात शिशु को यशोदा के साथ सुला दिया और कन्या को लेकर मथुरा आ गए।

**भगवान कृष्ण द्वारा कंस का अंत**

जब कंस को सूचना मिली कि वसुदेव-देवकी को बच्चा पैदा हुआ है तो उसने उसने बंदीगृह में जाकर देवकी के हाथ से नवजात कन्या को छीनकर पृथ्वी पर पटक देना चाहा, परंतु वह कन्या आकाश में उड़ गई और बोली 'अरे मूर्ख, मुझे मारने से क्या होगा? तुझे मारने वाला तो वृंदावन में जा पहुंचा है। वह जल्द ही तुझे तेरे पापों का दंड देगा।' यह सुनकर कंस बेहद क्रोधित हुआ। उसने कई बार बालक कृष्ण को मारने का प्रयास किया लेकिन ऐसा कर नहीं पाया, अंत में जब भगवान कृष्ण युवावस्था में पहुंचे तब उन्होंने कंस का वध किया।

# कृति सेनन की 'कॉकटेल 2' में रश्मिका मंदाना और शाहिद कपूर के साथ बनेगी तिकड़ी?



बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल आने वाला है। साल 2012 में रिलीज हुई इस फिल्म में जहां दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की तिकड़ी देखने को मिली थी, वहीं अब 'कॉकटेल 2' में नए चेहरों के साथ एक ताज़ा तड़का लगने जा रहा है। इस बार फिल्म की कमान संभाली है निर्देशक होमी अदजानिया ने और सबसे बड़ी खबर ये है कि कृति सेनन इस बार फिल्म की लीड अभिनेत्री होंगी।

**होमी अदजानिया ने किया कन्फर्म**

हाल ही में निर्देशक होमी अदजानिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कृति सेनन की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने 'कॉकटेल 2' का हैशटैग यूज किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्क इन प्रोग्रेस भी लिखकर इस बात का संकेत दिया कि फिल्म की तैयारियां अब जोरों पर हैं। इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, क्योंकि अभी तक फिल्म से जुड़ी कोई आधिकारिक कास्टिंग अनाउंसमेंट सामने नहीं आई थी। लेकिन अब कृति की फिल्म में एंट्री का ऐलान हो चुका है।

**क्या होगी नई 'कॉकटेल' की कहानी?**

फिल्म की कहानी को लेकर काफी गोपनीयता बरती जा रही है। हालांकि सूत्रों की मानें तो इस फिल्म में मॉडर्न रिश्तों और आधुनिक प्यार की एक नई परत को उजागर किया जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म में कृति सेनन के साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में होंगे। ये तिकड़ी पहले कभी साथ नहीं दिखी और ऐसे में इन तीनों की केमिस्ट्री दर्शकों के लिए एक नया अनुभव बन सकती है।

**शूट से पहले ही रश्मिका ने भी बटोरी सुर्खियां**

हाल ही में रश्मिका मंदाना ने भी निर्देशक होमी की एक पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए अपनी एक मजेदार तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा 'वर्क इन प्रोग्रेस' और चेहरा छिपा रखा था। यह संकेत था कि वो भी इस प्रोजेक्ट में शामिल हैं, हालांकि उन्होंने इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

**शाहिद और कृति की जोड़ी फिर साथ**

कृति सेनन और शाहिद कपूर पहले 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में साथ नजर आ चुके हैं और अब इस नई फिल्म में एक बार फिर इनकी जोड़ी दर्शकों को देखने को मिलेगी। पिछली फिल्म में इनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को सराहा गया था, ऐसे में 'कॉकटेल 2' से भी उम्मीदें बढ़ गई हैं।

**फिल्म का निर्माण और रिलीज**

फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है और इसकी पटकथा लिखी है लव रंजन ने। बताया जा रहा है कि फिल्म साल 2026 के अंत तक सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**कृति सेनन के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

कृति के फैंस के लिए यह खबर किसी तोहफे से कम नहीं, क्योंकि वो पहले ही धनुष के साथ 'तेरे इश्क में' और रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' जैसी बड़ी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। अब 'कॉकटेल 2' उनकी फिल्मी लिस्ट में एक और दमदार नाम जोड़ता है।

# कूली सिनेमा के लिए रजनीकांत को शिल्पा शिरोडकर ने दी बधाई, बोलीं- आप मेरे लिए प्रेरणा





रजनीकांत ने 50 साल का सुनहरा सफर सिनेमा में पूरा कर लिया है। इस अवसर पर तमाम सितारे उन्हें बधाई दे रहे हैं। इसी मौके पर आज गुरुवार को मेकर्स ने 'कुली' फिल्म रिलीज करते हुए उन्हें खास तोहफा दिया है।

इसी कड़ी में अब अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने रजनीकांत को लेकर पोस्ट किया है और उनके साथ की गई एक फिल्म को याद किया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या लिखा।

**'हम' फिल्म की शूटिंग की तस्वीर शेयर की**

शिल्पा शिरोडकर ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने साल 1991 में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'हम' की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में अभिनेत्री, रजनीकांत और गोविंदा के साथ गार्डन में खड़ी नजर आ रही हैं। तीनों एक खास अंदाज में फोटो क्लिक करा रही हैं, जिसमें शिल्पा शिरोडकर पिंक कलर की ड्रेस पहने दिख रही हैं।

**रजनीकांत के लिए लिखा प्यारा संदेश**

इस पोस्ट को शेयर करते हुए शिल्पा शिरोडकर ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे अपने करियर की शुरुआत में ही रजनी सर के साथ काम करने का सौभाग्य मिला था और मैं कहना चाहूंगी कि यह एक ऐसी याद है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।

रजनी सर आप सचमुच मेरे और हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। आपके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। आप अपनी शैली और पर्दे पर अपने जादू से इंडस्ट्री पर राज करते हैं और हम आने वाले समय में और भी बहुत कुछ देखने के लिए उत्सुक हैं। इंडस्ट्री में 50 साल पूरे करने पर बधाई।'

**शिल्पा शिरोडकर का वर्कफ्रंट**

शिल्पा शिरोडकर आगामी तमिल फिल्म 'जटाधारा' में नजर आने वाली हैं।

यह अलौकिक थ्रिलर फिल्म है। अभिनेत्री कई वर्षों के बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं।

यह फिल्म पौराणिक कथा पर आधारित है। इस फिल्म में सुधीर बाबू के अलावा सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका में हैं। 8 अगस्त को फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था।

# 'द ताज स्टोरी' में कोर्टरूम ड्रामा करते नजर आएंगे परेश रावल

परेश रावल की आगामी फिल्म 'द ताज स्टोरी' का टीजर आज गुरुवार को रिलीज हुआ है। इस



फिल्म में मशहूर अभिनेता परेश रावल मुख्य भूमिका में हैं। टीजर में परेश एक अदालत में खड़े होकर बौद्धिक आतंकवाद के मुद्दे पर जोरदार बहस करते दिखाई दिए।

**'द ताज स्टोरी' का टीजर हुआ रिलीज**

'द ताज स्टोरी' एक सामाजिक ड्रामा है, जो सवाल उठाती है कि क्या आजादी के 79 साल बाद भी हम बौद्धिक आतंकवाद के गुलाम हैं? यह फिल्म ताजमहल के निर्माण को लेकर भी सवाल खड़े करती है, जैसे कि क्या इसे वाकई शाहजहां ने बनवाया था? फिल्म 'द ताज स्टोरी' में परेश रावल के अलावा जाकिर, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**कब रिलीज होगी 'द ताज स्टोरी'**

इस फिल्म को तुषार अमरीश गोयल ने लिखा और निर्देशित किया है, जबकि विकास राधेशम क्रिएटिव प्रोड्यूसर और रोहित शर्मा संगीतकार हैं। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले निर्माताओं (स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज और सीए सुरेश झा) ने टीजर के साथ फिल्म की घोषणा की, जो दर्शकों में उत्साह और चर्चा पैदा कर रहा है। यह फिल्म 31 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**परेश रावल का करियर**


इस फिल्म से पहले परेश रावल ने 'अजयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी' में एक आध्यात्मिक गुरु की भूमिका निभाई थी। इस किरदार में वे अजय (अनंतविजय जोशी) को एक विद्रोही युवक से योगी और जननेता बनने की प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाते हैं। कथित तौर पर परेश ने बताया कि यह भूमिका उनके लिए सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक गहरे निजी अनुभव जैसी थी।

# 'अगर शाहरुख खान 'सैयारा' में होते तो फिल्म फ्लॉप होती'

फिल्म 'सैयारा' से अहान पांडे ने डेब्यू किया है। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही है। कल्पना



करिए कि अगर फिल्म में शाहरुख खान होते तो? किंग खान की मौजूदगी में फिल्म क्या करती, इसे लेकर हम और आप सिर्फ कयास लगा सकते हैं, मगर इसी फिल्म के एक अभिनेता का कहना है कि तब यह फिल्म फ्लॉप हो जाती है। जी हां, फिल्म में कृष (अहान



पांडे) के पिता का रोल करने वाले वरुण बडोला ने कहा कि 'सैयारा' में अगर शाहरुख होते तो फिल्म नहीं चलती।

**बोले- 'शाहरुख 'सैयारा' के लिए बहुत बड़े स्टार'**

दरअसल, वरुण बडोला ने स्टार्स पावर के महत्व पर बात करते हुए ऐसा कहा। उन्होंने कहा कि 'सैयारा' में शाहरुख खान होते तो फिल्म नहीं चलती, इसी तरह अगर 'जवान' में अहान पांडे होते तो यह फिल्म भी फ्लॉप होती। वरुण के मुताबिक, 'सैयारा' के हिसाब से शाहरुख खान बडे.स्टार हैं और 'जवान' जैसी फिल्म के लिए अहान पांडे का व्यक्तित्व अभी उतना विशाल नहीं हैं।

वरुण बडोला ने दिया यह तर्क

वरुण बडोला ने हाल ही में इंटरव्यू में फिल्म की सफलता के लिए स्टार पावर की जरूरत पर बात की। दरअसल, 'सैयारा' के बाद स्टार वर्सेज कंटेंट की बहस शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि अब स्टार पावर जरूर नहीं रही। इस पर बात करते हुए वरुण बडोला इससे पूरी तरह असहमत नजर आए कि फिल्मों को अब बड़े सितारों की जरूरत नहीं है। अभिनेता ने तर्क दिया कि किसी भी प्रोजेक्ट का आकार, उसमें जरूरी स्टार पावर को निर्धारित करता है।

**शाहरुख खान के स्टारडम पर कही ये बात**

वरुण ने शाहरुख खान के सुपरस्टारडम की तुलना नए अभिनेता अहान पांडे से करते हुए बड़े सितारों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस धारणा को पूरी तरह खारिज कर दिया कि 'सैयारा' ने साबित किया है, अब दर्शकों को बड़े सितारों की जरूरत नहीं है। वरुण ने कहा, 'अभी तुम अहान पांडे को उठा के 'जवान' में डालो, जवान फ्लॉप हो जाएगी।

शाहरुख खान को 'सैयारा' में डाल दो, सैयारा फ्लॉप हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि शाहरुख खान अपने स्टारडम को देखते हुए 'सैयारा' के लिए बहुत बड़ा कद रखते हैं। वहीं, अहान को लेकर कहा कि इस युवा अभिनेता में 'जवान' जैसी बड़ी फिल्म चलाने लायक अभी पर्सनैलिटी नहीं।

# आईएफएफएम इवेंट में गर्लफ्रेंड गौरी के साथ नजर आए आमिर

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 की शुरुआत हो चुकी है। इस फिल्म फेस्टिवल में पहले दिन आमिर खान भी नजर आए। वह गर्लफ्रेंड गौरी के साथ पहुंचे हैं। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का आगाज शानदार तरीके से हुआ। इस इवेंट की प्रेस कॉन्फ्रेंस में आमिर खान, कॉमेडियन और एक्टर वीर दास, एक्ट्रेस तिलोत्तमा शोम, जिम सर्भ, अदिति राव हैदरी, जयदीप अहलावत, डायरेक्टर शूजित सरकार, अश्विनी अय्यर तिवारी, डायरेक्टर आर.एस. प्रसन्ना , सिंगर लिसा मिश्रा और मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा मौजूद थे।

**आमिर बोले- यह फेस्टिवल कल्चर को जोड़ता है**

आमिर खान ने फिल्म फेस्टिवल को लेकर कहा, 'मेलबर्न आकर बहुत अच्छा लग रहा है। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। यह सिनेमा का एक बेहतरीन मंच है जो लोगों और कल्चर को जोड़ता है। मुझे यकीन है कि इस फेस्टिवल में शामिल होने वाले सभी फिल्में और फिल्मकार एक शानदार अनुभव लेकर जाएंगे।'

मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने पर डायरेक्टर मीतू भौमिक लांगे ने भी खुशी जाहिर की। वह कहते हैं, 'हर साल आईएफएफएम बेहतरीन कहानियों, प्रतिभा और सिनेमा के जुनून को एक मंच पर लाता है।हमें गर्व है कि हम आमिर खान जैसे दिग्गज, शूजित सरकार और अश्विनी अय्यर तिवारी जैसी कहानीकार, और ऐसे कलाकारों की मेजबानी कर रहे हैं, जिनका अभिनय दुनियाभर के दर्शकों के



दिलों को छू जाता है। इस साल का कार्यक्रम, जिसकी शुरुआत बख्शो बॉन्डी के साथ हो रही है। वह क्रिएटिविटी की बेहतरीन मिसाल हैं। फिल्म फेस्टिवल में इतने शानदार मेहमानों की मौजूदगी इसे एक कल्चर फेस्टिवल भी बनाती है। साथ ही इससे भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों में मजबूती भी आएगी।' आईएफएफएम के 16वें एडिशन में हर साल की तरह इस बार भी तिरंगा फहराया जाएगा।

# यशराज के स्पाई यूनिवर्स में हुई बॉबी देओल की एंट्री आलिया भट्ट-शरवरी की फिल्म में आएंगे नजर



बॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्म 'वॉर2' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसके साथ ही यशराज फिल्म्स की एक और स्पाई यूनिवर्स की फिल्म को लेकर भी नई जानकारी सामने आ रही है। वॉर 2 के पोस्टक्रेडिट सीन में अभिनेता बॉबी देओल भी नजर आ रहे हैं। हालांकि ये कोई मामूली झलक नहीं बल्कि आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की अपकमिंग फिल्म अल्फा को लेकर बड़ा अपडेट रहा। क्या है पूरा मामला, चलिए आपको बताते हैं।

**'अल्फा' में हुई बॉबी देओल की एंट्री**

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' के पोस्टक्रेडिट सीन का एक सीन वायरल हो रहा है, जिसमें बॉबी देओल की शक्ल साफ तौर पर देखी जा रही है। इस सीन में बॉबी देओल एक लड़की के हाथ पर एंजेसी का स्टैंप लगाते हुए नजर आ रहे हैं। जब लड़की उनसे पूछती हैं कि ये क्या है तो वो 'अल्फा' का नाम लेते हैं।

**बॉबी के सीन पर शरवरी का रिएक्शन**

शरवरी वाघ ने सोशल मीडिया पर इस सीन को शेयर करते हुए अपनी उत्सुकता जाहिर की है। उन्होंने लिखा है, 'आप बॉबी देओल सर!! आपका स्क्रीन प्रेजेंस क्या जबरदस्त इंट्रोडक्शन था!' वहीं, यह भी स्पष्ट हो गया है कि 'टाइगर' या 'पठान' जैसी बड़ी फिल्में वॉर2 में शामिल नहीं होंगी।

**'अल्फा' के बारे में**

यश राज फिल्म्स की 'अल्फा' फिल्म का निर्माण शिव रावैल निर्देशित कर रहे हैं और यह क्रिसमस 2025 यानी 25दिसंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म स्पाय वर्स में पहली महिलानेतृत्व वाली कड़ी होगी, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी मुख्य एजेंट की भूमिका में हैं। बॉबी देओल का किरदार उन्हें चुनौती देने वाला खलनायक होगा।

अनिल कपूर और ऋतिक रोशन की कैमियो उपस्थिति भी इस फिल्म को और आकर्षक बनाएगी। फिल्म की शूटिंग मुम्बई, कश्मीर, पोलैंड और स्कॉटलैंड जैसे अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर की जा रही है। यहां तक कि ऋतिक रोशन का कैमियो भी अल्फा में शामिल किया गया है, जो 'वॉर 2' से इस अपकमिंग फिल्म को जोड़ेगा।

# 'वह उनका अपना निजी मामला था', 'मोहरा' के सेट पर अक्षय-रवीना के अफेयर की अफवाहों पर बोले राजीव राय



90 के दशक में 'त्रिदेव', 'विश्वात्मा', 'मोहरा' और 'गुप्त' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले निर्देशक राजीव राय करीब 20 साल बाद बॉलीवुड में वापसी कर रहे हैं। वे एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'जोरा' बनाने वाले हैं। इस दौरान उन्होंने और भी कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। निर्देशक ने फिल्म 'मोहरा' के दौरान अचानक उड़ीं अक्षय कुमार और रवीना टंडन के अफेयर की अफवाहों पर भी खुलकर बात की।

**'इसमें कुछ भी गलत नहीं है'**

राजीव राय ने कहा, 'जहां तक अक्षय और रवीना की बात है तो उस वक्त दोनों सिंगल थे। अगर कोई बैचलर है और किसी के साथ रिश्ता बनाना चाहता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हो सकता है, वह यह देखना चाहता हो कि क्या यह रिश्ता लंबे समय तक चल सकता है या नहीं। अक्षय अच्छे दिखने वाले हैं, मेहनती हैं और उस दौर में उनके बारे में काफी बातें होती थीं, लेकिन मेरे सेट पर मैंने ऐसा कुछ नहीं देखा जो उन अफवाहों की पुष्टि करता हो'।

**'सेट पर सौ से ज्यादा लोग मौजूद होते हैं'**

निर्देशक ने आगे कहा, 'मैंने कभी महसूस नहीं किया कि सेट पर उनके बीच कुछ खास चल रहा है। हम सब पूरी तरह अपने काम में लगे हुए थे और मेरी पूरी नजर शूटिंग और परफॉर्मेंस पर रहती थी। अगर कोई किसी के साथ लंच कर रहा है या दो लोग साथ खड़े होकर बात कर रहे हैं तो उसमें कुछ असामान्य नहीं होता। अगर कोई पर्सनल रिश्ता हो भी तो वह दो लोगों के बीच की बात होती है। फिल्म के सेट पर सौ से ज्यादा लोग मौजूद होते हैं और किसी की निजी जिंदगी वहां खुले में नहीं जी जाती'।

**तो वह उनका अपना निजी मामला था**

राजवी राय ने कहा, 'मैं हमेशा इन चीजों से दूर रहता हूं। मेरा फोकस सिर्फ और सिर्फ फिल्म पर रहता है। 'मोहरा' की शूटिंग के दौरान माहौल काफी प्रोफेशनल था। अक्षय और रवीना दोनों ही अपने रोल को लेकर बहुत गंभीर थे। कोई ऐसा क्षण नहीं था, जहां लगा हो कि उनकी निजी जिंदगी शूट के रास्ते में आ रही है। कई बार बाहर के लोगों से कहानियां सुनीं। बातें फैलती हैं और फिर वही गॉसिप बन जाती है। लेकिन मैंने कभी कोई ऐसा दृश्य नहीं देखा या अनुभव नहीं किया, जिससे यह लगे कि सेट पर कुछ चल रहा है। अगर उनका कोई निजी रिश्ता था भी, तो वह उनका अपना निजी मामला था। उसका हमारी फिल्म या सेट के माहौल से कोई लेना-देना नहीं था'।

# ट्रम्प का दावा- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 6-7 विमान गिरे

## दोनों परमाणु युद्ध के लिए तैयार थे, मैंने विवाद सुलझाया, 6 महीने में 6 जंग रुकवाईं


वॉशिंगटन, 15 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच ऐसा बड़ा टकराव टाल दिया, जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था।

ट्रम्प ने कहा-भारत और पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एक-दूसरे को गिरा रहे थे। छह-सात विमान गिराए गए। हालात इतने तनावपूर्ण थे कि वे शायद परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने तक तैयार थे, लेकिन हमने यह मामला सुलझा लिया।

10 मई को उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की जानकारी दी थी। इसे ट्रम्प ने उनके प्रयासों का नतीजा कहा था।

**ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी**

ट्रम्प ने आगे अपने बयान में भारत पर 50% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने और रूस से तेल आयात करने पर एक्स्ट्रा पेनल्टी लगाने की धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रहा है, जिससे यूक्रेन युद्ध को



बढ़ावा मिल रहा है। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा, ट्रम्प अब तक भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ और रूस से तेल आयात करने पर 25% पेनल्टी लगा चुके हैं। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया है। रेसिप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी।

भारत के एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 9 अगस्त को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एपी सिंह बेंगलुरु के एचएएल मैनेजमेंट अकादमी ऑडिटोरियम में एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर के 16वें सीजन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार काम किया, पाकिस्तान हमारा एयर डिफेंस सिस्टम नहीं भेद पाया।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। 7 मई को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद में दावा किया था कि हमने भारत के हमले के जवाब में कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। पांच विमानों में 3 राफेल थे। बाद में पाकिस्तान 6 भारतीय विमान गिराने का दावा करने लगा था। पाकिस्तान ने 11 जुलाई को दोबारा भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया था। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा था।

अली खान ने कहा- भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठिकानों को गंभीर नुकसान पहुंचा।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने मई में ब्लूमबर्ग के साथ बातचीत में विमान मार गिराए जाने का जिक्र किया था। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया था कि किसके और कितने विमान गिरे। ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में सीडीएस ने कहा था असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे और हमने उनसे क्या सीखा। भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर एक बार फिर प्रभावी तरीके से जवाब दिया।

# खालिस्तानियों की स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम रोकने की कोशिश

### ऑस्ट्रेलिया में बनी टकराव की स्थिति

मेलबर्न, 15 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा और अमेरिका में अपनी गतिविधियों के बाद खालिस्तानी तत्वों ने ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी नारेबाजी की है। शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित भारतीय महावाणिज्य दूत में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम था। इसी दौरान सैकड़ों खालिस्तान समर्थक पहुंच गए और भारत के विरोध में नारे लगाते हुए कार्यक्रम को रोकने की कोशिश की। इससे यहां मौजूद भारतीयों और खालिस्तानियों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। हालांकि समय रहते पुलिस ने चीजों को संभाल लिया।

द ऑस्ट्रेलिया टुडे ने बताया है कि भारत के स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग वाणिज्य दूतावास में जमा हुए थे। कार्यक्रम अच्छा चल रहा था लेकिन तभी खालिस्तानियों ने समारोह में तोड़फोड़ करते हुए व्यवधान उत्पन्न कर दिया। इसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों तरफ की भीड़ को अलग किया और शांति बहाल की।

# पुतिन ने ट्रम्प के शांति प्रयासों की तारीफ की

## यूक्रेन जंग पर अलास्का में मिलेंगे दोनों नेता, मीटिंग से पहले विरोध शुरू

मॉस्को/ वॉशिंगटन, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यूक्रेन जंग खत्म करने की कोशिशों की तारीफ की है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की तरफ से जारी किए गए वीडियो में पुतिन ने कहा, ट्रम्प सरकार युद्ध रोकने और सभी पक्षों के हित में समझौता करने के लिए काफी ऊर्जा और ईमानदारी से प्रयास कर रही है। वहीं ट्रम्प ने कहा है कि इस बैठक के नाकाम होने की 25% संभावना है। हालांकि, अगर यह सफल रही तो वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को भी अलास्का बुलाकर त्रि-पक्षीय बैठक कर सकते हैं।

दूसरी तरफ बैठक से पहले अलास्का में यूक्रेन समर्थन ने रैली निकाली है।

**ट्रम्प बोले – पुतिन यूक्रेन पर समझौते को तैयार**

गुरुवार रात व्हाइट हाउस में बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए तैयार हैं।



उन्होंने इशारा किया कि असल शांति के लिए एक दूसरी बैठक की जरूरत होगी, जिसमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी शामिल हों। ट्रम्प ने कहा कि पहली बैठक शतरंज के खेल की तरह होगी, जो दूसरी और बड़ी बैठक का रास्ता बनाएगी।

उन्होंने साफ किया कि यूक्रेन और रूस के बीच समझौता करना जेलेंस्की और पुतिन पर निर्भर है। रूस फिलहाल यूक्रेन के लगभग 20% हिस्से पर कब्जा रखता है। यूरोप को चिंता है कि कोई भी समझौता पुतिन के कब्जे को वैध बना सकता है और आगे विस्तार का रास्ता खोल सकता है।

ट्रम्प और पुतिन की बैठक के लिए एंकरेज में रूसी और अमेरिकी नेताओं का आना शुरू हो गया है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव वार्ता के लिए सोवियत संघ (सीसीसीपी) लिखी स्वेट-शर्ट पहनकर पहुंचे।

जेलेंस्की और यूरोपीय नेता लगातार कोशिश कर रहे हैं कि ट्रम्प और पुतिन की बातचीत में उनकी चिंताओं पर भी बात हो।

गुरुवार को जेलेंस्की ब्रिटेन के दौरे पर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी सीजफायर समझौते में यूक्रेन की अखंडता की गारंटी होनी चाहिए। यूरोप में आशंका है कि कहीं अमेरिका-रूस की सीधी वार्ता में ऐसा समझौता न हो जाए जो रूस के पक्ष में हो और यूक्रेन की सुरक्षा को खतरे में डाल दे।

स्टार्मर ने चेतावनी दी कि अगर पुतिन युद्ध रोकने पर राजी नहीं होते, तो पश्चिमी देशों को रूस पर दबाव बढ़ाने के लिए तैयार रहना होगा।

रूसी क्रेमलिन के प्रवक्ता ने उम्मीदों को कम करते हुए कहा कि बैठक में किसी समझौते पर दस्तखत की योजना नहीं है और नतीजे का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी।

# अमेरिका का एफ-22 और रूसी सू-57

## जमीन पर ट्रंप और पुतिन की बैठक तो आसमान में आमने-सामने गजरेंगे दुनिया के दो सबसे खतरनाक जेट

मॉस्को, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे तो इस पर दुनिया की नजर होगी। ट्रंप दूसरी बार प्रेसिडेंट बनने के बाद पहली बार पुतिन के साथ आमने-सामने बैठकर बात करेंगे। इस समिट के दौरान एक और खास बात होने जा रही है। रूस का पांचवीं पीढ़ी का सू-57 विमान उसी हवाई क्षेत्र में उड़ान भरेगा, जहां अमेरिकी एफ-22 रैप्टर जेट विमान उड़ान भरते हैं। दोनों जेट का एक हवाई क्षेत्र में होने का यह पहला मामला होगा। पुतिन और ट्रंप की यह बैठक अलास्का के एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन बेस में हो रही है। अमेरिकी एयरफोर्स के ज्यादातर एफ-22 विमान इसी सैन्य अड्डे पर तैनात हैं। आर्कटिक में अमेरिकी शक्ति प्रदर्शन के लिए यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इस क्षेत्र में रूस का दबदबा रहा है। माना जा रहा है कि पुतिन इस बेस पर कुछ सू-57 विमानों के साथ पहुंचेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, व्लादिमीर पुतिन एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन बेस पर पहुंचेंगे तो उनके साथ रूस के मॉडर्न सू-57 भी उड़ान भर रहे होंगे। एफ-22 और सू-57 के बीच अभी तक कोई संपर्क नहीं रहा है।

सू-57 और अमेरिकी एफ-35 पांचवीं पीढ़ी के जेट इस साल फरवरी में भारत में एक एयर शो में जरूर शामिल हुए थे। रूस के सू-57 (फेलॉन) को अमेरिका के एफ-22 का समकक्ष माना जाता है। दोनों पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान हैं। दोनों में उन्नत रडार और एवियोनिक्स हैं। यह बिना पकड़ में आए उड़ान भरने और दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

# नोबेल पुरस्कार के लिए बेताब ट्रंप

## नॉर्वे के मंत्री को टैरिफ पर फोन लगाया और मांगा सम्मान

वाशिंगटन, 15 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर कितने बेताब हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद ट्रंप, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट और उनके कुछ अधिकारियों तक ने अलग-अलग मौकों पर इस पुरस्कार की मांग की है। हालांकि, अब खबर आई है कि अपने लिए नोबेल पुरस्कार मांगते-मांगते ट्रंप ने टैरिफ के बहाने इस मुद्दे को नॉर्वे के मंत्री के सामने तक छेड़ दिया। गौरतलब है कि नॉर्वे की नोबेल समिति ही शांति पुरस्कार के लिए नामों का चयन करते हैं।

अमेरिकी मैगजीन पॉलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने पिछले महीने अचानक से ही नॉर्वे के वित्त मंत्री और नाटो के पूर्व प्रमुख जेंस स्टोलटेनबर्ग को फोन कर दिया और उनसे कुछ देर तक टैरिफ पर चर्चा की। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस बीच ही ट्रंप



ने स्टोलटेनबर्ग से अचानक नोबेल शांति पुरस्कार जीतने पर चर्चा शुरू कर दी।

इस बातचीत का खुलासा सबसे पहले नॉर्वे के डागेंस नेरिंगस्लिव अखबार की तरफ से गुरुवार को किया गया था। इसके बाद पॉलिटिको ने ओस्लो में सरकार के अधिकारियों से इस खबर की पुष्टि की। एक खुलासा यह भी हुआ है कि ट्रंप ने स्टोलटेनबर्ग से नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर पहले भी बात की है।

जेंस स्टोलटेनबर्ग ने ट्रंप से इस बातचीत को लेकर बताया कि उन्हें इससे जुड़ा एक फोन आया था। उन्होंने कहा, फोन कॉल में राष्ट्रपति के कुछ स्टाफ के सदस्यों भी बातचीत में जुड़े थे। इनमें वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और व्यापार प्रतिनिधि ग्रियर शामिल थे। हमने टैरिफ पर बात की। आर्थिक सहयोग पर बात की और नॉर्वे के पीएम स्टॉयर से बातचीत की भूमिका तैयार की। स्टोलटेनबर्ग ने इससे आगे बातचीत पर खुलासा करने से इनकार कर दिया।

**नोबेल के लिए क्या हैं ट्रंप के दावे?**


कुछ दिनों पहले ही ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा था- मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। मुझे भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा, मुझे सर्बिया और कोसोवो के बीच युद्ध रुकवाने के लिए पुरस्कार नहीं मिलेगा।

मुझे मिस्र और इथियोपिया के बीच शांति बनाए रखने के लिए पुरस्कार नहीं मिलेगा। मुझे पश्चिम एशिया में अब्राहम समझौते के लिए नोबल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो बहुत देशों के हस्ताक्षर इस समझौते पर होंगे और युगों में पहली बार पश्चिम एशिया को एकीकृत करेगा।

# अलास्का में सोवियत संघ की जर्सी पहनकर पहुंचे रूसी विदेश मंत्री

## वार्ता पर ट्रंप के बयान को किया खारिज



सर्गेई लावरोव

अलास्का, 15 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अलास्का में एक खेल आयोजन के दौरान सोवियत संघ (यूएसएसआर) की जर्सी पहनकर पहुंचे। फुटबॉल के बड़े प्रशंसक लावरोव को इस पुरानी सोवियत जर्सी में देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। कुछ लोग इसे 'गीगाचैड ट्रोलिंग' कह रहे हैं, यानी शायद वह जानबूझकर ध्यान खींचने के लिए ऐसा कर रहे हों, जबकि कुछ का मानना है कि शायद वह बस सहज महसूस कर रहे थे।

अलास्का में वार्ता को लेकर लावरोव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी पर सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया, जिसमें ट्रंप ने वार्ता के सफल होने की संभावना सिर्फ 25% बताई थी।

रूसी मीडिया के मुताबिक, लावरोव ने कहा, हम जानते हैं कि हमारे पास मजबूत तर्क और एक साफ-सुथरा, ठोस रुख है। हम अपनी बात रखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस वार्ता की तैयारी पहले से ट्रंप के विशेष दूत द्वारा की गई थी और उन्हें उम्मीद है कि बातचीत का सिलसिला अगले दिन भी जारी रहेगा।

# भारत की तरह अब जापान में फंसा एफ-35बी फाइटर

## एक सप्ताह बाद भी नहीं भर पाया उड़ान, अमेरिका की बेइज्जती

टोक्यो, 15 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के एफ-35बी लड़ाकू जहाज को पिछले सप्ताह जापान में आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। हालांकि, एक सप्ताह बाद भी अमेरिका निर्मित यह स्टील्थ फाइटर अभी तक उड़ान नहीं भर सकता है। हाल के हफ्तों में यह दूसरा एप-35बी फाइटर है, जिसे तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग करनी पड़ी है। इसके पहले भी ब्रिटेन के एक एफ-35बी ने भारत के तिरुवनंतपुरम में आपात लैंडिंग की थी और लगभग एक महीने तक खड़ा रहा था। इस बार यह ब्रिटिश फाइटर के किरिशिमा शहर के हवाई अड्डे पर उतरा है। कुछ ही समय में दो एफ-35बी की आपात लैंडिंग ने अमेरिकी विमान की क्षमता पर सवाल उठा दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रॉयल



नेवी के विमान वाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स से उड़ान भरने वाला यह एफ-35बी लड़ाकू विमान ने उड़ान के दौरान आई खराबी के चलते 10 अगस्त को सुबह लगभग 11.30 बजे लैंडिंग की थी। पायलट के पूरी तरह ठीक होने की बात कही गई, लेकिन कागोशिमा से आने-जाने वाली छह उड़ानों में देरी होने की बात कही गई। विमान को रनवे से हटाकर टैक्सीवे पर ले जाया गया। हवाई अड्डे पर अभी इसकी सही स्थिति ज्ञात नहीं है।

**जापान में खड़ा है एफ-35बी**

द वॉर जोन (टीडब्ल्यूजड) से ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि विमान अभी भी जापान में खड़ा है। हालांकि, ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने विमान में आई तकनीकी समस्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन बताया कि यह क्रूज में पहले आई खराबी से जुड़ा नहीं है, जिसके चलते एक अन्य एफ-35बी को भारत में आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी।

**फाइटर के पार्ट का हो रहा इंतजार**

रक्षा मंत्रालय ने टीडब्ल्यूजड से पुष्टि की कि रायल नेवी और रॉयल एयरफोर्स के इंजीनियरों ने विमान की पड़ताल की है और पार्ट्स का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही इसकी मरम्मत की जा सकेगी।

एफ-35 के पुर्जों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। ब्रिटेन के साथ ही अमेरिकी मरीन कॉर्प्स और जापान दोनों के पास एफ-35बी फाइटर हैं।

# पाकिस्तान में भारी बारिश से 24 लोगों की मौत

## कई जिलों में अचानक बाढ़ आई, भूस्खलन की भी मार

इस्लामाबाद, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कई इलाकों में हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक कम से कम 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग लापता हैं। राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं, लेकिन कई इलाकों में सड़कों के टूटने, पुल बह जाने और नदियों के जलस्तर बढ़ने से हालात बेहद गंभीर हो गए हैं।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लोअर दीर, बाजौर और एबटाबाद जिलों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। लोअर दीर के मैदान सोरी पाओ इलाके में एक घर की छत गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल



हुए। नजदीकी इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन ने कई घरों को नुकसान पहुंचाया। बाजौर जिले के जब्रारी और सालारजई क्षेत्रों में बादल फटने से आई बाढ़ में नौ लोगों की मौत हो गई और 17 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। पानी का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ने के कारण कई गांवों का संपर्क टूट गया है।

गिलगित-बाल्टिस्तान के गिजर जिले में बाढ़ और भूस्खलन से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग अब भी लापता हैं। इस आपदा में दर्जनों घर, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र नष्ट हो गए हैं। कराकोरम और बाल्टिस्तान हाईवे कई जगहों पर बंद हो गए हैं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप है। नीलम घाटी में भी हालात गंभीर हैं, जहां 600 से अधिक पर्यटक रत्ती गली झील के पास फंसे हुए हैं। यहां के कई पुल बह गए हैं और सड़कें टूट गई हैं।

**पर्यटक और स्थानीय लोग फंसे**

नीलम नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है। झेलम घाटी में बादल फटने से कई गाड़ियां फंस गई हैं, जबकि पाक-अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद जिले में एक बड़े भूस्खलन में एक ही परिवार के छह सदस्य दब गए।

# रंगपुर में मॉब लिंचिंग

## भीड़ ने दो हिंदुओं की पीट-पीटकर हत्या की, मोहम्मद यूनुस चुप

ढाका, 15 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में मॉब लिंचिंग का एक बड़ा मामला सामने आया है। रंगपुर जिले के तारागंज उपजिला क्षेत्र में चोरी के शक में दो लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना रंगपुर के बुरिरहाट हाई स्कूल परिसर में हुई। मृतकों की पहचान घनीरामपुर क्षेत्र के रूपलाल दास (40) और मीठापुकुर उपजिला के प्रदीप दास (35) के रूप में हुई है। दोनों एक ही परिवार से थे। इस मामले में मोहम्मद यूनुस ने चुप्पी साध ली है। यूनुस के कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार बढ़े हैं। 'ढाका ट्रिब्यून' के मुताबिक पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि पुलिस डर के मारे वहां से चली गई। इसके बाद जब तक पुलिस और सेना के जवानों से भरी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तब तक रूपलाल दास की मौत हो चुकी थी और हिंसा में शामिल ज्यादातर लोग मौके से फरार हो चुके थे।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार 'प्रोथोम अलो' ने चश्मदीदों के हवाले से बताया कि इस हमले में 15-20 युवक सबसे आगे थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रूपलाल और प्रदीप को भीड़ से घिरा देखा गया। इस भीड़ में ज्यादातर युवक थे। जब पुलिस ने लोगों को तितर-बितर करने की कोशिश की, तो भीड़ आक्रामक हो गई। तनाव बढ़ने पर पुलिस दोनों घायलों को वहीं छोड़कर चली गई, जो पिटाई से अधमरे हो चुके थे।

पुलिस के घटनास्थल से भाग जाने के बाद, भीड़ ने रूपलाल और प्रदीप पर लात-घूंसों, डंडों और रॉड के साथ बेरहमी से हमला करना शुरू कर दिया। इसके अलावा, चार-पांच युवकों ने रूपलाल की पीठ पर बार-बार लात मारी। इस बीच भीड़ हमलावरों को उकसा रही थी। पुलिस के मुताबिक, घायलों को तारागंज उपजिला हेल्थ कॉम्प्लेक्स ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने रूपलाल को मृत घोषित कर दिया।

# प्लेन पर लटककर भागे थे अफगानी गिरकर मरे

### हेलिकॉप्टर में नोट भरकर ले गए राष्ट्रपति गनी, तालिबान हुकूमत के 4 साल

काबुल, 15 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में 15 अगस्त को तालिबान हुकूमत के चार साल हो गए हैं। 2021 में आज के दिन ही तालिबान लड़ाकों ने राजधानी काबुल पर कब्जा कर लिया था।

इसके बाद आम लोग हड़बड़ी में देश छोड़कर भागने लगे। अफगानी नागरिक बस किसी भी तरह देश से बाहर निकलना चाहते थे, इसलिए कुछ लोग अमेरिकी प्लेन के पहिए से लटक गए थे, इस दौरान कुछ लोगों की आसमान से गिरने से मौत हो गई। दूसरी तरफ 20 साल तक तालिबान से लड़ने वाले अमेरिका ने अपने लोगों को निकालने के लिए स्पेशल हेलिकॉप्टर भेजा।

# हत्या के मामले में वकील ने कोर्ट में एआई से फर्जी तथ्य जुटाकर पेश की दलील

## खुलासे के बाद मांगी माफी

मेलबर्न, 15 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कोर्ट में एक वकील ने हत्या के मामले में एआई से फर्जी तथ्य जुटाकर दलील पेश की। वकील ने कोर्ट को ऐसे मामलों और फैसलों के बारे में बताया, जो अस्तित्व में थे ही नहीं। जांच के बाद जब खुलासा हुआ तो वकील ने कोर्ट से माफी मांगी।

विक्टोरिया राज्य के सर्वोच्च न्यायालय में बचाव पक्ष के वकील ऋषि नाथवानी ने हत्या के आरोपी एक किशोर के मामले में प्रस्तुतियों में गलत जानकारी दाखिल करने की पूरी जिम्मेदारी ली। वकील ने न्यायमूर्ति जेम्स इलियट से कहा कि जो कुछ हुआ उसके लिए हम बेहद दुखी और शर्मिंदा हैं। एआई की गलती की वजह से मामले के निपटारे में 24 घंटे की देरी हुई। मामले में जज इलियट ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि नाथवानी का मुवक्किल मानसिक रूप से विकलांग होने के कारण हत्या का दोषी नहीं है। वकील की फर्जी प्रस्तुतियों में राज्य विधानमंडल में दिए गए भाषण के मनगढ़ंत उद्धरण तथा सर्वोच्च न्यायालय के कथित रूप से गैर-मौजूद मामले के उद्धरण शामिल थे। इलियट के सहयोगियों ने जब वकील की दलीलों की जांच तो वह फर्जी पाई गईं। इस पर वकील से दलील के सबूत मांगे गए। अदालती दस्तावेजों के अनुसार वकीलों ने स्वीकार किया कि उद्धरण मौजूद नहीं हैं और प्रस्तुत किए गए उद्धरण काल्पनिक हैं। वकीलों ने बताया कि उन्होंने जांच की थी कि प्रारंभिक उद्धरण सही थे, इसलिए उन्होंने यह मान लिया था कि अन्य उद्धरण भी सही होंगे।

जज इलियट ने वकीलों से कहा कि जिस तरह से ये हुआ है, वह असंतोषजनक है। वकील द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्कों की सटीकता पर भरोसा करने की न्यायालय की क्षमता न्याय के समुचित प्रशासन के लिए मौलिक है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष वकीलों द्वारा एआई के उपयोग के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए थे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग तब तक स्वीकार्य नहीं है जब तक कि उस उत्पाद का स्वतंत्र और पूर्ण सत्यापन न हो जाए।

2023 में संयुक्त राज्य अमेरिका में एक ऐसे ही मामले में एक संघीय न्यायाधीश ने दो वकीलों और एक कानूनी फर्म पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाया था। न्यायाधीश पी. केविन कास्टेल ने कहा था कि वकीलों ने दुर्भावना से काम किया। लेकिन उन्होंने उनकी क्षमा याचना और यह स्पष्ट करने के लिए उठाए गए सुधारात्मक कदमों की सराहना की कि कठोर प्रतिबंधों की आवश्यकता क्यों नहीं थी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे या अन्य लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों के ज़रिए अपनी दलीलों में फर्जी कानूनी इतिहास पेश न कर पाएं। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व निजी वकील माइकल कोहेन के वकीलों द्वारा दायर कानूनी दस्तावेजों में एआई द्वारा गढ़े गए और अधिक काल्पनिक अदालती फैसलों का हवाला दिया गया।



# हरदीप पुरी बोले- नेशनल डीप वाटर मिशन से बदलेगी देश की सूरत

## अग्निवीरों के लिए एसबीआई की कर्ज योजना

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नेशनल डीप वाटर की मिशन शुरुआत करने के उद्देश्य के बारे में बताया है। 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने इस मिशन को शुरू करने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े इस मिशन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा, इस मिशन का उद्देश्य समुद्र के नीचे तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य 2032 तक तेल व गैस के राष्ट्रीय भंडार को दोगुना और 2047 तक वर्तमान उत्पादन को तिगुना करना है। एक्स पर एक पोस्ट में पुरी ने लिखा, गहरे पानी में शोध से प्राप्त होने वाले तेल-गैस भंडार देश की तस्वीर बदल देंगे।हरदीप पुरी ने आगे कहा, भारत की ऊर्जा सुरक्षा की चाहत लाल किले की प्राचीर से गूंजती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ऊर्जा आयात पर हमारी निर्भरता कम करने के लिए हाइड्रोकार्बन के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के भारत के प्रयासों में राष्ट्रीय गहरे पानी मिशन के महत्व पर ज़ोर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए ओआरडी संशोधन अधिनियम जैसे कानून सहित कई प्रमुख सुधार लागू किए गए हैं। एसबीआई ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारत सरकार के अल्पकालिक अग्निपथ भर्ती कार्यक्रम के तहत अग्निवीरों के लिए विशेष व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इस योजना के तहत बैंक में वेतन खाता रखने वाले अग्निवीर बिना किसी गारंटी के चार लाख रुपये तक का ऋण ले सकते हैं। इसमें प्रोसेसिंग शुल्क पर पूर्ण छूट होगी। पुनर्भुगतान अवधि अग्निपथ योजना की अवधि के अनुरूप होगी। बैंक 30 सितंबर, 2025 तक सभी रक्षा कर्मियों को 10.50 फीसदी की न्यूनतम ब्याज दर पर कर्ज की पेशकश कर रहा है। एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा, जो लोग हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हैं, वे अपने भविष्य निर्माण में हमारे समर्थन के हकदार हैं। हम आगे भी ऐसे समाधान लाते रहेंगे, जो देश के वीरों को सशक्त बनाएंगे। कर्ज में फंसी वोडाफोन आइडिया का एकीकृत घाटा चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में बढ़कर 6,608 करोड़ रुपये पहुंच गया। वित्तीय लागत बढ़ने से कंपनी का घाटा बढ़ा है। एक साल पहले की समान तिमाही में 6,426.7 करोड़ का नुकसान हुआ था। 30 जून, 2025 तक, कंपनी पर बैंकों का बकाया कर्ज 1,944.5 करोड़ था। भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते के लिए समीक्षा वार्ता का अगला दौर इस साल अक्तूबर में जकार्ता में आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वार्ता का दसवां दौर इसी माह (10-14 अगस्त) यहां संपन्न हुआ।

# भारत ने रूसी तेल से तोड़ा अमेरिका का घमंड

## ट्रंप की गीदड़भभकी के बीच बनाया नया रिकॉर्ड




नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारत को रूसी तेल इंपोर्ट करने पर हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी देते हुए 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। ट्रंप ने अपनी गीदड़भभकी में कहा कि अगर भारत ने रूस से तेल इंपोर्ट जारी रखा तो इस टैरिफ को और बढ़ाया जाएगा। ट्रंप की इस गीदड़भभकी का असर भारत पर नहीं हुआ है, क्योंकि हाल ही में तेल विश्लेषण कंपनी केप्लर ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय रिफाइनरियों ने अगस्त 2025 में रूस से प्रतिदिन 20 लाख बैरल तेल खरीदा है जो कि जुलाई में 16 लाख बैरल प्रतिदिन था।

**रूस से क्यों बढ़ा तेल का इंपोर्ट?**

यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से इराक और सऊदी अरब से कम खरीद के कारण हुई। इराक से खरीद जुलाई के 9.07 लाख बैरल प्रतिदिन से घटकर अगस्त में 7.3 लाख बैरल रह गई, जबकि सऊदी अरब से आयात 7 लाख बैरल से घटकर 5.26 लाख बैरल हो गया। अमेरिका इस दौरान पांचवां सबसे बड़ा सप्लायर रहा, जिससे 2.64 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आया। केप्लर के रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया ने बताया, "ट्रंप प्रशासन की जुलाई 2025 के आखिर में टैरिफ घोषणा के बाद भी अगस्त में रूस से आयात स्थिर रहा है। लेकिन यह स्थिरता समय का असर है। अगस्त के माल जून और जुलाई की शुरुआत में ही बुक कर लिए गए थे, यानी किसी भी नई नीति का असर अभी दिखना बाकी है।" उन्होंने कहा कि असली बदलाव सितंबर के आखिर से अक्टूबर में आने वाली खेपों में दिखेगा। उन्होंने साफ किया कि सरकार की तरफ से रूसी तेल आयात कम करने का कोई निर्देश नहीं है। "नीति के लिहाज से सब कुछ पहले जैसा ही है।" इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के चेयरमैन अर्विंदर सिंह साहनी ने भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 25% टैरिफ (कुल शुल्क 50%) लगाने के बाद भी, सरकार ने रूस से खरीद कम करने का कोई आदेश नहीं दिया है। उन्होंने कहा, "न हमें खरीदने को कहा गया है, न खरीद बंद करने को। हम न रूसी तेल का हिस्सा बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, न घटाने की।" अप्रैल-जून तिमाही में आईओसी द्वारा प्रोसेस किए गए कुल क्रूड में रूसी तेल का हिस्सा 22% था और निकट भविष्य में इसके लगभग समान रहने की उम्मीद है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के फाइनेंस डायरेक्टर वेत्सा रामकृष्ण गुप्ता ने निवेशकों से बातचीत में बताया कि जुलाई में रूस से आयात घटा, क्योंकि उस पर मिलने वाला डिस्काउंट घटकर 1.5 डॉलर प्रति बैरल रह गया था। उन्होंने कहा, "जब तक रूसी तेल पर नए प्रतिबंध नहीं लगते, हमारी रणनीति साल के बाकी हिस्से में 30-35% रूसी क्रूड आयात करने की है।"

**रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद बढ़ा आयात**

फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद, भारत ने महंगा तेल छोड़कर डिस्काउंट पर रूसी तेल लेना शुरू कर दिया था। युद्ध से पहले रूस का हिस्सा भारत के कुल आयात में 0.2% से भी कम था, जो अब 35-40% हो गया है। हालांकि डिस्काउंट पहले जहां 40 डॉलर प्रति बैरल तक था, वह पिछले महीने सिर्फ 1.5 डॉलर रह गया, और अगस्त में थोड़ा बढ़कर 2 डॉलर से ऊपर चला गया। रितोलिया ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियां हालात पर नज़र रख रही हैं। "अमेरिका, वेस्ट अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से अधिक तेल लेने की रुचि बढ़ रही है, यह जरूरी नहीं कि वे रूस से दूरी बना रहे हैं, बल्कि यह संभावित सप्लाई रुकावट के खिलाफ सुरक्षा के लिए है।" उन्होंने जोड़ा, "इसका मतलब यह नहीं कि रूसी तेल की जगह कोई और ले रहा है।

# पति के प्यार के चक्कर में पत्नी को मिला 6.75 करोड़ का नोटिस, पूरा मामला कर देगा हैरान

मुंबई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहाँ पति का प्यार ही एक महिला के लिए मुसीबत बन गया. दरअसल व्यक्ति ने अपनी पत्नी को 6.75 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी का ज्वाइंट मालिक बना दिया, लेकिन इसका खामियाजा पत्नी को इनकम टैक्स नोटिस के रूप में भुगतना पड़ा.

इनकम टैक्स विभाग ने इसे संभावित टैक्स चोरी मान लिया और यह मामला बॉम्बे हाईकोर्ट तक पहुँच गया. आइए जानते हैं प्रॉपर्टी में सिर्फ नाम जुड़ने से ही कोई टैक्स मामले में कैसे फंस सकता हैं.

**पति ने खरीदा था फ्लैट, पत्नी सिर्फ नाम की मालिक**

ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 में महिला ने अपना इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने अपनी आय केवल 4,36,850 रुपये दिखाई थी. इसके बावजूद उन्हें 6.75 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी खरीद को लेकर आयकर विभाग ने धारा 148 के तहत नोटिस भेज दिया। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार, पति ने एचडीएफसी बैंक से पूरी रकम चुका कर फ्लैट खरीदा था. उन्होंने अपनी पत्नी का नाम सिर्फ सुविधा के लिए ज्वाइंट होल्डर के रूप में जोड़ दिया. न तो पत्नी ने इस फ्लैट की खरीद में कोई पैसा लगाया और न ही उसका कोई आर्थिक योगदान था.

**कैसे हुई मामले की शुरूआत?**

इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, 21 जून को सबसे पहले इनकम टैक्स विभाग द्वारा महिला को धारा 133(6) के तहत नोटिस भेजा गया. नोटिस के जवाब में महिला ने बताया कि वह एक गृहिणी हैं और पूरा भुगतान उनके पति ने किया है. लेकिन 18 सितंबर, 2024 को विभाग ने फिर से दस्तावेज़ मांगे. इसके बाद मार्ट 2025 में टैक्स विभाग ने धारा 148 के तहत नोटिस जारी किया. लेकिन अंत में मामला हाई कोर्ट पहुंचा और मुंबई हाई कोर्ट ने 4 अगस्त को महिला के पक्ष में फैसला सुनाया.

हाईकोर्ट ने कहा,"जब सभी दस्तावेज़ सामने हैं, तो यह समझ से बाहर है कि मूल्यांकन अधिकारी ने कैसे मान लिया कि पत्नी ने टैक्स चोरी की है. पत्नी की आय सिर्फ 4.36 लाख रुपये थी और उन्होंने खुद बताया कि उन्होंने फ्लैट की खरीद में कोई हिस्सा नहीं लिया." हालाँकि इस मामले में पत्नी को राहत मिल गई है, लेकिन पति के खिलाफ जारी नोटिस अभी भी लंबित है और उस पर एक अलग मामले में सुनवाई होगी.

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क | कर्क | 03-54 बजे |
| चन्द्र | मेष | सिंह | 06-06 बजे |
| मंगल | कन्या | कन्या | 08-13 बजे |
| बुध | कर्क | तुला | 10-18 बजे |
| गुरु | मिथुन | वृश्चिक | 12-28 बजे |
| शुक्र | मिथुन | धनु | 14-41 बजे |
| शनि | मीन | मकर | 16-48 बजे |
| राहु | कुंभ | कुंभ | 18-38 बजे |
| केतु | सिंह | मीन | 20-16 बजे |
| | | मेष | 21-53 बजे |
| | | वृष | 23-41 बजे |
| | | मिथुन | 01-41 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 (सूर्योदय- 06-02, सूर्यास्त- 18-38)
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी 21-34 तक उपरान्त नवमी
मास- भाद्रपद कृष्ण , शनिवार 16 August
नक्षत्र- भरणी 06-05 तक उपरान्त कृत्तिका
योग - वृद्धि 07-21 तक ध्रुव
करण- बालव 10-42 तक उप कौलव
विशेष:- श्री कृष्ण जन्माष्टमी वैष्णव
व्रत -त्योहार सिंह मे अर्क रात्रि 01-52 से

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 09-10 से 10-45 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| काल 06-02 - 07-35 शुभ | लाभ। 18-02 - 20-05 शुभ |
| शुभ 07-35 - 09-10 अशुभ | उत्पात20-05 - 21-30 अशुभ |
| रोग।। 09-10 - 10-45 अशुभ | शुभ 21-30 - 22-55 शुभ |
| उत्पात10-45 - 12-20 शुभ | अमृत 22-55 - 00-20 शुभ |
| चंचल 12-20 - 13-55 शुभ | चंचल 00-29 - 01-45 शुभ |
| लाभ 13-55 - 15-30 शुभ | रोग 01-45 - 03-10 अशुभ |
| अमृत 15-30 - 17-05 अशुभ | काल 03-10 - 04-36 अशुभ |
| काल 17-05 - 18-38 शुभ | लाभ 04-36 - 06-02 शुभ |

# दाम कम, दम ज्यादा... किस चीज को लेकर कही पीएम नरेंद्र मोदी ने यह बात? बोले- मैं आपके साथ हूं



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। आज 15 अगस्त पर देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से देश के हित में कई घोषणाएं की। साथ ही उन्होंने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए देशवासियों का भी सहयोग जरूरी है। अपने संबोधन में उन्होंने सस्ती दवाओं का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों को सस्ती दवाएं मिलें, इस दिशा में काम करना चाहिए।

**बड़े सपने देखने का अवसर**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में पूछा कि क्या समय की मांग नहीं है कि रिसर्च और डेवलपमेंट में और ताकत लगाएं? हमारे अपने पेटेंट हों। सस्ती से सस्ती और सबसे कारगर नई-नई दवाइयों की खोज हो। उन्होंने कहा, 'देश का भाग्य बदलना है, आपका सहयोग चाहिए। ये आगे बढ़ने का अवसर है, बड़े सपने देखने का अवसर है, जब सरकार आपके साथ जब मैं स्वयं आपके साथ हूं तब नया इतिहास बना सकते हैं।'

**यह दिया मूलमंत्र**

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जो हम सब उत्पादन के क्षेत्र में लगे हों उसका एक मूलमंत्र होना चाहिए- दाम कम, दम ज्यादा। उन्होंने कहा कि हमें इस भाव को लेकर आगे बढ़ना है कि हमारे हर प्रोडक्ट का दम ज्यादा हो लेकिन दाम कम हो।

**किसानों और मछुआरों पर क्या बोले?**

पीएम मोदी ने कहा कि वे किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा करेंगे। वे किसी भी गलत नीति से उन्हें बचाने के लिए दीवार बनकर खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, 'किसान, पशुपालक और मछुआरे हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। कोई भी नीति जो उनके हितों को खतरे में डालती है, मोदी उसके खिलाफ दीवार बनकर खड़ा है।

# सरकार ने किया 2 स्लैब वाली जीएसटी संरचना लाने का एलान

## दैनिक उपयोग की चीजों पर कर का बोझ कम करना लक्ष्य




नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने 15 अगस्त के मौके पर 2 स्लैब वाली जीएसटी संरचना लाने का एलान किया। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने मंत्रियों के समूह (जीओएम) को दो स्लैब वाली जीएसटी दर संरचना का प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही कुछ चुनिंदा वस्तुओं के लिए विशेष दरों का भी प्रस्ताव दिया है। सरकार चालू वित्त वर्ष में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को पेश करने पर विचार कर रही है। इसका लक्ष्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर का बोझ कम करना है।

**नई व्यवस्था में कुछ विशिष्ट वस्तुओं पर विशेष दरों का प्रस्ताव**

केंद्र ने राज्यों के वित्त मंत्रियों के एक पैनल के समक्ष प्रस्ताव रखा है कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में केवल दो स्लैब होने चाहिए। इसमें ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि वस्तुओं और सेवाओं को 'मानक' और 'योग्यता' के रूप में वर्गीकृत किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत कुछ विशिष्ट वस्तुओं पर विशेष दरें लगाई जा सकती हैं।

**त्योहारों तक दोहरा तोहफा देने की तैयारी में सरकार**

वित्त मंत्रालय ने कहा कि वह 2 स्लैब वाली जीएसटी संरचना 5, 12, 18, 28 प्रतिशत की वर्तमान स्लैब की जगह लेगी। जीएसटी परिषद की बैठक अगले महीने होने की संभावना है। इस बैठक में नए जीएसटी स्लैब पर फैसला लिया जा सकता है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से एलान किया कि दिवाली पर इस बार देश को टैक्स रिफॉर्म के मोर्चे पर सरकार दोहरा तोहफा देगी।

**दिवाली तक जीएसटी सुधार लागू करने का पीएम ने किया एलान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की है कि जीएसटी सुधार दिवाली तक लागू कर दिए जाएंगे। इससे कर का बोझ काफी कम हो जाएगा और छोटे उद्योगों को लाभ होगा।घोषणा के तुरंत बाद वित्त मंत्रालय ने कहा कि मंत्रिसमूह के साथ साझा किया गया केंद्र का प्रस्ताव तीन स्तंभों पर आधारित है - संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाना और जीवन में आसानी। प्रस्ताव में आम आदमी की वस्तुओं और आकांक्षापूर्ण वस्तुओं पर करों में कटौती शामिल है।

**मानक और योग्यता के आधार पर तय होंगे जीएसटी दर**

स्लैब में कटौती के संबंध में, केंद्र ने दो स्लैब - मानक और योग्यता - के साथ सरल कर की ओर बढ़ने का प्रस्ताव दिया है। विशेष दरें केवल कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर ही लागू होंगी। वर्तमान में जीएसटी 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की 4-स्तरीय संरचना है।

**जीएसटी परिषद् की बैठक सितंबर में होने की उम्मीद**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद, जिसमें राज्यों के मंत्री शामिल होंगे, की सितंबर में बैठक होने की उम्मीद है। इसमें दरों को युक्तिसंगत बनाने पर जीओएम के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि क्षतिपूर्ति उपकर की समाप्ति से राजकोषीय गुंजाइश बनी है। इससे दीर्घकालिक स्थिरता के लिए जीएसटी ढांचे के भीतर कर दरों को युक्तिसंगत बनाने और संरेखित करने के लिए अधिक लचीलापन उपलब्ध हुआ है।

# पीएम मोदी ने अपने भाषण में किसे बताया अजूबा? ,कर दी खूब सारी तारीफ, दुनिया भी मान रही लोहा





नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। देश के यूपीआई सिस्टम का अब दुनिया लोहा मान रही है। दुनिया के कई देशों में रियल टाइम पेमेंट के लिए इसका यूपीआई का इस्तेमाल हो रहा है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुक्रवार को लाल किले के प्राचीर से देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने यूपीआई का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई सिस्टम अब दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। दुनिया भर में जितने भी रियल-टाइम पेमेंट होते हैं, उनमें से 50% यानी आधे भारत में यूपीआई से होते हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'हमारा यूपीआई प्लेटफॉर्म आज दुनिया को एक अजूबा लगता है... हमारे पास आत्मनिर्भर बनने की क्षमता है।' यूपीआई को साल 2016 में शुरू किया गया था। तब से यह बहुत तेजी से बढ़ा है। लोग इसका इस्तेमाल खूब कर रहे हैं। एफवाई25 में यूपीआई से 18,587 करोड़ बार पेमेंट हुआ। यह पेमेंट 261 लाख करोड़ रुपये का था। सिर्फ जुलाई 2025 की बात करें तो 1,947 करोड़ बार यूपीआई का इस्तेमाल हुआ।

**7 देशों में इस्तेमाल**

इस समय 7 देश यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। इनमें यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस हैं। फ्रांस में यूपीआई की शुरुआत यूरोप में पहली बार हुई है। अब वहां रहने वाले भारतीय आसानी से पेमेंट कर सकते हैं। उन्हें विदेशी पेमेंट करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। यूपीआई को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) चलाता है। एनपीसीआई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन की मदद से बना है। यह भारत में पेमेंट सिस्टम को देखता है। इसका काम है कि सब कुछ ठीक से चले। अपने भाषण में पीएम मोदी ने पीएम मुद्रा योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से करोड़ों लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने छोटे-छोटे बिजनेस शुरू किए हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'अपने छोटे उद्यमों के माध्यम से, वे नौकरियां पैदा करने में सक्षम हुए हैं।' यह योजना छोटे कारोबारियों को बिना कुछ गिरवी रखे लोन देती है। वे 20 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं।

# इन दो दिनों में नहीं कर पाएंगे पैन कार्ड से जुड़ा ये काम

## इनकम टैक्स विभाग ने दिया बड़ा अपडेट



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। अगर आप जल्द ही अपना ई-पैन कार्ड बनवाने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए जरूरी खबर है। इनकम टैक्स विभाग ने हाल ही में पैन कार्ड बनवाने को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। विभाग ने बताया कि तत्काल ई-पैन बनवाने की सुविधा दो दिन तक उपलब्ध नहीं रहेगी। ई-पैन एक डिजिटल पैन कार्ड होता है, जिसे आप अपने आधार कार्ड और आधार से जुड़े मोबाइल नंबर की मदद से ऑनलाइन तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। आयकर विभाग ने बताया कि पोर्टल पर जरूरी मेंटेनेंस के कारण इंस्टेंट पैन की सेवा बाधित रहेगी।आयकर विभाग ने बताया है कि 17 अगस्त 2025 की रात 12 बजे से 19 अगस्त 2025 की रात 12 बजे तक ई-पैन सेवा उपलब्ध नहीं रहेगी। यानी इन दो दिनों के दौरान आप तत्काल ई-पैन नहीं बना पाएंगे। हालांकि अगर आपने पहले ही ई-पैन के लिए आवेदन किया है, तो आप उसकी स्थिति देख सकते हैं और डाउनलोड भी कर सकते हैं। इस सेवा का सबसे बड़ा फायदा है कि यह फ्री है, पूरी तरह डिजिटल है, और इसके लिए किसी दस्तावेज़ की फोटोकॉपी या फॉर्म भरने की ज़रूरत नहीं होती। यह उन लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है जिन्हें अभी तक पैन कार्ड नहीं मिला है, लेकिन उन्हें इनकम टैक्स से जुड़े काम करने हैं या बैंकिंग सेवाएं शुरू करनी हैं। यह सेवा केवल उन्हीं लोगों के लिए है जिनके पास अभी तक पैन कार्ड नहीं है, लेकिन उनके पास वैलिड आधार नंबर और उससे जुड़ा मोबाइल नंबर जरूर है इनकम टैक्स डिपार्टमेंट अपने पोर्टल पर कुछ जरूरी तकनीकी काम कर रहा है। इसी कारण से 17 से 19 अगस्त तक ई-पैन की सुविधा अस्थायी रूप से बंद रहेगी। विभाग ने यूजर्स से अनुरोध किया है कि वे अपनी प्लानिंग इस सूचना के अनुसार बनाएं ताकि कोई परेशानी न हो।

# स्विगी से खाना मंगाना अब और महंगा हुआ : कंपनी ने 17% प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाई, अब 12 की जगह 14 चार्ज लगेगा

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी से खाना मंगाना अब थोड़ा और महंगा हो गया है। कंपनी ने अपनी प्लेटफॉर्म फीस में 2 रुपए यानी करीब 17% का इजाफा किया है। अब स्विगी के कस्टमर्स को हर ऑर्डर पर 14 रुपए प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। पहले यह फीस 12 रुपए थी। कंपनी ने यह कदम फेस्टिव सीजन में बढ़ते ऑर्डरों के बीच अपनी प्रति ऑर्डर मुनाफे को बेहतर करने और फाइनेंशियल कंडीशन को मजबूत करने के लिए उठाया है। स्विगी ने अप्रैल 2023 में सबसे पहले प्लेटफॉर्म फीस शुरू की थी, ताकि कंपनी अपने यूनिट इकोनॉमिक्स को बेहतर कर सके। तब से कंपनी ने धीरे-धीरे इस फीस को कई बार बढ़ाया है। क्योंकि, इससे कंपनी के ऑर्डर की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा है। शुरुआत में यह फीस मात्र 2 रुपए थी। कंपनी ने पिछले साल न्यू-ईयर पर यह फीस 12 रुपए कर दी थी। हालांकि, 2 रुपए की बढ़ोतरी ग्राहकों के लिए छोटी हो सकती है। लेकिन स्विगी के लिए यह बड़ा बदलाव है। कंपनी हर दिन 20 लाख से ज्यादा ऑर्डर डिलीवर करती है। इस हिसाब से 14 रुपए की प्लेटफॉर्म फीस से कंपनी को प्रतिदिन 2.8 करोड़ रुपए, हर तिमाही 8.4 करोड़ रुपए और सालाना 33.6 करोड़ रुपए की एडिशनल इनकम होगी। स्विगी और जोमैटो दोनों ने पहले भी हाई डिमांड वाले दिनों में ज्यादा प्लेटफॉर्म फीस की टेस्टिंग की है। अगर इससे ऑर्डर की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ता, तो कंपनियां नए फीस स्ट्रक्चर को बनाए रखती हैं। हालांकि, स्विगी भविष्य में नॉन-फेस्टिव सीजन में इस फीस को वापस 12 रुपए कर सकती है।

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आपकी रचनात्मकता और तीक्ष्ण सोच आपको आसानी से सीखने और विचारों को व्यक्त करने में मदद करती है। आप जानकारी को जल्दी से अवशोषित करते हैं और सीखने के माहौल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। भावनात्मक उतार-चढ़ाव संचार को प्रभावित कर सकते हैं।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
काम के प्रति आपका सहज दृष्टिकोण बढ़ा हुआ है, जबकि तीक्ष्ण विश्लेषणात्मक कौशल परियोजनाओं और कार्यों को विस्तृत, सावधानीपूर्वक संभालने में सहायता करते हैं। अपने अहंकार को सफलतापूर्वक संलग्न करें और चुनौतियों से निपटने के लिए अपने दिमाग का उपयोग करें। आपके पास मजबूत प्रेरक क्षमताएं हैं।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज आप पा सकते हैं कि चुपचाप और स्वतंत्र रूप से काम करने से सबसे अच्छे परिणाम मिलते हैं। ज़िम्मेदारी की एक मज़बूत भावना आपको केंद्रित रखती है, जबकि भावनात्मक गहराई आपके प्रयासों को अर्थ देती है। सहानुभूति आपकी बातचीत का मार्गदर्शन करती है, और विनम्र बने रहने से आपको चुनौतियों से पार पाने में मदद मिलती है।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
साहसी ऊर्जा आपको अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद करती है, जबकि नए विचार नए दृष्टिकोणों को जन्म देते हैं। स्पष्ट सोच और निरंतर प्रयास प्रगति की ओर ले जाते हैं। हालाँकि कभी-कभी आपको लय में कुछ कमी महसूस हो सकती है, लेकिन आपके सामाजिक संबंध आपको सहारा देते हैं।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आप खुद को साहसी और भावनात्मक रूप से मजबूत महसूस करते हैं, जिससे यह आपके करियर में आत्मविश्वास से भरे कदम उठाने का एक बेहतरीन समय है। जमीन पर बने रहने के लिए व्यावहारिक, तथ्य-आधारित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। व्यक्तिगत संबंधों को काम या पढ़ाई में बाधा बनने से रोकें।

**कन्य** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
सिंह राशि में सूर्य आज कार्यस्थल पर आपके आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाएगा और आपको साहसिक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। मेष राशि में चंद्रमा के साथ, पढ़ाई और कार्यों के प्रति आपकी प्रेरणा उच्च रहेगी, जिससे आपको तेज़ी से प्रगति मिलेगी।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आपका आत्मविश्वास और उत्साह आपके काम और पढ़ाई में एक मज़बूत गति प्रदान करते हैं, जिससे आपको साहसिक पहल करने में मदद मिलती है। मानसिक कुशाग्रता आपको अवसरों का लाभ उठाने की शक्ति देती है, लेकिन अनावश्यक बहस या अत्यधिक आलोचनात्मक रवैये से बचें। प्रेरक ऊर्जा प्रबल है।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आपका स्वाभाविक आकर्षण दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करता है, जिससे सहयोग सहज और अधिक उत्पादक बनता है। मानसिक स्पष्टता सीखने और निर्णय लेने, दोनों में सहायक होती है, जिससे आपको विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में मदद मिलती है। महत्वाकांक्षा जहाँ आपकी प्रेरणा को बढ़ाती है, वहीं भावनात्मक आवेग गलत कदम उठाने का कारण बन सकता है।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आज आपका आत्मविश्वास सबसे अलग है, इसलिए यह काम पर अपने कौशल दिखाने का एक शानदार समय है। अपनी सहज प्रवृत्ति पर भरोसा करें क्योंकि वे आपको रचनात्मक समाधान खोजने में मदद कर सकती हैं। अपनी साहसी ऊर्जा को दयालुता के साथ संतुलित करें, खासकर समूह सेटिंग में।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आपका स्वाभाविक करिश्मा आपको काम पर अलग दिखने में मदद करता है, जबकि एक अनुशासित मानसिकता आपको केंद्रित रखती है। करियर में वृद्धि आशाजनक लगती है, जो आशावाद और विस्तार लाती है। रिश्तों में तनाव उभर सकता है, लेकिन शांत और चतुराईपूर्ण संचार किसी भी संघर्ष को कम कर सकता है।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज आप काम पर भावनात्मक रूप से ज़्यादा जुड़े हुए महसूस कर सकते हैं, जिससे सकारात्मक और सहायक माहौल बनेगा। नए विचार सामने आने की संभावना है, जो आपको नए और आविष्कारशील तरीकों से काम करने के लिए प्रेरित करेंगे। स्पष्ट और आत्मविश्वासपूर्ण संचार आपको अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में मदद करता है।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
एकांत गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करें, धैर्य में शक्ति पाएं। चुनौतियाँ आ सकती हैं, फिर भी आपकी मेहनत रंग लाएगी। आप किसी भी बाधा का डटकर सामना कर पाएंगे। बाधाओं पर काबू पाने में धैर्य रखें। संतुलन बनाए रखें, और आपका समर्पण आपको काम और अध्ययन की मांगों के माध्यम से मार्गदर्शन करेगा।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र



# सीएम बोले- अब गोली का जवाब गोली से दे रहे

## स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न; उमस व पानी की कमी से बिगड़ी सीआई व 15 बच्चों की तबीयत

जोधपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्य समारोह में आकर्षण का केंद्र रहे मेक इन इंडिया के तहत निर्मित भारतीय सेना के हथियार, वाहन इत्यादि की प्रदर्शनी। इसके साथ कई अन्य आकर्षण हैं, जो जोधपुरवासियों को पहली बार देखने को मिले। मुख्य समारोह में आकर्षण का केंद्र रहे मेक इन इंडिया के तहत निर्मित भारतीय सेना के हथियार, वाहन इत्यादि की प्रदर्शनी। इसके साथ कई अन्य आकर्षण हैं, जो जोधपुरवासियों को पहली बार देखने को मिले। शौर्य, साहस और संस्कृति की गौरवशाली भूमि जोधपुर आज 79वें स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का गवाह बनी।

बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 'नए भारत' की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि आज का भारत 'गोली का जवाब गोली से' दे रहा है, और देश की सुरक्षा व सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगा।



**'ऑपरेशन सिंदूर' बना सैन्य ताकत का प्रतीक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सिर्फ एक आर्थिक ताकत के रूप में ही नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली सैन्य ताकत के रूप में भी उभरा है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी सफलता ने पूरी दुनिया को भारत की दृढ़ता दिखा दी है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि हमारे देश की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो कहता है कि अब सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब देश तरक्की की राह पर है, तो कुछ अराजक तत्व बाधा डालने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि इस 'नए भारत' का नेतृत्व एक ऐसे प्रधानमंत्री के हाथ में है जो 'कहने में नहीं, करने में विश्वास रखते हैं'।

**स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार कर रहा 'नया भारत'**

अपने संबोधन की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने जोधपुर को राज्य स्तरीय समारोह की मेजबानी के लिए चुना जाने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो आत्मनिर्भर, खुशहाल और समृद्ध हो, जहां हर व्यक्ति को भरपूर अवसर मिलें। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इस सपने को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रहे हैं। मुख्य समारोह से पहले सीएम ने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**बीएसएफ की टीम ने कैमल शो में से किया दर्शकों को प्रभावित।**

स्वाधीनता दिवस समारोह में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि, उच्चाधिकारीगण, गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान 15 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। गर्मी और उमस के बीच पीने के पानी की सही व्यवस्था न होने से बच्चे डिहाइड्रेशन के शिकार हो गए। एमडीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ। विकास राजपुरोहित ने बताया कि हॉस्पिटल में सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है।

## करंट की चपेट में आने से पुलिस कॉन्स्टेबल की मौत

धौलपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। धौलपुर में करंट की चपेट में आने से गुरुवार देर शाम एक पुलिस कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। उसने पुलिस लाइन में जाते समय हरदेव नगर चौराहे के पास हाई मास्क लाइट के पोल को छू लिया था। शव का शुक्रवार को जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात जीवन राम पैदल ही लाइन की ओर जा रहा था। इसी दौरान हरदेव नगर चौराहे के पास उसने हाई मास्क लाइट के पोल को छू लिया। पोल में दौड़े करंट की चपेट में आने से वह वहीं गिर गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने तुरंत जीवन राम को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। साथ ही परिजनों को घटना की सूचना दी गई। मृतक जीवन राम की नियमित ड्यूटी पुलिस लाइन में थी। पुलिस अधिकारी करंट लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। मृतक के गांव और पुलिस महकमे में मातम का माहौल है।

## सरकारी स्कूल का छज्जा गिरा, बच्ची की मौत

उदयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। उदयपुर में सरकारी स्कूल का छज्जा गिरने से बच्ची की मौत हो गई। एक बच्ची घायल हो गई। स्कूल की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण इसका निर्माण चल रहा था। दोनों बच्चियां स्कूल के पास खेल रही थीं। इसी दौरान छज्जा गिर गया। मलबे में दबने से बच्ची की जान चली गई। मामला आदिवासी बहुल क्षेत्र कोटड़ा में पाथरवाड़ी गांव का है।

इधर, बूंदी के एक प्राइवेट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान फॉल्स सीलिंग गिरने से 5 स्टूडेंट घायल हो गए। वहीं, बूंदी के ही नैनवां के राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल फतेहगंज में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान कमरे की दीवार गिर गई। इस रूम में बच्चे कपड़े चेंज कर रहे थे। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। इससे पहले 25 जुलाई को झालावाड़ में पिपलोदी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी।

## बार-बार मैसेज करने से परेशान हुई युवती, राशन डीलर को पीटा

मदनगंज-किशनगढ़, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राशन की दुकान पर सामान लेने आने पर गलत शब्दों से बात करने और मोबाइल पर बार-बार मैसेज करने से परेशान एक युवती ने शाम एक राशन डीलर की जमकर धुनाई लगा दी। युवती ने मदनगंज थाना पुलिस को इसकी लिखित में शिकायत भी दी है।

अजमेर रोड चैतन प्रभु गेस्ट हाउस के सामने वाली गली स्थित राशन की दुकान के डीलर की करतूत से परेशान युवती उसे उलाहना देने बुधवार शाम को भी पहुंची और दोबारा मैसेज नहीं करने की चेतावनी दी। इसके बावजूद मोबाइल पर बार-बार मैसेज करने और राशन सामग्री लेने आने पर गलत शब्दों का प्रयोग करने से गुस्साई युवती अपने भाई व मां के साथ गुरुवार दोपहर पुनः

राशन की दुकान पर पहुंची। युवती व उसकी मां ने राशन डीलर की जमकर धुनाई की। मौके पर आए कुछ लोगों ने बीच बचाव कर उन्हें रोका और राशन डीलर को उसकी करतूत पर फटकार लगाई।

## सवाई माधोपुर में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल ने फहराया तिरंगा

**बोले-डूंगरी बांध को लेकर ग्रामीणों को समझाएंगे प्रतिभाओं का सम्मान**

सवाई माधोपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। सवाई माधोपुर में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ। प्रोग्राम को लेकर जगह-जगह पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के कृषि बागवानी और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ। किरोड़ी लाल मीणा मुख्य अतिथि रहे।

कृषि मंत्री ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट की सलामी लेते कृषि मंत्री कृषि बागवानी और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा। समारोह में पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड और विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस दौरान सभी बच्चे और जवान पूरे अनुशासन और जोश के साथ मार्च करते दिखे। एडीएम संजय शर्मा ने राज्यपाल का संदेश पढ़कर सुनाया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता दिवस का महत्व और देश की तरक्की की बात की गई। रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने व्यायाम और जिम्नास्टिक का भी प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चे और युवाओं ने बहुत ही शानदार तरीके से योग, पीटी और कलात्मक व्यायाम दिखाए। कार्यक्रम के दौरान जिले के शहीदों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान कृषि मंत्री ने वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाया और स्मृति चिन्ह दिया।

## पानी की डिग्गी में डूबे दो सगे भाई

बीकानेर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। खाजूवाला थाना क्षेत्र के निकटवर्ती चक 8 केजेड़ी (बी) में एक ईंट-भट्टे पर बनी पानी की डिग्गी में डूबने से दो सगे भाईयों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतक नागौर के रहने वाले थे और अपने मां-बाप के साथ यहां आए हुए थे। मां-बाप इसी भट्टे पर मजदूरी करते थे। खाजूवाला पुलिस थाने के एएसआई रावताराम मेघवाल ने बताया कि सामरदा के नजदीक स्थित चक 8 केजेड़ी (बी) पर एक ईंट-भट्टे पर नागौर के गोविंद राम मेघवाल का परिवार मजदूरी का काम करता हैं। जो गुरुवार सायं भी ईंट-भट्टे पर ईंट भराई का काम कर रहा था। वहीं पास में गोविंद राम के दोनों प राहुल (7) व दीपक (4) खेल रहे थे। तभी खेलते-खेलते दोनों भाई ईंट-भट्ठे पर बनी पानी की डिग्गी में पैर फिसलने से गिर गए और डूबने से मौत हो गई।

## आरटीई के तहत निजी-स्कूलों को प्री-प्राइमरी का पुनर्भुगतान क्यों नहीं?

**हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा प्री-प्राइमरी के सभी लेवल पर किस कानून के तहत एडमिशन के निर्देश दिए**



जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के 40 हजार निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्री-प्राइमरी के एंट्री लेवल सहित अन्य क्लास में एडमिशन देने से जुड़े मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि उन्होंने किस कानून के तहत निजी स्कूलों को एडमिश्नर के निर्देश दिए। वहीं अब वह निजी स्कूलों को फीस का पुनर्भुगतान क्यों नहीं करेगी। अदालत ने मामले की सुनवाई 19 अगस्त को रखते हुए राज्य सरकार से कहा है कि वह इस संबंध में सक्षम अधिकारी का स्पष्टीकरण पेश करे। जस्टिस अवनीश झिंगन व जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की खंडपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार व निजी स्कूलों की अपीलों पर संयुक्त सुनवाई करते हुए दिए।

**प्री-प्राइमरी के सभी लेवल पर एडमिश्न को चुनौती**

मामले से जुड़े अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने बताया कि अपीलों में एकलपीठ के 18 जुलाई 2023 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें निजी स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में बच्चों को प्री प्राइमरी के एंट्री लेवल यानि नर्सरी व पहली कक्षा में एडमिशन देने के लिए कहा था। जबकि राज्य सरकार ने भी अपील में एकलपीठ के राज्य सरकार के उस प्रावधान को रद्द करने के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें आरटीई के तहत प्री प्राइमरी क्लासेज में होने वाले बच्चों के एडमिशन की फीस का पुनर्भुगतान नहीं करने वाले प्रावधान को एकलपीठ ने रद्द कर दिया था।

इसके अलावा राज्य सरकार ने एकल पीठ की ओर से चार लेवल में एडमिशन की बजाय नर्सरी व पहली कक्षा में एडमिशन देने के निर्देश को भी चुनौती दी थी।

## पलटी स्कूल के बच्चों से भरी वैन, ड्राइवर की हालत गंभीर 6 से ज्यादा बच्चे घायल

कोटा, 15 अगस्त (एजेंसियां)। जिले के सांगोद उपखंड क्षेत्र में 15 अगस्त के दिन एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जिसमें स्कूली बच्चों से भरी वैन सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से टकरा गई और पलट गई। हादसे में वैन में सवार आधा दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो हुए और चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सांगोद के जोलपा मार्ग पर खेराई बीड़ के पास की है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और और सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दरअसल वैन एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों को लेकर स्कूल से चतरपुरा गांव की ओर जा रही थी। वैन में कई बच्चे सवार थे।

तभी अचानक खेराई बीड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने सामने से वैन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वैन असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में वैन में सवार कई बच्चों को हल्की और गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सांगोद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वैन चालक की हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर कर दिया गया।

## गहलोत बोले- चुनाव आयोग बेहूदी बात कर रहा है

### आप बीजेपी से मिले हुए हो, दबाव में काम कर रहे हो, यह खतरनाक है



जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए बीजेपी से मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। गहलोत ने कहा- चुनाव आयोग राहुल गांधी से एफिडेविट मांग रहा है, बेहूदी बात कर रहा है। आप जांच करवा लीजिए देश को सच्चाई बता दीजिए। बात खत्म हो जाएगी। लेकिन आपकी नीयत खराब है। आप बीजेपी से मिले हुए हो। आप दबाव में काम कर रहे हो। यह देश के लिए खतरनाक है। यह मेरा मानना है। गहलोत जयपुर में बड़ी चौपड़ पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा - यह तो माहौल ऐसा लगता है, जैसे चीन और रूस में चुनाव आयोग भी हैं। लेकिन वहां चुनाव एकतरफा ही होता है। क्या हमारा देश भी उस दिशा में जा रहा है? यह बहुत बड़ा सवाल है। राहुल गांधी जो बोल रहे हैं, संविधान बचाओ, वो कहते हैं कि वोट चोरी हो रहा है तो चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देने में क्या तकलीफ है?

**देश में खतरनाक और डरावना माहौल**

गहलोत ने कहा- हम चाहते हैं कि पूरा देश संकल्प करे कि हर व्यक्ति का वोट का अधिकार कायम रहे। लोकतंत्र कायम रहे। लोकतंत्र ही नहीं रहेगा तो देश का मान-सम्मान कहां रहेगा? आज गरीब से गरीब आदमी को भी वोट का अधिकार मिला हुआ है। उसे मान सम्मान मिलता है, वो समाप्त हो जाएगा। जूली बोले- देश में चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं तो स्वतंत्र रहें, वे तो किसी दल के इशारे पर काम नहीं करें नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा- देश में हमारी स्वयत्तशासी संस्थाएं हैं, जिन पर देश टिका है। उन पर उंगली उठ रही है।

सबूतों के साथ राहुल गांधी ने वोट चोरी को उजागर किया। लेकिन चुनाव आयोग जवाब नहीं दे रहा है। बिहार में 65 लाख वोट काट दिए। कई ऐसे लोग जो एक से ज्यादा वोट डाल रहे हैं, उन लोगों पर कार्रवाई की जरूरत है। जूली ने कहा- चुनाव आयोग, ईडी, इनकम टैक्स स्वतंत्र रहें। ये तो कम से कम किसी दल के इशारे पर काम नहीं करें। आज हमारी लड़ाई महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा से होनी चाहिए, देश को आगे बढ़ाने की होनी चाहिए लेकिन जाति, धर्म और संप्रदाय की बातें चल रही हैं। देश को बांटने का काम चल रहा है।

## 91.600 किलोग्राम डोडा पोस्त तस्करी के मामले में खरीददार व सप्लायर्स गिरफ्तार

सिरोही, 15 अगस्त (एजेंसियां)। सिरोही जिले के कालंद्री थाना पुलिस ने डोडा पोस्त तस्करी मामले में खरीददार और सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी टीकमराम ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिसकर्मियों को करीब 300 किलोमीटर तक पीछा करना पड़ा। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया। थानाधिकारी टीकमराम ने बताया कि भुका भगतसिंह, घासीडा जिला बालोतरा, सोनाराम पुत्र भानाराम जाट बसई जिला मंदसौर, बालोतरा निवासी ललिता पत्नी समरथ अहीरवाल को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, इस मामले में जब्त किए गए 91.600 किलोग्राम डोडा पोस्त की जांच के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम कालंद्री से रवाना हुई थी। आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने उनका पीछा करते हुए भवरानी, बिशनगढ़ और जालोर तक दबिश दी। सिरोही एसपी ने जालोर और बालोतरा एसपी से संपर्क कर नाकाबंदी करवाई।

## राइजिंग राजस्थान से विकास को मिली नई गति – दिया कुमारी




कोटपूतली-बहरोड़, 15 अगस्त (एजेंसियां)। कोटपुतली मुख्यालय पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एलवीएस कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ध्वजारोहण कर पुलिस जवानों, एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों की परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले महापुरुषों को नमन करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। समारोह में वीरांगनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक हंसराज पटेल, जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई, एएसपी वैभव शर्मा, एडीएम ओपी सहारण, एसडीएम ब्रजेश चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा सैनी, भाजपा नेता देवायुष सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। राइजिंग राजस्थान से राज्य में विकास की नई गति आई है। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या के समाधान, अपराध नियंत्रण, पेपर लीक माफियाओं पर कार्रवाई, रोजगार सृजन, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पूरी दुनिया ने हमारे देश की ताकत देखी है, जो हमारा गर्व है। सेना को फ्रीहैंड दिया गया जिसके चलते हम पहलगाम हमले का बदला ले पाए। उन्होंने 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से देशभक्ति का संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्र हित सर्वोपरि है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान बड़ा हादसा, 5 स्कूली बच्चे घायल

बूंदी, 15 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के बूंदी जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आज बड़ा हादसा हो गया। शहर के चिड़ौड़ रोड स्थित निजी स्कूल में 15 अगस्त के प्रोग्राम के दौरान अचानक फोर्सिलिंग गिरने से पांच बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में लाया गया। जानकारी के अनुसार शहर के चित्तौड़ रोड स्थित सेटपॉल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा था। तभी अचानक छत की फोर्सिलिंग गिर गई।

अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा तफरी मच गई। इस हादसे में 5 स्कूली बच्चे घायल हो गए। घायल ट्विंकल, आदिश, सृष्टि, विदिशा और विनय को स्कूल के शिक्षक तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने घायल बच्चों का उपचार किया। हादसे की सूचना से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। हादसे के सूचना मिलते ही तहसीलदार अर्जुन सिंह, शहर कोतवाल भंवर सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

## एसीबी ने फिल्मी अंदाज में 10 किमी पीछा कर निरीक्षक को घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा

जयपुर, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने फिल्मी अंदाज में 10 किलोमीटर पीछा कर सहकारी समिति के निरीक्षक नारायण वर्मा को 2.75 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी सोसायटी के पट्टों पर स्टे देने की एवज में यह राशि ले रहा था। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के अनुसार, आरोपी नारायण वर्मा उप रजिस्ट्रार शहर कार्यालय, सहकारी समिति मिनी सचिवालय में पदस्थ है। परिवादी ने 20 दिन पहले शिकायत दी थी कि सांगानेर, डिग्गी रोड स्थित हरगुन की नांगल उर्फ चारणवाला में हरिनगर गृह निर्माण सहकारी समिति बनाई गई है, जिसमें श्रीनाथ एनक्लेव द्वितीय में उसके दो आवासीय प्लॉट हैं। विवाद होने पर स्टे के लिए जब वह नारायण वर्मा से मिला, तो उसने प्रति प्लॉट 2 लाख रुपए उप रजिस्ट्रार के लिए और 1 लाख रुपए अपने लिए रिश्वत मांगी। आरोपी पहले ही 25-25-24 हजार रुपए करके तीन बार में 74 हजार रुपए ले चुका था। डीआइजी आनंद शर्मा के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई की गई। डीआइजी आनंद शर्मा ने बताया कि, आरोपी पहले रिश्वत लेने के लिए उसे स्कूटी पर बैठाकर कई किलोमीटर घुमाता और सुनसान जगह पर रोककर पैसे लेता, फिर वहीं छोड़कर अकेले स्कूटी से निकल जाता। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि स्टे की फाइल पर अंतिम निर्णय उप रजिस्ट्रार को करना था। आरोपी उनके नाम पर रिश्वत वसूल रहा था। डीआइजी आनंद शर्मा ने बताया कि शाम आरोपी ने शिकायतकर्ता को कलक्ट्रेट सर्कल बुलाया, लेकिन खुद मौके पर नहीं आया। इस बीच, एसीबी की दो टीमें पहले से उसका पीछा करने के लिए तैनात थीं। अभय कमांड सेंटर में सीसीटीवी कैमरों से भी उसकी गतिविधियों पर लाइव नजर रखी जा रही थी। शिकायतकर्ता को भी जीपीएस डिवाइस दिया गया था, ताकि उसकी लोकेशन पता चलती रहे।

## झुंझुनूं में शहीद की माता का कलेक्टर ने किया सम्मान



**कहा- मुझे गर्व है कि वीरों की धरती पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अवसर मिला**

झुंझुनूं, 15 अगस्त (एजेंसियां)। झुंझुनूं में स्वर्ण जयंती स्टेडियम में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह धूमधाम हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ। अरुण गर्ग ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस बैण्ड की राष्ट्रीय धुन के बीच गार्ड ऑफ ऑनर लिया। इसके बाद कलेक्टर ने परेड का निरीक्षण कर मार्च-पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में एडीएम अजय कुमार आर्य ने राज्यपाल का संदेश पढ़ा। समारोह में कलेक्टर डॉ। गर्ग ने अपने संबोधन में कहा मुझे गर्व है कि झुंझुनूं जैसी वीरों की धरती पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अवसर मिला।

## थप्पड़कांड वाले एसडीएम समेत 6 के खिलाफ केस दर्ज

### 8 महीने पहले स्टे के बावजूद अखबार-कार्यालय तुड़वाया था; एसीजेएम ने दिए आदेश

टोंक, 15 अगस्त (एजेंसियां)। मालपुरा एसडीएम और कार्यवाहक नगर पालिका मालपुरा ई ओ अमित कुमार चौधरी समेत छह अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला मालपुरा थाने में मामला दर्ज हुआ है। विधानसभा उपचुनाव में थप्पड़कांड से चर्चा में आए मालपुरा (टोंक) एसडीएम अमित कुमार चौधरी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एसीजेएम मालपुरा ने स्टे के बावजूद 8 महीने पहले नगरपालिका के चुंगी नाका की इमारत में किराए पर चल रहे अखबार कार्यालय को तोड़ने के मामले में उन्हें को दोषी मानते हुए चौधरी समेत 6 लोगों पर केस दर्ज करने के आदेश दिए।



आदेश के बाद बुधवार को टोंक की मालपुरा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। 8 महीने पहले कार्यवाहक नगरपालिका मालपुरा के ईओ अमित कुमार चौधरी ने चुंगी नाका के भवन में चल रहे अखबार के ऑफिस को स्टे के बावजूद खड़े रहकर जेसीबी से तुड़वाया था।

8 महीने पहले कार्यवाहक नगरपालिका मालपुरा के ईओ अमित कुमार चौधरी ने चुंगी नाका के भवन में चल रहे अखबार के ऑफिस को स्टे के बावजूद खड़े रहकर जेसीबी से तुड़वाया था। जानकारी के अनुसार- मालपुरा के व्यास सर्किल स्थित नगरपालिका के चुंगी नाका भवन में एक पत्रकार राकेश कुमार पारीक 10 साल से अखबार का कार्यालय चला रहे थे। भवन नगरपालिका से किराए पर लिया था। इसका किरायानामा और किराया आकलन नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है। बिजली कनेक्शन भी नगर पालिका के नाम पर था। किराएदार समय-समय पर बिल भरते रहे। दो साल पहले तत्कालीन ईओ के साथ विवाद के बाद यहां तोड़फोड़ की कार्रवाई प्रस्तावित हुई थी।

# दक्षिण मध्य रेलवे ने 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

## कमांडो शो और डॉग शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने आज 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया ।दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, संजय कुमार श्रीवास्तव ने रेलवे खेल परिसर मैदान, सिकंदराबाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ की टुकड़ी द्वारा राष्ट्रीय सलामी ली। सत्य प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, अरोमा सिंह ठाकुर, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण मध्य रेलवे, वरिष्ठ रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, परिवार के सदस्य और रेलवे स्कूल व कॉलेज के छात्र भी समारोह में शामिल हुए। रेलवे डिग्री कॉलेज, जूनियर कॉलेज और रेलवे मिश्रित हाई स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम और रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कमांडो शो और डॉग शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और स्वतंत्रता दिवस समारोह की शोभा बढ़ाई। संजय कुमार श्रीवास्तव ने भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर दक्षिण मध्य रेलवे के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में, महाप्रबंधक ने दूरदर्शी नेताओं, वीर स्वतंत्रता सेनानियों और भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले अनगिनत गुमनाम नायकों के अथाह बलिदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस आत्मनिरीक्षण का भी अवसर है- अपनी प्रगति को मापने, अपने योगदान को स्वीकार करने और उच्च लक्ष्यों के लिए खुद को फिर से प्रतिबद्ध करने का। चालू वित्त वर्ष के दौरान ज़ोन के प्रदर्शन और उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, महाप्रबंधक ने कहा कि ज़ोन ने अप्रैल-जुलाई 2025 की अवधि के लिए 6,960 करोड़ रुपये का सकल प्रारंभिक राजस्व दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के राजस्व से अधिक है। उन्होंने कहा कि माल ढुलाई अभूतपूर्व 49 मिलियन टन तक पहुंच गई- जो हमारे ज़ोन के इतिहास में किसी भी वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों में अब तक का सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि माल ढुलाई से 4,601 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि यात्री खंड से 1,990 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, और इस अवधि के दौरान 9.6 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। ट्रेन संचालन में सुरक्षा पर बोलते हुए, उन्होंने बताया कि ज़ोन की सामूहिक सतर्कता और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन के कारण, इस वर्ष अब तक एक भी गंभीर दुर्घटना दर्ज नहीं की गई है।

# श्री श्याम मन्दिर, काचीगुडा में "श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव' आज

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री काँची कामकोटि पीठम् श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम मन्दिर, काचीगुडा, वीरन्नागुट्टा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार 16 अगस्त को "श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव' का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति के मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल द्वारा दी गई।

विज्ञप्ति अनुसार 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव अन्तर्गत भक्तगण मन्दिर में प्रातः 6 से मध्याह्न 2 बजे तथा सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक दर्शन कर सकते हैं। अवसर पर लड्डु गोपाल की भव्य झांकी, श्याम बाबा का अद्भुत श्रृंगार, छप्पन भोग, भव्य फूल श्रृंगार, मध्य रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म का आयोजन किया जायेगा।

अवसर पर मन्दिर में रात्रि 7 बजे से मध्य रात्रि श्रीकृष्ण जन्म तक भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। भजन संध्या अन्तर्गत "श्याम के लाडले' हैदराबाद द्वारा भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। प्रियंका गुप्ता, कोलकाता एवं तुषार चौधरी, कोलकाता अपनी सुमधुर वाणी में भजन प्रस्तुत करेंगे।

श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति के मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल ने सभी सदस्यों दानदाताओं एवं भक्तों से अवसर पर सपरिवार मन्दिर पधारकर दर्शन एवं प्रसाद लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## इस्कान मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी आज

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इस्कॉन कुकटपल्ली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव दिनांक 16 अगस्त को मनाया जाएगा। प्रातः 5:00 बजे भगवान की मंगल आरती के साथ दर्शन खुलेंगे, इसके पश्चात नरसिंह आरती एवं तुलसी आरती संपन्न की जाएगी।

बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों के कारण कल भगवान के दर्शन विशेष पंडाल में उपलब्ध होंगे। भक्तों की सुविधा के लिए वाटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है। प्रातः 9:30 बजे श्रृंगार आरती के साथ भगवान के भव्य दर्शन उपलब्ध होंगे। भक्तों की मंडली कीर्तन करेंगी। भगवान के दर्शन पूरे दिन उपलब्ध रहेंगे। दोपहर के 3:00 से 4:30 तक गोपाल कृष्ण फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया है सभी अभिभावकों से निवेदन है कि अपने बच्चों को भगवान श्री कृष्णा या श्रीमती राधा रानी एवं गोपियों के रूप में श्रृंगार करके अवश्य पधारे। सायं 5:00 बजे तुलसी आरती होगी। सारा दिन प्रसाद का भी वितरण होगा। एकादशी व्रती अलग से प्रसाद मांग सकते हैं। रात्रि 10:30 बजे भगवान का महा अभिषेक किया जाएगा। 11:30 बजे से भगवान की दिव्य कथाएं एवं कीर्तन, 12:30 बजे महा आरती के साथ कार्यक्रम का विश्राम किया जाएगा। रविवार 17 अगस्त संध्या 5:00 बजे से इस्कॉन के संस्थापक आचार्य कृष्ण कृपा मूर्ति श्री ऐसी भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद जी की व्यास पूजा जन्मदिन का उत्सव है।

## हुक्का पीते हुए सात लोग गिरफ्तार

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने गुरुवार को शमशाबाद के गांदीगुडा स्थित एमआरजी फार्महाउस में प्रतिबंधित हुक्का पीते हुए सात युवकों को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने परिसर में छापा मारा और छह से अधिक हुक्का पॉट तथा धूम्रपान से संबंधित उपकरण जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, शमशाबाद के आसपास के फार्महाउसों में ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं, यहां तक कि नाबालिगों के भी नशीली दवाओं के सेवन और हुक्का पीने में लिप्त होने की खबरें आ रही हैं। निवासियों ने अधिकारियों से इन अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निरीक्षण तेज करने का आग्रह किया है।

# एचपीसीएल, विशाख रिफाइनरी में स्वतंत्रता दिवस समारोह



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, आर. रामकृष्णन, कार्यकारी निदेशक (प्रभारी)-विशाख रिफाइनरी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने रिफ़ाइनरी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और ऋषभ देवांगन, उप कमांडेंट, सीआईएसएफ के नेतृत्व में विशाख रिफाइनरी इकाई के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा सलामी गारद का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आर. रामकृष्णन ने सीआईएसएफ के मुख्य महाप्रबंधकों और उप कमांडेंट की उपस्थिति में सीआईएसएफ के सभी संवर्गों के कर्मचारियों को प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किए। आर. रामकृष्णन ने निगम में 35/30/25/20 और 15 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले 18 कर्मचारियों को पुरस्कार भी प्रदान किए।

मुख्य महाप्रबंधक-मानव संसाधन जी. किरण कुमार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सभी मुख्य महाप्रबंधकों, सीआईएसएफ कर्मचारियों और पुरस्कार विजेताओं के परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सभी मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्रावंथी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन श्री बी. श्रीकांत ने किया।



अमीरपेट मर्चेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा रोहन करते प्रेम सिंह राजपुरोहित, सरदार गुरमीत सिंह, उत्तम सिंह राजपुरोहित, वी बाबू, हंसराज कोठारी, अशोक सिंह राजपुरोहित, महावीर जैन, गुलाब सिंह राजपुरोहित, भूराराम चौधरी, सरदार जोगेंद्र सिंह, अशोक सिंह ढालोप, मघराज चौधरी, सज्जनराज चौधरी, गणपत सिंह राजपुरोहित, बिहारी सिंह राजपुरोहित।



कोरेमुला स्थित श्री आईमाता मंदिर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजा रोहण करते संरक्षक प्रभुराम परिहारीया, अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा, सह सचिव राजूराम राम गेहलोत, उपाध्यक्ष राजाराम पंवार, प्रकाश खंडाला मोतीलाल भायल, ताराराम परिहारिया, छोगाराम गेहलोत, बाबूलाल काग, भीकाराम पंवार ओमप्रकाश सीन्दड़ा, दलाराम सोयल, रामलाल राठौड़ कमल किशोर व समाज बन्धु।

# खजाना ज्वैलर्स डकैती के संदिग्धों की तलाश जारी

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने सनसनीखेज चंदनगर खजाना ज्वैलर्स डकैती मामले में संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है। व्यापक अभियान में अहम सबूत मिले हैं जिनसे पता चलता है कि यह अपराध बिहार के एक गिरोह ने किया था। पुलिस टीमों ने कथित तौर पर संदिग्धों की पहचान कर ली है और तकनीकी तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी तस्वीरें प्राप्त कर ली हैं।

दो संदिग्धों को बीदर से गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अन्य को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से स्थानीय पुलिस थानों में पूछताछ की जा रही है।

हालांकि, स्थानीय पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। विश्वसनीय जानकारी के अनुसार, गिरोह लगभग एक महीने पहले हैदराबाद पहुंचा था और शहर के बाहरी इलाके जगदगिरिगुट्टा में एक मकान किराए पर लिया था। वे डकैती की योजना बनाते हुए एक स्थानीय कांच निर्माण इकाई में काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, संदिग्धों ने रोज़ाना आभूषण की दुकान की टोह ली और अपराध के लिए इस्तेमाल के लिए दोपहिया वाहन खरीदे। सीसीटीवी फुटेज में कैद वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों ने संदिग्धों तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई।





निर्दोष भवन खैरताबाद में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराते सोसाइटी के अध्यक्ष पं. रामकुमार तिवारी, प्रकाश वर्मा व अन्य पदाधिकारी।

## हाइड्रा ने पुल के नीचे बाढ़ के पानी को रोकने वाले कचरे को किया साफ

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मूसी नदी के प्रवाह को अवरुद्ध करने वाले मूसारामबाग पुल पर जमा हुए भारी मात्रा में कचरे और प्लास्टिक कचरे को हैदराबाद आपदा प्रबंधन एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) की टीमों ने शुक्रवार को साफ़ कर दिया। हिमायतसागर से अतिरिक्त बाढ़ का पानी छोड़े जाने के कारण जल स्तर बढ़ गया था। शुक्रवार को, हाइड्रा टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया और पाया कि बाढ़ के पानी के साथ आए मलबे ने मूसारामबाग पुल पर एक महत्वपूर्ण अवरोध पैदा कर दिया है, जिससे नदी में पानी का प्रवाह गंभीर रूप से बाधित हो गया है। बाढ़ का पानी चादरघाट, शंकरनगर, मूसारामबाग और रसूलपुर जैसे निचले इलाकों में घुस गया था। हाइड्रा टीम ने तुरंत कार्रवाई की और मूसारामबाग पुल पर सफाई अभियान शुरू किया। जमा हुए मलबे, जिसमें कचरा, प्लास्टिक कचरा और अन्य सामान शामिल था, को लगातार हटाने के लिए दो जेसीबी और टिपर लगाए गए।



बिहार सहयोग समिति द्वारा दुर्गा मंदिर इंदिरा नेहरु नगर मलकाजगिरी में पूर्व सैनिक राजेश्वर भगत द्वारा झंडा फहरा कर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर महासचिव सागर भगत, पंकज यादव, जैन्त यादव, आंनद गुप्ता, लल्लन मिश्रा, बिनोद यादव, मुन्ना भगत, बिकास यादव, गोपाल भगत, अखलेश भगत, अशोक भगत, सुनील ठाकुर, राकेश रजक, अनील ठाकुर, बुनी भगत एवं भारी मात्रा में बच्चों ने भाग लिया।

## सीरवी समाज की नई कार्यकारिणी गठित



हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री आईमाता मंदिर भवन में सीरवी समाज जीडिमेटला में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें 6 पदाधिकारी एवं 19 एरिया सदस्य नियुक्त हुए।

प्रेस विज्ञप्ति में सचिव नारायणलाल बर्फा, प्रेम पंवार ने बताया कि चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी अशोक हाम्बड़ एवं जगदीश सोलंकी ने निभायी। सर्वप्रथम आईमाता मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारियों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रावतराम बर्फा, उपाध्यक्ष 1 सोहनलाल परिहार, उपाध्यक्ष 2 दुर्गाराम मुलेवा, सचिव प्रेम पंवार, सहसचिव मंगलराम पंवार, कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग शामिल हैं। पदाधिकारी एवं एरिया सदस्य का विशेष सम्मान किया गया।

अध्यक्ष रावतराम बर्फा ने आभार जताया। सचिव नारायणलाल बर्फा ने बताया कि आगामी कार्यकाल के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को भादवा सुदी दूज, 25 अगस्त को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी जायेगी। अध्यक्ष मांगीलाल काग सचिव नारायणलाल बर्फा, ने नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं चुनाव अधिकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने पर शुभकामनाएं दीं। उपस्थित समस्त समाज बंधुओं का अध्यक्ष मांगीलाल काग ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



पारसीगुटा स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज बन्धुओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, उपाध्यक्ष मूलाराम चोयल, रमेश पंवार, सचिव नारायणलाल काग, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, सलाहकार जसवन्त देवड़ा, मनोनित सदस्य रामलाल परिहार, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबूराम पंवार,



करमनघाट स्थित श्री आईमाता मंदिर में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, उपाध्यक्ष भाणाराम वरपा, चेनाराम सिन्दड़ा, सचिव पुखराज चोयल, सहसचिव गजाराम सैंणचा, सहकोषाध्यक्ष मंगलाराम परिहार, खेल मंत्री धनराज वरपा, मीडिया प्रभारी गोविन्द पंवार, सलाहकार मगाराम परिहार, वेनाराम वरपा, हंसाराम आगलेचा, व समाज बन्धु।



स्वतंत्रता दिवस पर मर्केट समिति बोइनपल्ली के कार्यालय में झंडा वन्दन कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष आनंद बाबू, उपाध्यक्ष डी.वी. देवेंद्र, सेलेक्शन ग्रेड सचिव वेंकन्ना, एएमसी बोइनपल्ली के सरकारी सलाहकार सदस्य ए. गौतम जैन, मार्केटिंग अधिकारीगण सत्यनारायण, खाजा साहब एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।



बंडलागुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर प्रांगण में सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन समाज बन्धुओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष वेनाराम चोयल, उपाध्यक्ष धनाराम देवड़ा, चुन्नीलाल पंवार, छोगालाल गेहलोत, सचिव प्रकाश सेपटा, सहसचिव मोहनलाल चोयल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मणराम परिहार, सहकोषाध्यक्ष स्वरुपराम पंवार, सलाहकार जगदीश प्रसाद काग, देवाराम आगलेचा, खंगारराम सेपटा, डायाराम सोलंकी व अन्य।

## मेदक और संगारेड्डी में भारी बारिश

मेदक, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में मेदक और संगारेड्डी जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। मेदक के चिलिपेड़ मंडल में 146 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो इस मौसम में जिले में सबसे ज़्यादा है, जबकि संगारेड्डी के वटपल्ली मंडल में 135 मिमी बारिश हुई। मेदक के बुजारमपेट गांव में 109 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि पूर्ववर्ती मेदक जिले में पिछले सप्ताह से लगातार बारिश हो रही थी।

## बस दुर्घटना में 3 लोगों की मौत

महबूबनगर, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार सुबह जडचेरला मंडल के माचाराम में एक पुल पर एक निजी बस ने एक लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस चालक और दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ जब कडप्पा से हैदराबाद जा रही बस एक लॉरी से टकरा गई। मृतकों में बस चालक और कुकटपल्ली निवासी लक्ष्मी देवी और राधिका शामिल हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे

निविदा सं.जीटीएल-इएम-24-2025-26 दि.13-8-2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.जीटीएल-इएम-24-2025-26, कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजन-चित्तूर तथा कडप्पा स्टेशन बिल्डिंग्स पर लिफ्ट्स का प्रावधान एवम् मदनपल्ले रोड, पिलेरु व कदिरी रेलवे स्टेशनों के फूट ओवर पुलों या ब्रिजेस (लिफ्ट्स पोर्शन) पर तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागत रू. 2,74,32,516.00

बंद करने की तिथि एवं समयः 3-9-2025 के 15.00 बजे

टेन्डर बिड्डींग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुध्दिपत्र, यदि कोई हो तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदाकारों द्वारा निविदा दस्तावेज को, निःशुल्क रूप में http://www.ireps.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

नोटः इस ई-निविदा में सहभागिता/बोली में भाग लेने के लिए निविदाकार के पास वैध डीएससी (डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल

निविदा सूचना सं.33/2025 दि.14-08-2025

भंडारण मदों की आपूर्ति = ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचनाः-

निम्न निविदाओं को आनलाइन पर प्रदर्शित किया गया है। निविदाकारों से अनुरोध है कि, वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर जाएं तथा अपने आफर्स को आनलाइन में प्रस्तुत करें। निविदा कार्य विवरण, मात्रा, पूधरा, एसडी को तत्संबंधित उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। मैन्युएल रूप से प्रस्तुत आफर्स अस्वीकार होंगे। डाक द्वारा प्रेषित आफर्स पर भी विचार नहीं किया जायेगा। तत्संबंधित निविदा की तय तिथि की बंद करने का समय 14.30 बजे है। सभी स्वदेशी प्रस्तावों की पूर्व धरोहर राशि को केवल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध, आनलाइन सिस्टम द्वारा स्वीकार किया जायेगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 52255010e | इलेक्ट्रिक लोकोज हेतु आयपी आधारित वीडियो सर्वेल्लन्स सिस्टम |
| 52255011 | डिजेल लोकोमोटिव्ज हेतु आयपी आधारित वीडियो सर्वेल्लन्स सिस्टम |
| 38251020 | बीओएक्सएनएचएल वैगान्स हेतु फ्लैप डोर |
| एलएच256475 | टीपीयु रिन्स का सेट |
| एलएच256476 | टीपीयु रिन्स का सेट |
| एलएच 255610बी | कम्प्युटराइज्ड सेर्वो हाइड्रालिक रब्बर ब्रश |
| एलएच256477 | टीपीयु रिन्स का सेट |
| 31.25.2183 | बाल एवं साकेट एन्ड्स सहित इंस्टाल्लेशन लिवर एस्सेम्बली |
| 52245035e | रेल संचालनार्थ रेल से जुडा उपकरण |
| 54255012 | स्वचालित टिकेट वेन्डिंग मशीन्स |
| 29251412 | प्राइमरी एक्सल डैम्पर |
| 6025 पीटी027 | एम-27तथाएम-25साइजों हेतु सिंगलस्प्रीन्ग इन्सर्टेड रियुजेबुल सीज नट |
| 29251413e | सेकण्डरी वेर्टिकल डैम्पर |
| 56.25.5235 | एसएमपीएस आधारित इन्टिग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम |
| 67245019 | डिजाइन,मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टाल्लेशन कमीशनींग व प्रूवआउट15/05टी |
| 82250237e | (पीएच.नं.25160)ओएसआयएमइआरटी आयएनआयबी 80एमजी टैब/कैप से जुडे एचक्यू एमइडी जीटीई जेडआरसी की आपूर्ति |
| 82250369 | (पीएच.नं.65214) आयबीआरयुटीआयएनआयबी 140एमजी टैब कैप से जुडे एचक्यू एमइडी जीटीई जेडआरसी की आपूर्ति |
| 30253628 | नान-एस्बेस्टास आधारित के टाइप हाय फ्रिक्शन कम्पोजिट ब्रेक ब्लाक |
| 60256978 | जागल्ड फिश प्लेट टी 5849 की प्रोक्योरमेंट |
| 67255007 | 30/10 टन क्षमतायुक्त इओटी क्रेन की आपूर्ति इंस्टाल्लेशन, कमीशनींग |
| 67245006e | डिजाइन,मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई,इंस्टाल्लेशन कमीशनींग व प्रूवआउट15/05टी |
| 60256836 | ईआरसी-जे डीआरजी. टी-8258 की प्रोक्योरमेन्ट |

नोटः निविदा खोलने की निर्धारित तिथियां- क्रम सं. 01 व 02 दि.25-08-2025, क्रम सं. 03 दि.28-08-2025, क्रम सं. 04 दि.01-09-2025, क्रम सं. 05 व 06 दि.02-09-2025, क्रम सं. 07 से 09 दि.03-09-2025, क्रम सं. 10 व 11 दि.04-09-2025, क्रम सं. 12 दि.08-09-2025, क्रम सं. 13 दि.09-09-2025, क्रम सं. 14 से 17 दि.10-09-2025, क्रम सं. 18 से 21 दि.15-09-2025, क्रम सं. 22 दि.16-09-2025

उपरोक्त निविदाओं के अतिरिक्त,रु.50 लाख से अधिक मूल्य की अन्य निविदाएं भी उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी हेतु कृपया उपरोक्त रेलवे वेबसाइट देखें।

-प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/दमरे/सिकंदराबाद

सं. एनडब्ल्यू/148/डब्ल्यू।।।/निविदा सूचना/2025-26 दि.14-08-2025

इण्डियन रेलवेज ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पर निम्न निविदा कार्यों की अपलोडिंग की गयी है। निविदा के विवरण को पहले ही www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

क्रम सं.1, निविदा सं. टी-202526-2-050, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.69122606.77, पूर्व धरोहर राशि-पूधराः रु.4,95,600.00, कार्य पूरा करने की अवधिः बारह महिने, कार्य विवरणः एमयुइ-पीएमकेटी सेक्शनः आरएच गिर्डर सहित एयर पुशिंग पध्दति द्वारा किनवट-अम्बारी स्टेशनों के बीच 117/6-7 किमी पर एलसी नं. 12 के स्थान पर, एडीशनल वेन्ट का प्रस्तावित निर्माण कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य

क्रम सं.2, निविदा सं. टी-202526-2-051, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.1987200.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधराः रु.39,800.00, कार्य पूरा करने की अवधिः छत्तीस महिने, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजनः तीन वर्ष की अवधि के लिए, एमएमआर -एमयुइ सेक्शन में किमी 356/6-10(7x24.38+2x9एम पीएससी गिर्डर) के रेलवे पुल सं. 361 एवम् एमयुइ--पीएमकेटी सेक्शन में किमी 153/4-6 (4x12.20एम स्टील गिर्डर ब्रिज) की रेलवे पुल सं.188 तथा किमी 178/5-179/1 (23x20.00एम पीएससी गिर्डर) की रेलवे पुल सं. 228 एवम् एमएमआर -एमयुइ सेक्शन में किमी 369/9-370/0 की रेलवे पुल सं. 368 पर, मौजूदा वाटर लेवल मानिटरिंग सिस्टम्स का रखरखाव तथा तकनीकी समर्थन कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य

क्रम सं.3, निविदा सं. टी-202526-2-052, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.76328511.96, पूर्व धरोहर राशि-पूधराः रु.53,1700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः बारह महिने, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजनः शिवनी शिवापूर गुड्स शेड पर 650x11स्के.मी. के समस्त मौसम या वेदर सीओपी का प्रावधान। निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य

क्रम सं.4, निविदा सं. टी-202526-2-053, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.253840568.67, पूर्व धरोहर राशि-पूधराः रु.1419200.00, कार्य पूरा करने की अवधिः अठारह महिने, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजनः अदिलाबाद, किनवट, हिमायतनगर, भोकर व वाशीम स्टेशनों पर सभी प्लाटफार्म्स की समस्त लम्बाई को ढकने के लिए, कवर ओवर प्लाटफार्म का विस्तार कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य

क्रम सं.1, निविदा सं. टी-202526-2-050, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख से अधिक मूल्य का) -बाक्स पुशिंग/पाइन जैकिंग टेक्नीक से जुडे पुल निर्माण कार्य या कास्टिंग से जुडा पुल कार्य तथा पीएससी स्लैब/पीएससी गिर्डर/पीएससी बाक्स की लांचिंग से समाविष्ट से संबंधित कोई भी सिवील अभियांत्रिकी कार्य।

क्रम सं.2, निविदा सं. टी-202526-2-051, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख से अधिक मूल्य का)

क्रम सं.2, निविदा सं. टी-202526-2-052, टी-202526-2-053, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख से अधिक मूल्य का) -फैब्रिकेशन/इरेक्शन/ स्ट्रक्चरल स्टील कार्यों की लांचिंग से समाविष्ट से संबंधित कोई भी सीविल अभियांत्रिकी कार्य। टिप्पणीः तत्समान अनुभव हेतु रिइनफोर्समेन्ट स्टील क्वान्टिटी पर विचार नही किया जायेगा।

उपरोक्त निविदा दि.12-09-2025 के 15.00 बजे बंद होगी।

A1216 एसआर. डीइएन/को-आर्ड./नांदेड

निविदा नियम शर्ते/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# दूरस्थ इलाकों में खेलों के प्रचार का लक्ष्य : पीएम मोदी

## राष्ट्रीय खेल नीति से होगी मदद



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह देश के दूर दराज के इलाकों में खेलों को बढ़ावा देना चाहते हैं और हाल ही में स्वीकृत राष्ट्रीय खेल नीति 2025 से इस लक्ष्य को पाने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लालकिले से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, 'हम दूर दराज के इलाकों में खेलों का प्रचार प्रसार करना चाहते हैं। राष्ट्रीय खेल नीति से इसमें मदद मिलेगी।' प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को पिछले महीने मंजूरी दी थी। यह देश के खेल परिदृश्य को नए सिरे से तैयार करने और खेलों के जरिये नागरिकों के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। नई नीति ने 2001 की राष्ट्रीय खेल नीति की जगह ली है। यह भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने और 2036 ओलंपिक समेत बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का मजबूत दावेदार बनाने के लिये दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप तैयार करती है। एनएसपी 2025 का लक्ष्य देश में मजबूत और समावेशी खेल 'इकोसिस्टम' तैयार करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें बहुत प्रसन्नता होती है जब माता पिता अपने बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा, 'देश के विकास में खेलों की बड़ी भूमिका है और मुझे खुशी है कि आज बच्चे खेलों में रूचि लेते हैं तो माता पिता को गर्व महसूस होता है।मेरा मानना है कि देश के भविष्य के लिये यह बहुत अच्छा संकेत है।' उन्होंने कहा कि सरकार की खेलो भारत नीति देश में खेलों के क्षेत्र में मजबूत विकास को सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'खेलों को बढ़ावा देने के लिये कई दशक बाद हमने खेलो भारत नीति शुरू की जिसका लक्ष्य खेल के क्षेत्र में विकास सुनिश्चित करना है। स्कूली स्तर से ओलंपिक तक हमारा लक्ष्य देश में खेलों का संपूर्ण और मजबूत विकास करना है।' उन्होंने कहा, 'मैं आपसे फिटनेस के संबंध में एक चिंता भी साझा करना चाहता हूं। देश में मोटापा एक बड़ी समस्या है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले वर्षों में हर तीन में से एक व्यक्ति इसका शिकार होगा। हमें इस खतरे से खुद को बचाना है।' एनएसपी आने के कुछ सप्ताह बाद ही खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कई वर्षों से लंबित राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भी संसद में पारित कराने पर जोर दिया और पारित कराया। यह विधेयक राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये एक सख्त नियामक ढांचे और सुपरिभाषित विवाद समाधान प्रणाली सुनिश्चित करता है। भारत को ओलंपिक में प्रदर्शन अभी तक औसत रहा है और टोक्यो ओलंपिक 2021 में एक स्वर्ण समेत सात पदक ही अब तक खेलों के इस महासमर में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# किन्नौर की बेटी श्रुति ने लहराया परचम, थाईलैंड में जीता कांस्य



रिकांगपिओ (किन्नौर), 15 अगस्त (एजेंसियां)। किन्नौर जिले की चांसू गांव की बेटी श्रुति ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। श्रुति ने बैंकॉक में 1 से 12 अगस्त तक आयोजित यूथ अंडर-22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 75 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता है। इससे पहले श्रुति ने पुणे में आयोजित ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की थी। उनके दमदार खेल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है।

श्रुति के बेसिक कोच ओपिंद्र सिंह हैं और श्रुति अब सांगला से 5वीं अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज बनी हैं। श्रुति जेएसडब्ल्यू के शिखर प्रोग्राम की ओर से समर्थित बॉक्सर हैं, जो उन्हें खेल संबंधी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है। जेएसडब्ल्यू परियोजना प्रमुख कौशिक मौलिक ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। श्रुति की माता सीता देवी ने बेटी की सफलता पर गर्व जताया है। इससे पहले भी वह 6ठी यूथ महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में कांस्य पदक और आरईसी कंबाइंड नेशनल टैलेंट हंट इंटर जोन 2024 में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

# भारतीय खिलाड़ियों ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं

## सचिन ने लिखा-जय हिंद, रोहित ने तिरंगे के साथ फोटो पोस्ट की



स्पोर्ट्स डेस्क, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारत आज अपनी आजादी की 79वीं सालगिरह मना रहा है। 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिली थी। इस बीच भारतीय खिलाड़ियों ने स्वतंत्रता दिवस पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए देश की आजादी का जश्न मनाया। सचिन तेंदुलकर ने फोटो पोस्ट कर लिखा, स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं, जय हिंद। वहीं, रोहित शर्मा ने तिरंगे के साथ फोटो पोस्ट की।

**गंभीर ने लिखा-मेरा देश, मेरी पहचान**

भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने एक्स पर पांच नंबर की जर्सी पहने एक फोटो शेयर की और लिखा- मेरा देश, मेरी पहचान, मेरी जिंदगी, जय हिंद। सोशल मीडिया पर गौतम गंभीर की ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है और हजारों लोग इसे लाइक कर चुके हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने एक्स पर तिरंगे की फोटो शेयर कर पोस्ट लिखा, इस स्वतंत्रता दिवस पर, आइए उन अनगिनत बलिदानों को याद करें जिनके कारण हमें आजादी का तोहफा मिला। आइए, हम हर दिन एक उज्ज्वल और मजबूत भारत के निर्माण के लिए प्रयास करें जिस पर हमारी आने वाली पीढ़ियां गर्व करें। आपको स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं, जय हिंद। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने एक्स पर एक फोटो शेयर की और लिखा- सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। हमारी आजादी कड़ी मेहनत से मिली है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसे जीवित रखें - भावना से, कर्म से और एकता से, जय हिंद।

# एएफआई ने महिला एथलीट के लिए अनिवार्य एसआरवाई जीन जांच शुरू की

## विश्व एथलेटिक्स ने दिया था निर्देश

नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के ताजा निर्देश के अनुसार आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला खिलाड़ियों को एसआरवाई जीन जांच से गुजरना होगा। विश्व चैंपियनशिप 13 सितंबर से तोक्यो में आयोजित होने वाली है।

एसआरवाई (लिंग निर्धारण क्षेत्र वाई) जीन जांच मुख्य रूप से एसआरवाई जीन की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान करने के लिए की जाती है जो भ्रूण के विकास के दौरान पुरुष लिंग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस साल 30 जुलाई को विश्व एथलेटिक्स ने विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा रखने वाली सभी खिलाड़ियों के लिए एसआरवाई जीन के लिए जीवन में एक बार होने वाली जांच अनिवार्य कर दी थी जो जैविक लिंग निर्धारण के लिए एक विश्वसनीय तरीका है। विश्व एथलेटिक्स ने कहा था कि यह जांच 'चीक स्वैब' या रक्त जांच के माध्यम से की जानी है जो भी अधिक सुविधाजनक हो। एएफआई ने अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 13 अगस्त को इस संबंध में अपनी सभी संबद्ध इकाइयों को एक नोटिस भेजा। एएफआई ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि वह विश्व एथलेटिक्स के निर्देश का पालन कर रहा है। एएफआई ने कहा, 'आपको सूचित किया जाता है कि विश्व एथलेटिक्स ने उन खिलाड़ियों के लिए एसआरवाई जीन जांच शुरू की है जो महिला वर्ग में विश्व रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहती हैं।'

इसमें कहा गया, 'इस संबंध में यह उल्लेख करना उचित है कि जापान के तोक्यो में 2025 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए योग्यता मानकों को पूरा करने वाली सभी महिला एथलीटों को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के परामर्श से एसआरवाई जीन जांच करवानी होगी।'

# सीपीएल 2025 : सेंट किट्स ने एंटिगुआ एंड बरबुडा फॉल्कंस को 6 विकेट से हराया

स्पोर्ट्स डेस्क, 15 अगस्त (एजेंसियां)। सीपीएल 2025 का पहला मुकाबला वर्नर पार्क में सेंट किट्स और एंटिगुआ एंड बरबुडा फॉल्कंस के बीच खेला गया। सेंट किट्स ने एंटिगुआ को 6 विकेट से हरा दिया। सेंट किट्स ने टॉस जीतकर एंटिगुआ को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। एंटिगुआ की बल्लेबाजी बेहद साधारण रही।

पूरी टीम 17.1 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। करिमा गोरे एकमात्र बल्लेबाज रहे, जिन्होंने 34 गेंद पर 8 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 61 रन की पारी खेली। फेबियन एलेन ने 12, शाकिब अल हसन और कप्तान इमाद वसीम ने 11-11 रन बनाए। ओवेड मैकॉय ने 6 गेंद पर नाबाद 10 रन बनाए। सेंट किट्स की तरफ से वकार सलामखिल ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट लिए। फजलहक फारूखी, नसीम शाह ने 2-2 विकेट लिए। काइल मायर्स और कप्तान जेसन होल्डर ने 1-1 विकेट लिए। 122 रन के मामूली लक्ष्य को हासिल करने उतरी सेंट किट्स की शुरुआत अच्छी रही। एविन लुईस और आंद्रे फ्लेचर ने पहले विकेट के लिए 3.4 ओवर में 36 रन बनाकर टीम को तेज और मजबूत शुरुआत दी। लुईस 25, फ्लेचर 19 रन बनाकर आउट हुए। काइल मायर्स ने 15 रन बनाए। एलिक अथांजे ने 28 गेंद पर नाबाद 37 रन और कप्तान जेसन होल्डर ने नाबाद 18 रन बनाए। दोनों के बीच 49 रन की साझेदारी हुई, जिसकी बदौलत सेंट किट्स ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन बनाकर मैच छह विकेट से जीता। बल्लेबाजी की तरह एंटिगुआ की गेंदबाजी भी प्रभावी नहीं रही। कप्तान इमाद वसीम किफायती रहे।

# शुभमन गिल और टीम इंडिया को रोहित शर्मा-विराट कोहली की जरूरत

## भारत के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना ने बताया अहम कारण



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। टी20 के बाद टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद अपने शानदार करियर के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली का अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर तलवार लटकी हुई है। हाल ही में संपन्न तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में रोहित और कोहली के बिना भारत ने टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया।

टेस्ट में नए कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वनडे क्रिकेट काफी होने के साथ विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए 2027 विश्व कप तक बने रहना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। रोहित 40 और विराट 39 साल के होंगे।

बड़ा सवाल यह है कि क्या भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और गौतम गंभीर की अगुआई वाली भारतीय टीम प्रबंधन दोनों को बैक करेगा? पहले ही रिपोर्ट्स आ गई हैं कि गिल को वनडे में कप्तान बनाया जा सकता है। रोहित को जल्द ही पद छोड़ने के लिए कहा जा सकता है। पांच महीने पहले,रोहित और कोहली ने यूएई में चैंपियंस ट्रॉफी में बेजोड़ प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के खराब दौरे की यादों को भुला दिया। रोहित ने न्यूजीलैंड पर विजयी फाइनल में शीर्ष स्कोरर बनकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 84 रनों की पारी खेलकर जीत दिलाई और पाकिस्तान के खिलाफ मैच जिताऊ शतक भी जड़ा।

रैना ने कहा, "उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी जीती है,उन्होंने विश्व कप जीते हैं। विराट ने पिछला आईपीएल भी जीता है।

### रोहित और विराट का अनुभव बहुत जरूरी

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सीमित ओवरों के क्रिकेट में अभी भी काफी योगदान दे सकते हैं। रैना का मानना है कि गिल और भारतीय टीम को रोहित और विराट की जरूरत है। रैना ने टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट को दिए एक इंटरव्यू में बताया, "भारत के पास इस समय नंबर 1 और नंबर 3 (वनडे में) का भरोसेमंद खिलाड़ी नहीं है। खासकर जब लक्ष्य का पीछा करने की बात हो। रोहित और विराट का अनुभव बहुत जरूरी है। सीनियर्स का जूनियर्स के साथ रहना बेहद जरूरी है। शुभमन (गिल) ने वाकई अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें विराट और रोहित जैसे खिलाड़ियों की जरूरत है।"

# कीमर ने एक दौर शेष रहते जीता चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स का खिताब

चेन्नई, 15 अगस्त (एजेंसियां)। जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक दौर शेष रहते ही चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। 20 वर्षीय कीमर ने सफेद मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के जोर्डन वैन फॉरेस्ट के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेला। अन्य नतीजों ने कीमर की टूर्नामेंट जीत सुनिश्चित की। कीमर के दबदबे ने उन्हें लाइव रेटिंग सूची में दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में भी पहुंचा दिया जिससे खेल के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका प्रवेश सुनिश्चित हो गया। कीमर ने रेटिंग में शीर्ष 10 में प्रवेश करने की बड़ी उपलब्धि बताया कीमर ने कहा, लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में प्रवेश करना बड़ी उपलब्धि है जिसे मैं लंबे समय से हासिल करना चाहता था और मुझे बहुत खुशी है कि आखिरकार मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई।

# 'धोनी ने टीम से बाहर किया, संन्यास लेना चाहता था'

## > वीरेंद्र सहवाग का चौंकाने वाला खुलासा



नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। वीरेंद्र सहवाग का शुमार भारतीय क्रिकेट इतिहास के महानतम सलामी बल्लेबाजों में होता है. सहवाग ने अपने करियर के दौरान तूफानी अंदाज में बैटिंग की. सहवाग का टेस्ट में स्ट्राइक रेट 82.23 रहा, जबकि ओडीआई में वीरू ने 104.33 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए. सहवाग ने वनडे वर्ल्ड कप 2011 में भारतीय टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वीरेंद्र सहवाग ने अब एक चौंकाने वाला खुलासा किया है. सहवाग ने कहा कि सचिन तेंदुलकर की एक सलाह के चलते ही वो 2011 के वनडे वर्ल्ड कप में भाग ले पाए. सहवाग ने कहा कि 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के दौरान महेंद्र सिंह धोनी ने उन्हें टीम से बाहर कर दिया था, जिसके बाद वो संन्यास लेने का मन बना चुके थे. वीरेंद्र सहवाग ने कमेंटेटर पद्मजीत सहवाग के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2007-08 की सीरीज में शुरुआती तीन मुकाबले खेले और फिर एमएस धोनी ने मुझे टीम से बाहर कर दिया. इसके बाद मुझे कुछ समय तक टीम में नहीं चुना गया. तब लगा कि अगर मैं प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं बन सकता, तो वनडे क्रिकेट खेलने का कोई मतलब नहीं है.' वीरेंद्र सहवाग कहते हैं, 'फिर मैं सचिन तेंदुलकर के पास गया और उनसे कहा कि मैं वनडे से रिटायर होना चाहता हूं. सचिन ने कहा कि उन्होंने भी 1999-2000 में ऐसा ही दौर देखा था और वो भी संन्यास लेने की सोच रहे थे, लेकिन वो दौर चला गया. सचिन ने मुझसे कहा कि भावुक होकर कोई बड़ा फैसला मत लो, 1-2 सीरीज का वक्त दो और फिर सोचो.'

2008 की ट्राई-सीरीज में वीरेंद्र सहवाग का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और उन्होंने पांच मैचों में 81 रन बनाए. वहीं, गौतम गंभीर ने 55 की औसत से 440 रन बनाए और वो उस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. सचिन तेंदुलकर ने 10 पारियों में 44.33 के एवरेज से 399 रन बनाए और वो सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर रहे. वो सीरीज भारतीय टीम ने अपने नाम की थी. देखा जाए तो सचिन तेंदुलकर की सलाह वीरेंद्र सहवाग के काफी काम आई.

# इंडिया-ए ने दूसरा विमेंस वनडे जीता

## ऑस्ट्रेलिया-ए को 2 विकेट से हराया, सीरीज पर कब्जा किया




स्पोर्ट्स डेस्क, 15 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई इंडिया-ए विमेंस टीम ने लगातार दूसरा वनडे जीत लिया है। टीम ने रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2 विकेट से हराया। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। भारत ने पहला वनडे 3 विकेट से जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 265 रन बनाए। जवाब में भारत ने एक बॉल शेष रहते 8 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत की ओर से यास्तिका भाटिया, राधा यादव और तनुजा कंवर ने अर्धशतक लगाए।

**एलिसा हीली ने 91 रन बनाए**

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिसा हीली ने सबसे ज्यादा 91 रन बनाए। किम गर्थ ने नाबाद 41 रन की पारी खेली। एला हेवर्ड ने 28 और राहेल ट्रेनमैन ने 24 रन का योगदान दिया। टीम इंडिया की ओर से मिन्नू मणि सबसे सफल बॉलर रहीं। उन्होंने 3 विकेट लिए। साइमा ठाकोर ने 2 विकेट झटके। टिटास साधु, तनुजा कंवर, प्रेमा रावत और राधा यादव को 1-1 विकेट मिला।

**भारत की ओर से तीन अर्धशतक लगे**

भारत की ओर से यास्तिका भाटिया ने 71 बॉल पर 66, राधा यादव ने 78 बॉल पर 60 और तनुजा कंवर ने 57 बॉल पर 50 की पारी खेली। प्रेमा रावत ने नाबाद 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जॉर्जिया प्रेस्टविज, एमी एडगर और एला हेवर्ड ने 2-2 विकेट लिए। किम गर्थ को एक विकेट मिला।

**ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज जीती**

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया-ए ने 3-0 से टी-20 सीरीज अपने नाम की थी। टीम ने पहला मैच 13 रन, दूसरा मैच 114 रन और तीसरा 4 रन से जीता था। दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज के बाद 21 अगस्त से इकलौता अनऑफिशियल टेस्ट भी होगा।

# सिनसिनाटी ओपन : ऑगर एलियासेम को हराकर जानिक सिनर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

सिनसिनाटी, 15 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने सिनसिनाटी ओपन पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सिनर ने कनाडा के ऑगर एलियासेम को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। जानिक सिनर ने दो सेट चले मैच में ऑगर एलियासेम को 6-0, 6-2 से हराया। ऑगर एलियासेम को सिनर के साथ मैच की शुरुआत में ही काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एलियासेम ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए।

इसका फायदा सिनर ने उठाया और सेट 6-0 से अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में 23वें वरीय खिलाड़ी एलियासेम ने 2-0 की बढ़त बनाई थी, लेकिन उनकी बढ़त बरकरार नहीं रह सकी। उन्होंने आठ डबल फॉल्ट किए और फिर लय नहीं पकड़ पाए। सिनर ने दूसरा सेट भी 6-2 से अपने नाम किया। यह हार्ड कोर्ट पर सिनर की लगातार पच्चीसवीं जीत थी। रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और एंडी मरे भी ऐसा कर चुके हैं। एटीपी के मुताबिक, सिनर ने हार्ड कोर्ट पर अपना आखिरी मैच बीजिंग फाइनल में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ गंवाया था। सिनर एटीपी फाइनल्स 2024 और ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के भी विजेता रहे। विंबलडन का खिताब जीतने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सिनर का इस सीजन में रिकॉर्ड 30-3 है। अब उनका अगला मुकाबला फ्रांसीसी क्वालीफायर टेरेंस एटमाने से होगा। एटमाने ने होल्गर रुन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। एटमाने ने गुरुवार शाम 6-2, 6-3 से रुन को सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एटमाने ने 332,160 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि अर्जित की है। उन्होंने इस सीजन के लिए 310,376 अमेरिकी डॉलर के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया था।

# भारत के आगे शर्मनाक है पाकिस्तान का टी20 रिकॉर्ड


नई दिल्ली, 15 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। टी20 फॉर्मेट में यह टूर्नामेंट तीसरी बार खेला जाएगा। पूर्व में 2016 और 2022 में टी20 फॉर्मेट में एशिया कप का आयोजन हुआ है। भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी टूर्नामेंट की तरह एशिया कप में भी कड़ी टक्कर देखने को मिलती है। आगामी टूर्नामेंट में भी दोनों टीमें 14 सितंबर को भिड़ने वाली हैं। भारत और पाकिस्तान की टीमें जिस भी टूर्नामेंट में खेलें और दुनिया के किसी भी वेन्यू पर मैच हो, इस पर दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजर रहती है।

# कौशल और खेल विश्वविद्यालय अपनी 'दो आँखें' : मुख्यमंत्री



79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह गोलकोंडा





हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी और यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी उनकी दो आँखें हैं और ये संस्थान तेलंगाना के भविष्य को आकार देने में अद्वितीय भूमिका निभाएंगे। रेवंत रेड्डी ने कहा, ये दोनों संस्थान भावी पीढ़ियों के लिए आधारशिला का काम करेंगे। तेलंगाना देश के खेल इतिहास में एक विशिष्ट स्थान रखता है और हम इसे देश में खेलों का केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस के समारोह के दौरान प्रतिष्ठित गोलकोंडा किले से बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना ने देश के खेल इतिहास में एक विशेष अध्याय कायम रखा है और राज्य सरकार ने तेलंगाना को देश का खेल केंद्र बनाने की ज़िम्मेदारी ली है। राज्य सरकार ने शीर्ष खिलाड़ियों को तैयार करने और अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के उद्देश्य से एक नई खेल नीति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि 'यंग इंडिया फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ तेलंगाना' की स्थापना का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि राज्य सरकार ने इस विश्वविद्यालय के प्रबंधन के लिए कोरियाई राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और साथ ही, वह शिक्षा और कौशल के विकास के लिए यंग इंडिया स्कूल और एक विश्वविद्यालय भी स्थापित कर रही है। हर निर्वाचन क्षेत्र में 25 एकड़ भूमि पर यंग इंडिया स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं ताकि सभी क्षेत्रों के छात्र सभी सुविधाओं के साथ अध्ययन कर सकें। ये संस्थान भारत के शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। पहले से ही 15,600 करोड़ रुपये की लागत से 78 स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के विकास पर 39,575 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। हम शिक्षा पर किए गए व्यय को व्यय नहीं, बल्कि निवेश मानते हैं।

## बानकाचेरला निर्माण को लेकर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों के बीच तीखी बहस

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, दो तेलुगु राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच मौखिक विवाद उत्पन्न हो गया। हैदराबाद और विजयवाड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायुडू ने गोदावरी और कृष्णा नदी के जल के उपयोग को लेकर आलोचनाओं का आदान-प्रदान किया। चंद्रबाबू नायुडू ने बानकाचेरला परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि वह इस मुद्दे पर पीछे नहीं हटेंगे।

जवाब में, रेवंत रेड्डी ने जोर देकर कहा कि कृष्णा और गोदावरी के जल पर राज्य के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रेवंत रेड्डी ने गोलकुंडा किले में नायुडू की टिप्पणी का कड़ा खंडन करते हुए जोर देकर कहा कि दोनों राज्यों के बीच जल आवंटन के संबंध में कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार अपने वाजिब हिस्से को प्रभावी ढंग से सुरक्षित करने के लिए एक रणनीतिक योजना लागू करेगी। कोई चाहे कितनी भी कोशिशें करे, हम उन कोशिशों को नाकाम कर देंगे। हम किसी भी हालत में इन साजिशों को तोड़ेंगे और तेलंगाना को पानी का हिस्सा दिलाएंगे। तेलंगाना की सभी जरूरतें पूरी होने के बाद, हम दूसरे राज्यों को भी पानी देंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि तेलंगाना कृष्णा और गोदावरी के जल में अपना हिस्सा सुरक्षित कर लेगा। इस बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायुडू ने परोक्ष रूप से तेलंगाना से पूछा कि वे जिस बानकाचेरला नदी के निर्माण की योजना बना रहे हैं, उसमें क्या समस्या है। चंद्रबाबू ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना से किसी भी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा।

उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए कहा कि बानकाचेरला परियोजना के निर्माण पर किसी को आपत्ति करने की जरूरत नहीं है। बानकाचेरला परियोजना के निर्माण से हम केवल उस पानी का उपयोग करेंगे जो समुद्र में बर्बाद हो जाता है। हम ऊपरी राज्यों से आने वाले बाढ़ के पानी से होने वाले नुकसान को झेल रहे हैं। उसी बाढ़ के पानी के उपयोग पर आपत्ति क्यों की जा रही है? मैं सवाल करता हूं कि क्या हमें बाढ़ तो झेलनी चाहिए लेकिन उस पानी का उपयोग नहीं करना चाहिए।

## रेवंत ने बीआरएस सरकार तेलंगाना पर 8.21 लाख करोड़ रुपये का कर्ज थोपने का आरोप लगाया

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने पिछली बीआरएस सरकार पर कांग्रेस सरकार को 8.21 लाख करोड़ रुपये का कर्ज सौंपने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रतिष्ठित गोलकुंडा किले से बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने तेलंगाना को बढ़ते कर्ज और 8,21,652 करोड़ रुपये के बकाया के साथ छोड़ दिया था, जब जनता की सरकार सत्ता में आई थी। रेवंत रेड्डी ने कहा, इनमें से 6.71 लाख करोड़ रुपये कर्ज हैं और 40,153 करोड़ रुपये कर्मचारियों के भुगतान और अन्य योजनाओं से संबंधित हैं। 1,09,740 करोड़ रुपये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति उपयोजना, सिंगरेनी, बिजली और अन्य विभागों के बकाया हैं। पिछले 20 महीनों में, कांग्रेस सरकार ने कुल कर्ज में से 2.20 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जिसमें 1.32 लाख करोड़ रुपये मूलधन और 88,178 करोड़ रुपये ब्याज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय बोझ के बावजूद, राज्य सरकार राज्य को शून्य से शीर्ष स्तर तक ले जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और राष्ट्रपिता गांधीजी और नए भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रेरणा और जनता के सहयोग से आगे बढ़ रही है। मैं इस कहावत में दृढ़ता से विश्वास करता हूं- 'जहां चाह, वहां राह'। हमारे पास चाह है... हमारे पास एक विज़न है। तेलंगाना उदय- 2047 हमारा विज़न है। इस सरकार का मिशन उस विज़न को साकार करना है। हमारा विज़न लोगों के समर्थन और पूरे साहस के साथ तेलंगाना को विश्व मंच पर नंबर एक के रूप में स्थापित करना है। हम तब तक आराम नहीं करेंगे।

## यह आज़ादी अनेकों के बलिदानों की देन है : सुधीर बाबू

**पुलिस आयुक्त ने अंबरपेट मुख्यालय में तिरंगा झंडा फहराया**

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आज, 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, रचकोंडा पुलिस आयुक्त सुधीर बाबू ने अंबरपेट मुख्यालय में तिरंगा झंडा फहराया। बाद में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि पुलिस देश के लोगों की रक्षा कर रही है और उनका बलिदान अविस्मरणीय है। उन्होंने पुलिस से लोगों को सच्ची आज़ादी प्रदान करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को पिछले वर्ष प्राप्त लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, अधिक ज़िम्मेदारी से आगे बढ़ने की याद दिलाई। उन्होंने पुलिस कर्मियों को याद दिलाया कि भारत की आज़ादी का कारण अनेक महान लोगों का बलिदान था। उन्होंने उस अवसर की याद दिलाई जब तेलंगाना राज्य पुलिस के जवान देश को गौरवान्वित कर रहे हैं और सभी क्षेत्रों में विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में डीसीपी एलबी नगर प्रवीण कुमार आईपीएस, एसओटी डीसीपी रमना रेड्डी, ट्रैफिक डीसीपी- 1 मनोहर, ट्रैफिक डीसीपी- 2 श्रीनिवासुलु, महिला सुरक्षा डीसीपी उषा रानी, डीसीपी साइबर क्राइम नागलक्ष्मी, डीसीपी मुख्यालय श्यामसुंदर, अतिरिक्त डीसीपी और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## साइबराबाद पुलिस ने मोइनाबाद फार्महाउस पर मारा छापा

**ड्रग और शराब बरामदगी के मामले में 51 से अधिक मेहमानों को लिया हिरासत में**

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने शुक्रवार तड़के रंगारेड्डी जिले के मोइनाबाद के बाकारम में एक फार्महाउस पर छापा मारा, जहां एक जन्मदिन पार्टी का भंडाफोड़ हुआ, जिसमें 51 से अधिक मेहमान शामिल हुए थे, जिनमें से ज्यादातर अफ्रीकी देशों, मुख्य रूप से नाइजीरिया से थे।

गुरुवार शाम को शुरू हुए इस समारोह में कथित तौर पर विदेशी शराब और नशीले पदार्थों का सेवन किया गया था।

कार्रवाई के दौरान, अधिकारियों ने मेहमानों के नशीले पदार्थों के सेवन की जांच की। अब तक जिन तीन महिलाओं का परीक्षण किया गया, उन सभी के मारिजुआना सेवन की पुष्टि हुई। साइबराबाद विशेष अभियान दल (एसओटी) सहित लगभग 100 कर्मी मेहमानों की पहचान और परिचय-पत्र की पुष्टि कर रहे हैं। विदेशी नागरिकों की वीज़ा स्थिति की पुष्टि के लिए आव्रजन अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है।




## हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने इस्कॉन जन्माष्टमी कार्यक्रम के लिए की यातायात परिवर्तन की घोषणा

हैदराबाद, 15 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद यातायात पुलिस ने इस्कॉन मंदिर में 'भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव' के सिलसिले में 16 अगस्त को सुबह 4 बजे से रात 11 बजे तक आबिड्स रोड क्षेत्र और आसपास के मार्गों पर यातायात परिवर्तन की घोषणा की है।

इन मार्गों से बचें : यूसुफ एंड कंपनी, जवाहरलाल नेहरू रोड, एबिड्स सर्कल, पुराना हैदराबाद कलेक्टर कार्यालय, चिराग अली, नामपल्ली स्टेशन रोड।

डायवर्जन : गनफाउंड्री और तिलक रोड से नामपल्ली स्टेशन रोड की ओर जाने वाले यातायात को जीपीओ जंक्शन पर एमजे मार्केट की ओर मोड़ दिया जाएगा।

जामबाग रोड और एसए बाजार मस्जिद से जीपीओ जंक्शन की ओर जाने वाले यातायात को एमजे मार्केट से गांधी भवन और चैपल रोड होते हुए मोड़ दिया जाएगा।

नामपल्ली से कोटि बैंक स्ट्रीट की ओर जाने वाले वाहन एचपी पेट्रोल पंप, एसीबी लेन, यूसुफ एंड कंपनी, ट्रूप बाजार, कोटि बैंक स्ट्रीट जाएंगे। भाजपा राज्य कार्यालय से यातायात को एबिड्स ट्रैफिक जंक्शन से एमजे मार्केट रोड की ओर मोड़ दिया जाएगा।

पार्किंग : इस्कॉन मंदिर आने वाले भक्त प्रदर्शनी मैदान, नामपल्ली में पार्क कर सकते हैं।

मोटर चालकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है तथा सहायता के लिए वे 9010203626 पर यातायात हेल्पलाइन पर कॉल कर सकते हैं।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.